सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 11 मई, 2026 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 127, पेज 12, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com



## कंपनियों की पूंजी एक लाख करोड़ घटी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण में एक लाख करोड़ से अधिक की गिरावट आई है। } 10

## एफटीए के बेहतर के उपायों पर चर्चा गोयल ने की चर्चा

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग संगठनों, कारोबारियों और निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी) के साथ कई बैठकें कर एफटीए के बेहतर के उपायों पर चर्चा की है। } 10

# यूपी में कृष्णावतारम् टैक्स फ्री

## लोकभवन सभागार में फिल्म देखने के बाद मुख्यमंत्री ने की घोषणा

**विशेष संवाददाता**



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिल्म कृष्णावतार को उत्तर प्रदेश में टैक्स फ्री कर दिया है। रविवार को मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद राज्यपाल आनंदीबेन व सीएम योगी ने दोनों उप मुख्यमंत्री, मंत्रीगण और जनप्रतिनिधियों ने एक साथ यह फिल्म देखी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने इसे टैक्स फ्री करने को घोषणा की।

राजधानी स्थित लोकभवन सभागार उस समय पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में डूब गया, जब फिल्म कृष्णावतारम्‌ की विशेष स्क्रीनिंग के दौरान ह्लकृष्णा कृष्णा, राधे राधेह्व के जयघोष से पूरा सभागार गूंज उठा। इस दौरान सभागार खचाखच भरा रहा और फिल्म को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। इस दौरान सीएम योगी ने मंच पर कलाकारों का सम्मान भी किया। फिल्म कृष्णावतारम में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन को मानवीय दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया है। फिल्म में द्वापर युग, भारतीय पुरातन संस्कृति और सनातन परंपरा के विभिन्न आयामों को भव्यता के साथ दर्शाया गया है। फिल्म की सबसे खास बात यह रही कि इसमें भगवान कृष्ण के साथ राधा, रुक्मिणी और सत्यभामा की प्रेम कथाओं को अलग-अलग स्वरूपों में प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वृंदावन ...शेष पृष्ठ 10 पर

# मोदी ने तेलंगाना को दी 9400 करोड़ की सौगात

## परजीवी कांग्रेस का लोगों के साथ विश्वासघात जगजाहिर : प्रधानमंत्री

**एजेंसी**



हैदराबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को हैदराबाद के एचआईसीसी में डिजिटल माध्यम से तेलंगाना में लगभग 9,400 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया। इस अवसर पर तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी और कई अन्य नेता हैदराबाद अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र (एचआईसीसी) में उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस को निशाना बनाते हुए उस पर कर्नाटक में आंतरिक सत्ता संघर्ष के कारण सुशासन प्रदान करने में विफल रहने और जनता के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया।


मोदी ने कई परियोजनाओं की आधारशिला रखीं, जिसमें हैदराबाद-पणजी आर्थिक गलियारे पर गुडेबेल्लूर से महबूबनगर तक राष्ट्रीय राजमार्ग-167 को चार लेन बनाना शामिल है। उन्होंने रेलवे की काजीपेट-विजयवाड़ा मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना के विभिन्न खंडों, हैदराबाद में ग्रीनफील्ड पीओएल (पेट्रोलियम, तेल, लुब्रिकेंट्स) टर्मिनल, काजीपेट रेल अंडर रेल बाईपास और वारंगल में पीएम मित्र पार्क (काकतीय मेगा टेक्सटाइल पार्क) का उद्घाटन भी किया। लगभग 1,700 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से विकसित काकतीय मेगा टेक्सटाइल पार्क भारत का पहला पूरी तरह से कार्यशील पीएम मित्र पार्क है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्होंने आरोप लगाया कि वह आज परजीवी पार्टी बन गयी है। उन्होंने कहा कि देश भर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बढ़ते राजनीतिक प्रभाव के बीच बेंगलुरु से एक भगवा सूर्य का उदय हो रहा है। उनका इशारा हाल में पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत की ओर था। मोदी ने यहां पार्टी कार्यकर्ताओं की एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए कहा, कर्नाटक में पिछले तीन वर्षों से सरकार का अधिकांश समय लोगों की समस्याओं का हल ढूंढने के बजाय आंतरिक संघर्षों को सुलझाने में व्यतीत हुआ है। कांग्रेस सरकार नेतृत्व और सत्ता-साझाकरण व्यवस्था पर अनिश्चितता से घिरी रही। वह पिछले छह महीनों से मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के बीच चल रहे कथित सत्ता संघर्ष का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह तय नहीं कर पा रही है कि मुख्यमंत्री कब तक पद पर बने रहेंगे। वह यह भी तय नहीं कर पा रही है कि किसी और को मौका मिलेगा या नहीं। सब कुछ अधर में लटका हुआ है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार कुछ ही महीनों में सत्ता-विरोधी लहर का सामना करने लगती है क्योंकि पार्टी के पास शासन का कोई एजेंडा नहीं होता। उन्होंने कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि कांग्रेस को सिर्फ जनता को धोखा देना आता है। वे (कांग्रेस के नेता) खुद झूठे हैं और उनकी गारंटियां भी झूठी होती हैं। कांग्रेस की सत्ता की किताब में शासन का कोई अध्याय ही नहीं है। प्रधानमंत्री ने भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को राजनीतिक स्थिरता और विकास के प्रतीक के रूप में पेश किया जबकि कांग्रेस को ...शेष पृष्ठ 10 पर

# योगी मंत्रिमंडल का विस्तार, आठ ने ली शपथ

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने दिलायी शपथ, योगी मंत्रिमंडल में एक महिला समेत छह नये मंत्री हुए शामिल, दो का प्रमोशन

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। योगी मंत्रिमंडल का विस्तार रविवार को हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने जनभवन के गांधी सभागार में नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। मंत्रिमंडल के नए सदस्य के रूप में भूपेंद्र सिंह चौधरी, मनोज कुमार पांडेय ने कैबिनेट मंत्री तथा कृष्णा पासवान, सुरेंद्र दिलेर, हंसराज विश्वकर्मा, कैलाश सिंह राजपूत ने राज्यमंत्री के रूप में शपथ ली जबकि योगी सरकार में राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल व सोमेंद्र तोमर का प्रमोशन हुआ। दोनों राज्यमंत्रियों ने अब राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शपथ ली। नवनियुक्त मंत्रियों ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। शपथ ग्रहण के बाद जनभवन का गांधी सभागार भारत माता की जय व जयश्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। गौरतलब है कि भूपेंद्र सिंह चौधरी विधान परिषद सदस्य हैं और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं, जबकि मनोज कुमार पांडेय ऊंचाहार सीट से विधायक हैं। वहीं राज्यमंत्री की शपथ लेने वालीं कृष्णा पासवान खागा से, सुरेंद्र दिलेर खैर से और कैलाश सिंह राजपूत तिर्वा से विधायक हैं। हंसराज विश्वकर्मा विधान परिषद सदस्य हैं। शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक समेत मंत्रिमंडल के सदस्य और अन्य गणमान्य मौजूद रहे।



शपथ लेने के बाद मंत्री **भूपेन्द्र सिंह चौधरी** ने कहा कि हम संगठन के कार्यकर्ता हैं। पार्टी नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमें जो भूमिका दे देते हैं, उसे पूरा करने की जिम्मेदारी हमारी है। मैं अपने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभारी हूं कि मुझे कैबिनेट मंत्री के रूप में काम करने का अवसर दिया है। मैं नेतृत्व की अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करूंगा। मेरी कोई अपेक्षाएं नहीं है, हम तो मुख्यमंत्री के आदेश का पालन करेंगे।



कैबिनेट मंत्री की शपथ लेने वाले **मनोज पांडेय** रायबरेली की ऊंचाहार विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह वर्ष 2012-17 में सपा सरकार में भी कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। अवध क्षेत्र में ब्राह्मण समाज के बड़े नेता माने जाने वाले पांडेय वर्ष 2022 में सपा के टिकट पर विधायक चुने गए थे और वह विधानसभा में सपा के मुख्य सचेतक भी रहे। वर्ष 2024 में उन्होंने पार्टी नेतृत्व की नीतियों से नाराज होकर मुख्य सचेतक के पद से इस्तीफा दे दिया और राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की, जिसके बाद साल 2025 में उन्हें सपा से निष्कासित कर दिया गया था।




मंत्री **हंसराज विश्वकर्मा** ने कहा कि सेवा के भाव से काम करेंगे, उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए काम करेंगे। हंसराज ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए इसे सभी कार्यकर्ताओं का आशीर्वाद बताया। दो बार से भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा पिछले 34 वर्षों से पिछड़ों की राजनीति कर रहे हैं। पार्टी ने इसी समीकरण की वजह से 2023 में विधान परिषद के लिए उन्हें मनोनीत किया।

अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय के शीर्ष नेताओं में गिने जाने वाले **कैलाश सिंह राजपूत** वर्तमान में कन्नौज की तिर्वा सीट से विधायक हैं। उन्होंने वर्ष 1996 में पहली बार इसी सीट से भाजपा उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी। उसके बाद वह साल 2007 में बसपा के टिकट पर तिर्वा से ही विधायक चुने गये थे। साल 2017 में वह एक बार फिर भाजपा से जुड़े और चुनाव जीतकर तीसरी बार और फिर 2022 में भी इसी सीट से चौथी दफा विधायक बने। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से लंबे समय से जुड़े रहे राजपूत पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के करीबी सहयोगी माने जाते हैं।



मंत्री **सुरेंद्र दिलेर** ने कहा कि आज मंत्री पद की शपथ के बाद तो बहुत अच्छा लग रहा है। भाजपा सरकार, प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसका मैं अच्छे से निर्वहन करने का पूरा प्रयास करूंगा। भाजपा ने तीसरी पीढ़ी पर भरोसा जताते हुए सुरेंद्र दिलेर को खैर उपचुनाव में अनूप प्रधान की जगह मैदान में उतारा था। उन्होंने सपा प्रत्याशी चारू कैन को 38,393 मतों से हराकर पहली बार विधानसभा पहुंचने में कामयाबी पाई थी। सुरेंद्र दिलेर के जरिए भाजपा ने दलित और पिछड़े वर्ग को एक साथ साधने की कोशिश की है।





**कृष्णा पासवान** का राजनीतिक सफर संघर्ष और जनसेवा से भरा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में समाज में बदलाव के लिए संघर्ष से राजनीति में कदम रखने वाली कृष्णा वर्ष 2022 में चौथी बार विधायक चुनी गई हैं। कृष्णा पासवान वर्ष 2007 में भाजपा के टिकट पर किशुनपुर सीट से पहली बार विधायक बनी थीं। उसके बाद वह लगातार तीन बार खागा सीट से विधायक चुनी गईं। मंत्रिमंडल में कृष्णा पासवान को शामिल किये जाने को दलितों को पार्टी से जोड़ने के मकसद के रूप में जोड़कर देखा जा रहा है। मंत्री पद की शपथ लेने के बाद कृष्णा पासवान ने कहा कि मुख्यमंत्री, राज्यपाल, प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष का मैं धन्यवाद करती हूं। मुख्यमंत्री और संगठन के लोग मुझे जो भी दायित्व देंगे उसका मैं निर्वहन करूंगी।



गुर्जर बिरादरी से ताल्लुक रखने वाले **सोमेंद्र तोमर** मेरठ दक्षिण सीट से दूसरी बार के विधायक हैं। दर्जा बढ़ाये जाने से पहले तक वह ऊर्जा राज्य मंत्री के पद पर थे। तोमर वर्ष 2017 में पहली बार मेरठ दक्षिण सीट से विधायक चुने गये थे। उसके बाद साल 2022 के विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने इसी सीट से जीत हासिल की थी। तोमर का सियासी सफर छात्र राजनीति से शुरू हुआ था और वह वर्ष 1990 के दशक से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ गये थे।



स्वतंत्र प्रभार के राज्य मंत्री की शपथ लेने वाले दूसरे मंत्री **अजीत सिंह पाल** को बुंदेलखंड-कानपुर क्षेत्र में पिछड़े वर्ग का एक प्रमुख चेहरा माना जाता है। गड़ेरिया बिरादरी से ताल्लुक रखने वाले पाल कानपुर देहात जिले की सिकंदरा सीट से विधायक हैं। ओहदा बढ़ाये जाने से पहले तक वह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री के पद पर थे।

### संक्षेप

## चलती ट्रेन में युवक की गोली मारकर हत्या

चंदौली। जिले में रविवार सुबह चलती ट्रेन में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई और आरोपी शव को ट्रेन से नीचे फेंककर फरार हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। सकलडीहा के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्टेशन से सुबह 6:30 बजे ताड़ीघाट पैसेंजर ट्रेन रवाना हुई थी। युवक भी पीडीडीयू नगर से इसी ट्रेन में चढ़ा था और बोगी के दरवाजे पर बैठा था। डिब्बे में करीब 15-16 यात्री सवार थे। सीओ के अनुसार, ट्रेन जब सुबह 7:30 बजे अलीनगर थाना क्षेत्र के कचुमन रेलवे स्टेशन पहुंची तो एक संदिग्ध व्यक्ति डिब्बे में सवार हुआ। ट्रेन चलने पर उसने युवक के सिर में गोली मार दी।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 46.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- आलमनगर में रविदास बारादरी का लोकार्पण (पृष्ठ-02)
- उत्तरप्रदेश बनेगा देश का सबसे बड़ा स्किल हब (पृष्ठ-02)
- कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा (पृष्ठ-10)
- पेट्रोलियम कंपनियों को रोजाना हो रहा 1700 करोड़ का नुकसान (पृष्ठ-10)
- एफपीआई ने शेयर बाजार से 14231 करोड़ निकाले (पृष्ठ-10)


# रावत ने किया राजकीय महाविद्यालय भवन का लोकार्पण

## दूरस्थ इलाकों में उच्च शिक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर धामी सरकार का विशेष फोकस

**प्रमुख संवाददाता**



देहरादून/पौड़ी। राज्य सरकार द्वारा पर्वतीय और ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पौड़ी के सतपुली क्षेत्र में नवनिर्मित राजकीय महाविद्यालय भवन का लोकार्पण किया गया।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने भवन का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह संस्थान क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के नए अवसर उपलब्ध कराएगा। महाविद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक, शिक्षक, स्थानीय जनप्रतिनिधि और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने भी सहभागिता की। अपने संबोधन में डॉ. रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पहाड़ के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए दूरदराज शहरों का रुख न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सतपुली क्षेत्र में लंबे समय से बेहतर शैक्षणिक ढांचे की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे अब मूर्त रूप दिया गया है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के नए भवन में आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे विद्यार्थियों को ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पाक में आत्मघाती हमला, 15 की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में एक पुलिस चौकी पर आत्मघाती हमले में कम से कम 15 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना बन्नू जिले के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में हुई, जहां विस्फोटकों से भरे एक वाहन को पुलिस चौकी की ओर बढ़ते देख सुरक्षाकर्मियों ने उस पर गोलीबारी की। इसके बाद जोरदार विस्फोट हो गया। धमाके की चपेट में आकर आसपास के कई घरों की छत ढह गईं, पुलिस चौकी की इमारत पूरी तरह जमींदोज हो गई जिससे कई सुरक्षाकर्मी मलबे में दब गए। विस्फोट के तुरंत बाद उग्रवादियों के एक बड़े समूह ने पुलिस चौकी पर हमला कर दिया और उन्हें रोकने के लिए पुलिस की ओर से भी गोलीबारी की गई। बन्नू पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया

# विजय तमिलनाडु के नये सीएम

## मोदी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर दी बधाई

**एजेंसी**




चेन्नई। सी जोसेफ विजय ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की मौजूदगी में रविवार को यहां रंगारंग समारोह में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और इसी के साथ ही इस दक्षिणी राज्य में 60 साल में पहली बार द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और ऑलइंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) से इतर किसी दल की सरकार बनी। अभिनेता (51) से नेता बने विजय के पहले मंत्रिमंडल में युवा और अनुभवी दोनों तरह के नेता हैं।

तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख की मुख्य टीम को भी इसमें जगह मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख सी जोसेफ विजय को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी और कहा कि केंद्र सरकार लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करती रहेगी। विजय ने अपने पहले संबोधन में कहा कि वह किसी राजघराने से नहीं हैं, लेकिन लोगों ने उन्हें स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि वह झूठे वादे कर लोगों को धोखा नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि एक नयी शासन व्यवस्था शुरू हुई है तथा वास्तविक, धर्मनिरपेक्ष एवं सामाजिक न्याय का नया युग आरंभ हो रहा है। विजय के पिता एस ए चंद्रशेखर और उनकी मां शोभा, शीर्ष अभिनेत्री तृषा तथा बड़ी संख्या में आमंत्रित लोग जवाहरलाल नेहरू इनडोर स्टेडियम में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। विजय ने सरकारी फाइलों पर पहली बार हस्ताक्षर करते हुए घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने और महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष बल गठित करने को मंजूरी दी। राज्यपाल आर वी आर्लेकर ने विजय और उनके मंत्रिमंडल के नौ सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले मंत्रियों में द्रविड़ राजनीति के

**विशेष खबर** — योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार को भाजपा की सामाजिक और राजनीतिक रणनीति के लिहाज से माना जा रहा अहम

# महिला, दलित और पिछड़ा समीकरण पर भाजपा का बड़ा दांव

**विशेष संवाददाता**



लखनऊ। योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार को भारतीय जनता पार्टी की सामाजिक और राजनीतिक रणनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है। कृष्णा पासवान को मंत्री बनाकर भाजपा ने महिला, दलित और पिछड़े वर्ग के बीच मजबूत राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की है। रविवार को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में कृष्णा पासवान को राज्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही योगी सरकार में अब महिला मंत्रियों की संख्या बढ़कर छह हो गई है।

राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, भाजपा ने इस फैसले के जरिए महिला और अनुसूचित जाति वर्ग दोनों को साधने का प्रयास किया है। फतेहपुर जिले की खागा विधानसभा सीट से विधायक कृष्णा पासवान अनुसूचित जाति समुदाय से आती हैं और संगठन में भी सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। कृष्णा पासवान को मंत्रीमंडल में शामिल कर भाजपा महिला सशक्तिकरण के संदेश के रूप में भी प्रस्तुत कर रही है। प्रदेश विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के कुल 258 विधायक हैं, जिनमें 30 महिला विधायक शामिल हैं। ऐसे में कृष्णा पासवान को मंत्रिमंडल में शामिल करना पार्टी की सामाजिक संतुलन साधने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए महिला और दलित प्रतिनिधित्व को प्राथमिकता दी है। फतेहपुर जिले की खागा विधानसभा सीट से विधायक कृष्णा पासवान ने मंत्री पद की शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रदेश संगठन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन और मुख्यमंत्री उन्हें जो भी दायित्व देंगे, उसका पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगी। योगी मंत्रिमंडल में पहले से पांच महिला मंत्री शामिल थीं। इनमें बेबी रानी मौर्य महिला कल्याण मंत्री, गुलाब देवी माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रतिभा शुक्ला महिला कल्याण राज्यमंत्री, रजनी तिवारी उच्च शिक्षा राज्यमंत्री तथा विजय लक्ष्मी गौतम ग्राम्य विकास राज्यमंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभाल रही हैं। अब कृष्णा पासवान को शामिल किए जाने के बाद योगी सरकार में महिला मंत्रियों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। कुल मंत्रियों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 10 प्रतिशत पहुंच गई है, जबकि भाजपा की महिला ...शेष पृष्ठ 10 पर

# असम के राज्यपाल ने हिमंत विश्व शर्मा को सरकार गठन के लिए किया आमंत्रित

**एजेंसी**

गुवाहाटी। असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने निर्वाचित मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को राज्य में अगली सरकार बनाने का रविवार को निमंत्रण दिया। एक बयान में यह जानकारी दी गई है।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं ने लोक भवन में आचार्य से मुलाकात की और शर्मा के नेतृत्व में सरकार गठन का दावा पेश किया। लोक भवन ने बयान में कहा, राज्यपाल ने डॉ. हिमंत विश्व शर्मा को असम में नयी सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया है। बयान में यह भी कहा गया है कि आचार्य शर्मा को मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। शपथ ग्रहण समारोह 12 मई को आयोजित किए जाने की योजना है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हो सकते हैं। असम में राजग की यह लगातार तीसरी सरकार होगी। भाजपा के नेतृत्व वाले राजग ने पहली बार 2016 में सर्बानंद सोनोवाल के नेतृत्व में सरकार बनाई थी। पहली दफा 2021 में मुख्यमंत्री बने शर्मा लगातार दूसरी बार इस पद पर आसीन होने वाले राज्य के पहले गैर-कांग्रेसी नेता होंगे। हालिया विधानसभा चुनाव में राजग ने 126 सदस्यीय विधानसभा में रिकॉर्ड 102 सीट जीतकर दो- ...शेष पृष्ठ 10 पर


# चाइल्ड हेल्पलाइन ने मासूम को मां की गोद वापस दिलाई

## पारिवारिक विवाद में पिता ने दुधमुंहे बच्चे को मां से किया था अलग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार महिला एवं बाल कल्याण के क्षेत्र में लगातार संवेदनशील और प्रभावी कदम उठा रही है। खासतौर पर बच्चों की सुरक्षा, गुमशुदा बच्चों की तलाश और पारिवारिक विवाद के चलते मां से अलग हुए मासूमों की मदद को लेकर राज्य सरकार की पहल लगातार असर दिखा रही है। इसका ताजा उदाहरण बिजनौर जिले में सामने आया, जहां चाइल्ड हेल्पलाइन की सक्रियता से 5 माह के दुधमुंहे बच्चे को उसकी मां से मिलाया गया है।

दरअसल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित महिला कल्याण विभाग की मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत चल रही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 अब जरूरतमंद बच्चों और परिवारों के लिए बड़ी राहत बनकर उभर रही है। बीती 3 मई चाइल्ड हेल्पलाइन टीम को सूचना मिली थी कि बिजनौर जिले में पारिवारिक विवाद के चलते शहाबुद्दीन नाम के शख्स ने अपने पांच महीने के बच्चे को अपने पास रख उसकी मां को घर से निकाल दिया है। मामला




- 1098 ने एएचटीयू और बाल कल्याण अधिकारी के साथ त्वरित हस्तक्षेप किया

बेहद संवेदनशील था, क्योंकि बच्चा बहुत कम उम्र का था और पूरी तरह अपनी मां की देखभाल और मातृ दुग्ध पर निर्भर था।

सूचना मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने इसे गंभीरता से लिया और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। चाइल्डलाइन टीम ने बिना देरी किए संबंधित एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और स्थानीय थाना के बाल कल्याण अधिकारी से संपर्क किया। संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का आकलन किया और दोनों पक्षों से अलग-अलग एवं संयुक्त रूप से बातचीत की।

पारिवारिक विवाद का सीधा असर पांच माह के मासूम पर पड़ रहा था। शिशु की उम्र बेहद कम होने के कारण उसे मां की गोद, मातृ दुग्ध और निरंतर देखभाल की जरूरत थी। अधिकारियों ने बच्चे के पिता शहाबुद्दीन को समझाया कि इतनी कम उम्र में बच्चे को मां से अलग रखना उसके शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए नुकसानदायक हो सकता है। चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम और बाल कल्याण अधिकारियों ने कानूनी एवं सामाजिक पहलुओं से भी पिता को अवगत कराया। टीम ने काउंसलिंग करते हुए मां फईमा और पिता शहाबुद्दीन के बीच संवाद स्थापित कराया और विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने का प्रयास किया। इसका नतीजा यह रहा है कि शहाबुद्दीन बच्चे को अपनी पत्नी फईमा को सुपुर्द करने के लिए सहमत हो गया था। संयुक्त टीम की मौजूदगी में 5 महीने के मासूम को सुरक्षित रूप से उसकी मां की देखरेख में सौंप दिया गया। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि बच्चे को आवश्यक मातृ पोषण और उचित देखभाल मिलती रहे। फिलहाल मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 लगातार ऐसे मामलों में अहम भूमिका निभा रही है।

**फईमा ने बच्चे के पालन पोषण के लिए मुख्यमंत्री से लगाई गुहार :** गाजियाबाद के लोनी की रहने वाली फईमा खातून ने बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते पति शहाबुद्दीन ने उन्हें घर से बाहर निकाल दिया था और बच्चा भी छीन लिया था। जिसकी शिकायत उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर की थी। चाइल्ड हेल्पलाइन ने तत्काल मामले को संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की थी। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने मुझे मेरा बच्चा दिला दिया है। जिसके लिए मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी टीम का धन्यवाद व्यक्त करती हूं। हम सदैव उनके आभारी रहेंगे। फिलहाल पीड़ित फईमा बच्चे को लेकर अपने मायके चली गई है। उन्होंने बच्चे के पालन-पोषण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मदद की गुहार लगाई है।

**भविष्य में भी ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई जारी रहेगीः उप निदेशक** महिला कल्याण निदेशालय के उप निदेशक पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। बिजनौर में 5 माह के शिशु को उसकी मां से मिलाने का मामला इसी संवेदनशील और प्रभावी कार्यप्रणाली का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि शिशु की कम आयु को देखते हुए उसकी सुरक्षा, पोषण और मातृ देखभाल सुनिश्चित करना बेहद आवश्यक था। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और बाल कल्याण अधिकारियों के समन्वित प्रयास से मामले का शांतिपूर्ण समाधान निकाला गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों के सर्वोत्तम हितों की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और भविष्य में भी ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई जारी रहेगी।

# आलमनगर में रविदास बारादरी का लोकार्पण

**लखनऊ।** आलमनगर स्थित मोहल्ला सिद्धार्थ नगर (हरिजन बस्ती) में रविवार को संत शिरोमणि श्री रविदास बारादरी का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी ने सहभागिता कर बारादरी का लोकार्पण किया। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि संत रविदास जी ने अपने जीवन और विचारों से समाज को समानता, मानवता और सामाजिक समरसता का अमूल्य संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी का जीवन हम सभी को भेदभाव मिटाकर प्रेम, भाईचारे और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखने के लिए उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। महापौर ने कहा कि यह बारादरी क्षेत्र के लोगों के लिए सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी। यहां समाज के विभिन्न कार्यक्रमों, धार्मिक आयोजनों एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया जा सकेगा, जिससे क्षेत्र में सामाजिक एकजुटता को और मजबूती मिलेगी।

# जल जीवन मिशन के जल्द पूरे होंगे काम, ग्रामीणों को मिलेगी राहत

विशेष संवाददाता (vol)

- केंद्र व प्रदेश सरकार से योजना के लिए मिला 28 हजार करोड़

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन (हर घर नल योजना) को युद्धस्तर पर पूरा करने की तैयारी है। इसी क्रम में केंद्र से उत्तर प्रदेश के लिए 13,425 करोड़ रुपये से अधिक का बजट आवंटित हो चुका है। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार भी ग्रामीण जलापूर्ति विभाग को करीब 15 हजार करोड़ रुपये वर्ष 2026-27 में योजनाओं को पूरा करने के लिए देगी। इस 28 हजार करोड़ रुपये से अधिक के बजट से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति को सुनिश्चित करने में कोई बाधा नहीं आएगी।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश में 2.62 करोड़ ग्रामीण परिवारों तक नल से स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जाए। इस लक्ष्य को अब जल जीवन मिशन 2.0 के जरिए हासिल किया जाएगा।

दरअसल उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्रीय पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के बीच जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हो चुका है। इसमें जल जीवन मिशन की डेड लाइन जल जीवन मिशन 2.0 के रूप में दिसंबर 2028 तक बढ़ा दी गई है। साथ ही जारी वित्तीय वर्ष के लिए उत्तर प्रदेश को 13,425 करोड़ रुपये भी आवंटित किए गए हैं। एसडब्ल्यूएसएम, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के विशेष सचिव व एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रभास कुमार ने बताया कि मिशन के नए स्वरूप और बजट के साथ नई जिम्मेदारियों को भी जोड़ा गया है। जल जीवन मिशन 2.0 के तहत प्रदेश में जल गुणवत्ता परीक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विंध्य और बुंदेलखंड समेत प्रदेश के कई इलाकों में पानी में रासायनिक तत्वों की जांच कर उन्हें पीने योग्य बनाना सबसे जरूरी है। इसके लिए पानी की गुणवत्ता की जांच कराई जा रही है।

जनभागीदारी भी इसका दूसरा सबसे अहम बिंदु है। प्रदेश में जलापूर्ति के लिए जितने भी पंप हाउस, पानी की टंकी समेत अन्य निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद ग्राम एवं पेयजल स्वच्छता समिति (वीडब्ल्यूएससी) को सौंपा जाएगा। 10 वर्षों तक जल निगम, (वीडब्ल्यूएससी), निर्माण एजेंसियां व ठेकेदार मिलकर इनके सुचारु संचालन को सुनिश्चित करेंगे।

# अखिलेश राज में कटियाबाजों को मिला संरक्षण : एके शर्मा

विशेष संवाददाता (vol)

- अज्ञात ढंग से लगाये गये 'कटियाबाज' पोस्टर वार के बीच अखिलेश पर ऊर्जा मंत्री का बड़ा हमला
- अखिलेश सरकार ने पूरे बिजली ईको सिस्टम में 'बबूल' बोने का काम किया
- सपा राज में सुनियोजित ढंग से कराई जाती थी बिजली चोरी

**लखनऊ।** प्रदेश भर में अज्ञात लोगों की ओर से समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को 'कटियाबाज' बताते हुए लगाए गए पोस्टरों के बीच योगी सरकार के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने भी सपा पर तीखा हमला बोला है। सपा राज में बिजली व्यवस्था को लेकर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सपा सरकार ने प्रदेश के बिजली तंत्र को पूरी तरह बर्बाद करने का काम किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा शासन में नेताओं, गुंडों और माफियाओं को 'कटिया मारकर बिजली चलाने' का खुला लाइसेंस दे दिया गया था। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल में प्रदेश के पूरे बिजली ईको सिस्टम में 'बबूल' बोने का काम किया।

ऊर्जा मंत्री ने सबसे बड़ा हमला बिजली चोरी को लेकर बोला। उन्होंने कहा कि सपा शासन में नेताओं और उनके करीबी लोगों को कटियाबाजी कर मुफ्त बिजली बांटने की खुली छूट थी। 'हर जगह इनके गुंडे और माफिया बिजली के वितरक बन गए थे। खुद कटियाबाजी करते थे और दूसरों को भी कटियाबाजी करवाते थे।' उन्होंने दावा किया कि संभल और मथुरा समेत कई जिलों में सुनियोजित ढंग से बिजली चोरी कराई जाती थी, लेकिन योगी सरकार ने ऐसे कटियाबाजों पर कड़ी कार्रवाई कर लगाम लगाने का काम किया। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सपा सरकार के समय लगाए गए ट्रांसफॉर्मर, तार और खंभे बेहद खराब गुणवत्ता के थे, जो आए दिन फुंक जाते थे।

आज भी प्रदेश जिन खराब तारों और जर्जर खंभों की समस्या से जूझ रहा है, वह सपा सरकार की ही देन है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने पिछले वर्षों में बिजली व्यवस्था में बड़े सुधार किए हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश को बेहतर बिजली ढांचा देने का काम लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने इन भ्रष्ट व्यवस्थाओं को सुधारने का बीड़ा उठाया है। तकनीकी सुधारों और डिजिटल सिस्टम के जरिए मानवीय हस्तक्षेप कम किया गया ताकि भ्रष्टाचार पर रोक लग सके और जनता को राहत मिले। एके शर्मा ने आरोप लगाया कि सपा सरकार ने बिजली खरीद में भी घोटाले किए। उन्होंने कहा कि आज सरकार जिस दर पर बिजली खरीद रही है, उससे भी ज्यादा महंगी दरों पर सपा सरकार ने बिजली खरीद के करार किए थे। इसका खामियाजा आज भी प्रदेश की जनता भुगत रही है और आने वाले वर्षों तक लोगों को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना मेरिट और गलत तरीके से भर्तियां की गईं, जिसके चलते भ्रष्टाचार की जड़ें मजबूत हुईं। एके शर्मा ने सपा सरकार पर बिजली विभाग के कर्मचारियों के भविष्य निधि घोटाले का भी आरोप लगाया।

### बिजली क्षेत्र में सरकार ने गिनाईं बड़ी उपलब्धियां

ऊर्जा विभाग की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए सरकार ने दावा किया कि प्रदेश में अब जनपद मुख्यालयों को 24 घंटे, तहसील मुख्यालयों को 22 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों को 20 घंटे बिजली आपूर्ति दी जा रही है। वर्ष 2017 से नवंबर 2025 तक 15.87 लाख नए डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर लगाए गए और 765 नए 33/11 केवी सब-स्टेशन बनाए गए। प्रदेश की अधिकतम बिजली मांग 31,486 मेगावाट तक पहुंची है। सरकार ने 165 लाख नए बिजली कनेक्शन दिए, 59 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए और 26 हजार किलोमीटर से ज्यादा पारेषण लाइन का विस्तार किया। साथ ही सौभाग्य योजना के तहत 2.86 करोड़ से अधिक परिवारों को लाभान्वित किया गया और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निजी नलकूपों को बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए गए।

# पंकज चौधरी ने नवनियुक्त मंत्रियों को दी बधाई

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने रविवार को प्रदेश सरकार के सभी नवनियुक्त मंत्रिगणों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी मंत्रीगण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जनसेवा, सुशासन और विकास के संकल्प को नई गति प्रदान करेंगे। उन्होंने पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी सहित मनोज पांडेय, अजीत सिंह पाल, सोमेंद्र तोमर, कैलाश राजपूत, कृष्णा पासवान, सुरेन्द्र दिलेर और हंसराज विश्वकर्मा को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के मंत्री के रूप में आप सभी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को आत्मसात करते हुए प्रदेश के गरीब, किसान, युवा, महिला एवं वंचित वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे।

# उत्तर प्रदेश बनेगा देश का सबसे बड़ा स्किल हब

## 13 विभागों के युवाओं को मिलेगा उद्योग आधारित कौशल प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) ने राज्य को देश का अग्रणी स्किल हब बनाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की है।

प्रदेश के 13 प्रमुख विभागों को कौशल विकास प्रशिक्षण का प्रस्ताव भेजते हुए आगामी तीन महीनों में बड़े स्तर पर युवाओं को रोजगारपरक और उद्योग आधारित प्रशिक्षण से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सरकार का लक्ष्य केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमशीलता से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत शहरी गरीब परिवारों, ग्रामीण युवाओं, महिला स्वयं सहायता समूहों, अल्पसंख्यक समुदाय, निर्माण श्रमिक परिवारों, विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों तथा कारागारों से जुड़े युवाओं को उनकी रुचि और उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। योगी सरकार की यह पहल सामाजिक समावेशन और आर्थिक सशक्तिकरण के मॉडल के रूप में देखी जा रही है। विशेष रूप से गरीब और वंचित वर्गों के युवाओं को मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था से जोड़ने के लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार कौशल विकास को युवाओं की आत्मनिर्भरता का सबसे प्रभावी माध्यम मानते हुए आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक वर्ग तक कौशल प्रशिक्षण की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विभागीय समन्वय के साथ तेज गति से कार्य किया जा रहा है।

मिशन निदेशक पुलकित खरे द्वारा संबंधित विभागों को पत्र जारी कर प्रशिक्षण लक्ष्य एवं कार्ययोजना साझा करने का अनुरोध किया गया है। जून माह के प्रथम सप्ताह में प्रशिक्षण लक्ष्यों का आवंटन किए जाने की संभावना है। साथ ही सभी विभागों से नोडल अधिकारी नामित करने को कहा गया है, ताकि प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन तेजी से किया जा सके।

योजना के अंतर्गत कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं विभाग के माध्यम से जेलों में निरुद्ध युवाओं को भी कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जाएगा। सरकार का उद्देश्य उन्हें प्रशिक्षण देकर पुनर्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना है। इसके अलावा राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा), उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, महिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग और ग्राम्य विकास विभाग से जुड़े युवाओं को आधुनिक उद्योगों की मांग के अनुसार प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। पुलकित खरे ने बताया कि यूपीएसडीएम को राष्ट्रीय स्तर पर एनसीवीईटी द्वारा अवार्डिंग बॉडी की मान्यता प्राप्त है, जिससे प्रशिक्षण और प्रमाणन की गुणवत्ता सुनिश्चित होती है। वर्तमान में मिशन से राजकीय संस्थानों के साथ प्रतिष्ठित निजी और औद्योगिक इकाइयां भी प्रशिक्षण पार्टनर के रूप में जुड़ी हुई हैं। सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत सरकार के कॉस्ट कॉमन नॉर्म्स (सीसीएन) के अनुरूप संचालित किए जाएंगे, जिससे पारदर्शिता और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित होंगी। मिशन निदेशक ने बताया कि यूपीएसडीएम का उद्देश्य 14 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को अल्पकालीन, रोजगारपरक एवं उद्योग आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। पिछले 9 वर्षों में मिशन द्वारा 8,09,494 युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जिनमें से 3,04,810 युवाओं को रोजगार एवं सेवायोजन के अवसरों से जोड़ा गया है।

यह उपलब्धि योगी सरकार की उस सोच को दशार्ती है जिसमें युवा शक्ति को प्रदेश की आर्थिक प्रगति का सबसे बड़ा आधार माना गया है। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को केवल जनसंख्या के आधार पर नहीं, बल्कि प्रशिक्षित मानव संसाधन और रोजगार सृजन के क्षेत्र में भी देश का अग्रणी राज्य बनाना है।

# अजय राय ने छात्रा की सकुशल बरामदगी का उठाया मुद्दा

- अमित शाह और योगी को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने लिखा पत्र, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की उठायी मांग

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा। उन्होंने अपहृत छात्रा के विषय में जानकारी देते हुए छात्रा को सकुशल बरामद करते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने पत्र लिखते हुए कहा कि महोबा से 30 अप्रैल को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही मध्य प्रदेश निवासी 25 वर्षीय छात्रा निशा अहिरवार के अपहरण की अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक घटना सामने आई है। यह घटना न केवल प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है, बल्कि महिलाओं एवं बेटियों की सुरक्षा को लेकर आपकी सरकार के दावों की वास्तविकता भी उजागर करती है।

उन्होंने लिखा कि समाचार माध्यमों से प्राप्त जानकारी एवं पीड़िता के परिजनों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, छात्रा पूर्व से ही नामजद आरोपियों मोहित, अंकित एवं संतराम द्वारा लगातार उत्पीड़न एवं धमकियों का सामना कर रही थी। आरोपियों ने पूर्व में छेड़खानी की घटना को लेकर दर्ज मुकदमे में समझौते का दबाव बनाया तथा समझौता न करने पर छात्रा के अपहरण एवं दुष्कर्म की धमकियां दी थीं। परिजनों द्वारा इस संबंध में बार-बार पुलिस को अवगत कराने के बावजूद स्थानीय पुलिस ने समय रहते प्रभावी संज्ञान नहीं लिया। परिणामस्वरूप अपराधियों के हौसले इतने बढ़ गए कि उन्होंने इस जघन्य अपराध को अंजाम दे दिया।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े लगातार यह संकेत देते रहे हैं कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के मामलों में उत्तर प्रदेश की स्थिति अत्यंत चिंताजनक रही है। इसके बावजूद आपकी सरकार मीडिया प्रबंधन के माध्यम से कानून-व्यवस्था की झूठी छवि प्रस्तुत करने में लगी हुई है, जबकि धरातल पर बेटियां असुरक्षित हैं और पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने एवं प्रभावी कार्रवाई करने में भी उदासीन दिखाई देती है।

# बच्चों को पढ़ाई के साथ मिलेगी भारतीय भाषाओं और सांकेतिक संवाद की सीख

- 13 से 19 मई तक परिषदीय और कस्तूरबा विद्यालयों में लगेंगे 'भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर

**लखनऊ।** योगी सरकार अब शिक्षा को भारतीय संस्कृति, संवाद कौशल और सामाजिक समावेश से जोड़ते हुए नई पीढ़ी को भारतीय भाषाई विरासत से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। इसी क्रम में प्रदेश के परिषदीय और कस्तूरबा विद्यालयों में 13 से 19 मई तक 'भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर-2026' आयोजित किए जाएंगे, जहां बच्चों को पढ़ाई के साथ भारतीय भाषाओं और सांकेतिक संवाद की भी सीख दी जाएगी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), बीएसए, खंड शिक्षा अधिकारियों और अन्य अधिकारियों को मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार नई शिक्षा नीति-2020 के विजन को जमीनी स्तर पर लागू करते हुए बहुभाषावाद और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा दे रही है। शिविर के दौरान बच्चे अपनी मातृभाषा के साथ दूसरी भारतीय भाषाओं से परिचित होंगे। संवाद कौशल विकसित करेंगे और पहली बार इंडियन साइन लैंग्वेज (आईएसएल) की बुनियादी जानकारी भी प्राप्त करेंगे। योगी सरकार शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखकर बच्चों को भारतीय संस्कृति, विविधता और सामाजिक संवेदनशीलता से जोड़ने का माध्यम भी बना रही है। यह शिविर भाषा सीखने के कार्यक्रम के साथ-साथ नई पीढ़ी को भारतीयता, सांस्कृतिक समरसता और राष्ट्रीय एकता से जोड़ने वाले अभियान के रूप में भी स्थापित हो रहा है। सरकार अब प्रदेश में शिक्षा को भारतीयता, सांस्कृतिक जुड़ाव और सामाजिक समावेश से जोड़कर नई दिशा देने की ओर अग्रसर हो चुकी है। 'भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर-2026' आने वाले समय में बच्चों में संवाद क्षमता, भाषाई समझ और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने वाला बड़ा अभियान बन सकता है। शिविर का उद्देश्य बच्चों में भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान और बहुभाषावाद की समझ विकसित करना है। इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को अपनी मातृभाषा के अलावा दूसरी भारतीय भाषाओं में भी बुनियादी संवाद कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रीय एकता की सबसे मजबूत कड़ी है। इसी सोच के अंतर्गत योगी सरकार द्वारा स्कूलों में यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शिविर में इंडियन साइन लैंग्वेज को शामिल किया जाना योगी सरकार की समावेशी शिक्षा नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और आरपीडब्ल्यूडी एक्ट-2016 के अनुरूप बच्चों को सांकेतिक भाषा के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि समाज में संवेदनशीलता और समावेश की भावना को बढ़ावा मिल सके। एससीईआरटी द्वारा पीएम ई-विद्या चैनल के माध्यम से इंडियन साइन लैंग्वेज से जुड़ी शैक्षिक सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे शिक्षक और छात्र दोनों इसका प्रभावी उपयोग कर सकें।

# प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा प्रदेशभर में सकुशल सम्पन्न

## एआई एकीकृत नियंत्रण कमांड कक्ष से हुई परीक्षा केन्द्रों की निगरानी

विशेष संवाददाता (vol)

- लखनऊ में पायलट प्रोजेक्ट के तहत परीक्षा कक्ष में ही ओएमआर स्कैनिंग
- दो दिनों में कुल 1,92,934 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा




**प्रयागराज/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा आयोजित विज्ञापन संख्या 02/2022 प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा रविवार को प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल सम्पन्न करायी गयी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई। प्रथम पाली में नागरिक शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, संस्कृत एवं मनोविज्ञान विषयों की परीक्षा तथा द्वितीय पाली में रसायन विज्ञान, भूगोल, हिन्दी एवं कला विषयों की परीक्षा सम्पन्न हुई। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 09:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 02:30 बजे से 04:30 बजे तक आयोजित की गयी।

डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि परीक्षा का संचालन आयोग द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर पूर्ण पारदर्शिता, नकलविहीन एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न कराया गया। परीक्षा के दौरान आयोग में स्थापित एआई एकीकृत नियंत्रण कमांड कक्ष से सभी परीक्षा केन्द्रों की सतत निगरानी की गयी। आयोग के अध्यक्ष, सदस्यगण, सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं उपसचिव की उपस्थिति में परीक्षा केन्द्रों पर लगे एआई कैमरों के माध्यम से परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर निरंतर दृष्टि रखी गयी।

उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा तकनीकी नवाचार एवं पारदर्शिता को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत लखनऊ जनपद के चयनित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा समाप्ति के तत्काल बाद परीक्षार्थियों द्वारा प्रयुक्त ओएमआर उत्तर पत्रकों की स्कैनिंग परीक्षा कक्ष में ही करायी गयी। स्कैनिंग प्रक्रिया अभ्यर्थियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई तथा स्कैन डाटा को तत्काल सुरक्षित करने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की गयी। सम्पूर्ण प्रक्रिया की निगरानी भी आयोग के एआई एकीकृत नियंत्रण कमांड कक्ष से की गयी। आयोग अध्यक्ष ने जानकारी दी कि 09 मई की लिखित परीक्षा में कुल 89,766 (38.04 प्रतिशत) परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जिनमें महिला परीक्षार्थियों की उपस्थिति 34.89 प्रतिशत एवं पुरुष परीक्षार्थियों की उपस्थिति 42.26 प्रतिशत रही। वहीं 10 मई की लिखित परीक्षा में कुल 1,03,168 (45.12 प्रतिशत) परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जिनमें महिला परीक्षार्थियों की उपस्थिति 41.92 प्रतिशत तथा पुरुष परीक्षार्थियों की उपस्थिति 48.08 प्रतिशत रही।

इस प्रकार 9 एवं 10 मई को आयोजित लिखित परीक्षा में कुल 1,92,934 (41.53 प्रतिशत) परीक्षार्थी उपस्थित रहे। डॉ. प्रशांत कुमार ने परीक्षा के संचालन के लिए सम्बन्धित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग की सराहना करते हुए सभी अभ्यर्थियों, केन्द्र व्यवस्थापकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## आखिर 9 महीनों में क्या कर लेंगे ये मंत्री ?

# अखिलेश यादव ने योगी मंत्रिमंडल विस्तार पर कसा तंज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को योगी मंत्रिमंडल विस्तार पर तंज कसते हुए कहा है कि जब 9 साल में भाजपा सरकार प्रदेश की जनता के लिए कुछ नहीं कर सकी तो आखिरी के 9 महीनों में ये मंत्री क्या कर लेंगे? भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी में बढ़ाकर सारे रिकार्ड तोड़ दिए है। ये भी वही करेंगे। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, अत्याचार चरम पर है। पीडीए के साथ अन्याय हो रहा है। जनता त्रस्त है। विकास कार्य ठप्प है। भाजपा सरकार एक तरफ सरकारी बजट की लूट कर रही है तो दूसरी तरफ जनता की जेब काट रही है।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन में पानी की टंकियां भाजपा के भ्रष्टाचार को सहन नहीं कर पा रही है। लगातर टंकिया गिर रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग बर्बाद हो गया है। कमीशनखोरी और मुनाफाखोरी से मंहगाई, भ्रष्टाचार और तेजी से बढ़ रहा है। इस सरकार में वृक्षारोपण भी भ्रष्टारोपण साबित हुआ है। इसी तरह स्मार्ट मीटरों के जरिए भाजपा प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं की जेब से पैसा निकाल कर उद्योगपतियों की जेबों में डाल रही है। भाजपा उत्तर प्रदेश की जनता को चौतरफा लूट रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा नौकरियों में आरक्षण का घोटाला कर रही है। हक और अधिकार छीन रही है। भाजपा समाजवादी पार्टी के पीडीए से घबराई हुई है। पीडीए समाज भाजपा की चाल को समझ रहा है। पीडीए एकजुट होकर भाजपा की हर साजिश और षड्यंत्र को परास्त करेगा। सपा सरकार बनने पर पीडीए को हक, सम्मान और न्याय मिलेगा। प्रदेश का विकास होगा। गरीबों का मुफ्त इलाज होगा। केजी से पीजी तक बेटियों की शिक्षा मुफ्त होगी। उन्होंने कहा कि वैसे भी मंत्रिमंडल के विस्तार में तो इनका कोई काम है नहीं। उधर से पर्ची आएगी, यहां तो सिर्फ.पढ़ी जाएगी। भाजपा राज में वैसे भी सीएम का मतलब बस यही रह गया है। करियर एंड मैसेजर!

उन्होंने कहा कि वैसे जनता पूछ रही है कि फिल्म सबसे आगे बैठकर देखेंगे या पीछे बैठकर? जनता का अनुरोध है कि फिल्म ध्यान से देखियेगा, हो सकता है कर्मफल-कंसफल का सिद्धांत समझकर कुछ जागरण हो जाए और कुछ अच्छा बदलाव भी।

हम तो यही मानते हैं कि मूल रूप से व्यक्ति नहीं उसका लालच-लोभ ही बुरा होता है, जो धीरे-धीरे उसका दुराचरण बन जाता है। बुराई इंसान को और बुरा बनाती जाती है। इसके विपरीत ये भी सच है कि जब व्यक्ति स्वार्थ को छोड़कर परमार्थ के मार्ग पर चल निकलता है तो सकारात्मक परिवर्तन आ सकता है, वो मानवता के लिए सार्थक साबित हो सकता है।

### अखिलेश ने जोसेफ विजय को मुख्यमंत्री बनने पर दी बधाई

**लखनऊ।** अखिलेश यादव ने कहा है कि केवल पंथ-निरपेक्ष सरकारें ही सच्चे लोकतंत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो सभी नागरिकों के लिए स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व के सिद्धांतों तथा संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने और उनकी रक्षा करने के संकल्प पर आधारित होती हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि हम आशा करते हैं कि तमिलनाडु की नवनिर्मित पंथ-निरपेक्ष सरकार अपने पूर्ववर्तियों की जनकल्याणकारी योजनाओं की परंपरा को और आगे बढ़ाएगी। अखिलेश यादव ने तमिलनाडु के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री के रूप में जोसेफ विजय चंद्रशेखर को हार्दिक बधाई देते हुए उनके सार्थक और जन-जन को समर्पित सक्रिय नेतृत्व की कामना की।

संक्षेप

## तहसील में दक्षता भाषण आज

प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर आज सोमवार को तहसील परिसर में प्रातः दस बजे से प्रत्याशियों का दक्षता भाषण कराया जायेगा। दक्षता भाषण में विभिन्न पदों के चालीस उम्मीदवार अपना पक्ष साथियों के बीच रखेंगे। यह जानकारी चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दी है।

## श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

प्रतापगढ़। बेलहा के हिरउ का पुरवा में श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर रविवार को भण्डारे में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी दिखी। संयोजक रामदुलार यादव तथा लवलेश यादव के संयोजन में भजन व संकीर्तन में भी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध देखा गया। वहीं कथा वाचक आचार्य धीरेन्द्र पाल कृष्ण त्रिपाठी को आयोजन समिति द्वारा धार्मिक ग्रंथ एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, उधम सिंह, पप्पू तिवारी, रज्जन सिंह, राजू सिंह, संदीप सिंह, केशवकान्त पाण्डेय, श्यामनारायण तिवारी, अनिल त्रिपाठी महेश आदि रहे।

## चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने जमीनी रंजिश को लेकर विपक्षियों द्वारा लाठी डंडे व ईंट पत्थर से हमले को लेकर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सोहागपुर लोहाड़ा निवासी अशोक कुमार सरोज पुत्र मंगल सरोज ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती आठ मई को शाम सात बजे विपक्ष गांव के रामसमुझ सरोज पुत्र सोहन व इनके लड़के कृष्णा सरोज व तूफान सरोज तथा पुत्री करिश्मा ने लाठी डंडे व ईंट पत्थर से पीड़ित व उसके भाई रामसजीवन सरोज एवं अम्बर सरोज पत्नी रामसजीवन व रानी पत्नी अशोक को मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रामसमुझ समेत चार के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## तीन आरोपियों के खिलाफ गाली गलौज व मारपीट का केस

प्रतापगढ़। खेत में शौच के लिए गये पीड़ित पर रंजिश हमले को लेकर लालगंज पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के मनुहार निवासी अमृत लाल के पुत्र अजीत पटेल ने दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती आठ मई को सुबह करीब पौने सात बजे वह खेत में शौच के लिए गया था। इस बीच गांव के सचिन सरोज पुत्र जंगली सरोज ने अचानक पीड़ित पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी ने गाली गलौज करते हुए जानलेवा धमकी दी। इसके पहले भी पीड़ित को विपक्षी नागेश पुत्र जंगली व नागेश की पत्नी ने मारापीटा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सचिन समेत तीन के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

## घर में लगी आग, तीन लोग झुलसे

प्रतापगढ़। संदिग्ध दशा में घर में लगी आग के कारण तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गये। उदयपुर थाना के रतियापुर गांव निवासी मुकेश पाण्डेय (35) पुत्र धर्मेन्द्र पाण्डेय के घर में रविवार को दोपहर करीब बारह बजे संदिग्ध स्थिति में आग लग गयी। आग बुझाने के प्रयास में मुकेश कुमार व पत्नी नेता तथा भाभी निविदिता झुलस गये। आनन फानन में इन्हें इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी लाया गया। गांव में दबी जुबान से चर्चा दिखी सुनी गयी कि गृह कलह से परेशान मुकेश ने पेट्रोल छिड़क कर आग लगा लिया। थानाध्यक्ष उदयपुर का कहना है कि घटना की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

## 11 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

प्रतापगढ़। घर पर मौजूद पीड़ित की लाठी डंडे तथा सब्बल से घर में घुसकर पिटाई को लेकर पुलिस ने आधा दर्जन नामजद तथा पांच अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कटरा दुग्धा पुरवारा निवासी रंजीत पटेल पुत्र सुरेश चन्द्र ने दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती आठ मई की शाम व अपने घर पर मौजूद था। इस बीच गांव के विनोद पटेल, हंसराज पटेल पुत्रगण रामअंजोर तथा विमलेश पटेल व गोविन्द पुत्रगण विनोद तथा बुधराम व सुनील कुमार पुत्रगण छोटेलाल एवं चार पांच अज्ञात महिलाओं ने गाली गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। हमले में पीड़ित को गम्भीर चोटे आ गयी।

# काउंसिलिंग से 4 परिवारों को बिखरने से बचाया

## महिला थाना प्रभारी भाग्यवती पाण्डेय की पहल रंग लाई

सिद्धार्थनगर जनपद के महिला थाना में रविवार को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत परिवारों को टूटने से बचाने की एक सराहनीय पहल देखने को मिली। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय ने अपनी टीम के साथ प्रभावी काउंसलिंग कर चार बिखरते परिवारों को फिर से एकजुट कर दिया।




महिला थाना परिसर में आयोजित काउंसलिंग के दौरान पति-पत्नी के बीच चल रहे पारिवारिक विवादों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना गया। थाना प्रभारी भाग्यवती पाण्डेय ने दोनों पक्षों को आपसी संवाद, समझदारी और पारिवारिक मूल्यों का महत्व बताते हुए साथ रहने के लिए प्रेरित किया। उनकी सकारात्मक पहल और समझाइश का असर यह रहा कि चारों दंपतियों ने आपसी सहमति से अपने मतभेद भुलाकर पुनः साथ रहने का निर्णय लिया। काउंसलिंग के बाद जब सभी दंपत्तियों को एक साथ विदा किया गया तो महिला थाना परिसर भावुक माहौल का साक्षी बना। परिवारों के चेहरों पर लौटती मुस्कान और खुशियां यह साबित कर रही थीं कि समय रहते सही मार्गदर्शन मिलने पर रिश्तों को टूटने से बचाया जा सकता है। इस अवसर पर थाना प्रभारी भाग्यवती पाण्डेय ने कहा कि परिवार समाज की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। छोटी-छोटी बातों को बातचीत और समझदारी से सुलझाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महिला थाना का उद्देश्य केवल कानूनी कार्रवाई करना ही नहीं, बल्कि परिवारों को जोड़कर समाज में सौहार्द बनाए रखना भी है। काउंसलिंग टीम में महिला मुख्य आरक्षी आशा गौड़, महिला मुख्य आरक्षी रीना रावत, महिला आरक्षी प्रियंबदा सिंह, महिला आरक्षी प्रगति राय एवं महिला आरक्षी रीना की भूमिका भी सराहनीय रही।

काउंसलिंग के बाद जिन परिवारों को पुनः साथ भेजा गया उनमें नाजिया पत्नी शाबीर निवासी देवकली जगर गठिया थाना मोहाना, सकीना पत्नी महबूब निवासी सूरजनगर थाना कोतवाली सिद्धार्थनगर, रजनी यादव पत्नी राकेश यादव निवासी गुजरौलिया थाना चिल्हिया तथा अनीता पत्नी आलोक निवासी छितरापार थाना उसका बाजार शामिल रहे।

# विकास कार्यों की नई पहचान बने ग्राम पंचायत सचिव अनुपम पांडेय

- करही मस्जिदियां व मसिना खास में जनहित योजनाओं को धरातल पर उतार ग्रामीणों का जीता विश्वास

जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जनपद के मिठवल ब्लॉक में तैनात ग्राम पंचायत सचिव अनुपम पांडेय अपनी कार्यकुशलता, व्यवहार कुशल शैली एवं जनहितकारी सोच के चलते क्षेत्र में विशेष पहचान बना रहे हैं। ग्राम पंचायत करही मस्जिदियां एवं मसिना खास में उनके द्वारा कराए गए विकास कार्यों की ग्रामीणों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा खुलकर सराहना की जा रही है।

वायस ऑफ लखनऊ टीम के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत सचिव अनुपम पांडेय ने दोनों ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए गांवों की तस्वीर बदलने का कार्य किया है। उनके प्रयासों से नाली निर्माण, सड़कों का निर्माण, समुदाय शौचालय निर्माण सहित अनेक जनहितकारी योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारा गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि सचिव अनुपम पांडेय ने गरीब एवं पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री आवास योजना एवं शौचालय निर्माण योजना के अंतर्गत अनेक जरूरतमंद परिवारों को लाभान्वित कराया गया, जिससे गरीब परिवारों के जीवन स्तर में सुधार देखने को मिल रहा है।

क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि अनुपम पांडेय न केवल प्रशासनिक कार्यों में दक्ष हैं बल्कि ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका समाधान कराने में भी हमेशा आगे रहते हैं। उनकी कार्यशैली में पारदर्शिता, ईमानदारी एवं जनसेवा की भावना स्पष्ट दिखाई देती है।

ग्राम पंचायतों में कराए गए विकास कार्यों के चलते ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि सचिव अनुपम पांडेय की सक्रियता एवं सकारात्मक सोच के कारण गांवों में विकास की नई धारा बह रही है।

ग्रामीणों एवं गणमान्य लोगों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार विकास कार्यों को गति मिलती रहेगी और क्षेत्र निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा।

## कानपुर में सड़क हादसे में पिता-पुत्री की मौत, आठ अन्य घायल

कानपुर। कानपुर देहात जिले के रसूलाबाद क्षेत्र में एक तेज रफ्तार लोडर की टक्कर से ऑटो-रिक्शा सवार पिता-पुत्री की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात शहर कोतवाली क्षेत्र में रसूलाबाद-कानपुर मार्ग पर कहिंजरी बिजलीघर के पास एक तेज रफ्तार लोडर ने ऑटो-रिक्शा को टक्कर मार दी। उसने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को वाहन से बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक पुलिस ने सभी घायलों को रसूलाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने कहिंजरी गांव निवासी दीपू (40) और उनकी बेटी नैना (6) को मृत घोषित कर दिया। उसने बताया कि घायलों में से पांच की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। मृतकों के परिजनों के अनुसार, दीपू अपनी पत्नी सोनम (35) और बेटियों गहना (10) तथा नैना के साथ एक अतिथि गृह में सफाई का काम करने जा रहे थे। पुलिस ने लोडर चालक को हिरासत में ले लिया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने आयोजित किया बहू-बेटी सम्मेलन

श्रावस्ती। मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत श्रावस्ती पुलिस द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में जनपद के 07 स्थानों पर आयोजित हुआ, जिसमें 450 से अधिक महिलाओं और बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। सम्मेलन में आशा बहुएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, गृहिणियां, विधवा महिलाएं, तलाकशुदा महिलाएं और किशोरियां बड़ी संख्या में मौजूद रहीं। पुलिस टीम ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना और रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष जैसी योजनाओं की जानकारी देकर महिलाओं को इनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ और आपात स्थिति से बचाव के बारे में भी जागरूक किया गया। पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 108, 1098 और 1930 की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में किशोरियों को बाल विवाह, दहेज प्रथा, गुड टच-बैड टच और साइबर अपराध के बारे में समझाया गया। महिला पुलिसकर्मियों ने आत्मरक्षा के आसान तरीके भी बताए और किसी भी परेशानी में तुरंत पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी। श्रावस्ती पुलिस ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता का संदेश लगातार दिया जा रहा है।

# शादी समारोह में पिस्टल लहराने का वीडियो वायरल, जांच में निकला लाइटर

सिद्धार्थनगर- जनपद के चिल्हिया थाना क्षेत्र के मुसहरी गांव में आयोजित एक शादी समारोह का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कुछ युवक आर्केस्ट्रा मंच पर डांस करते हुए पिस्टल जैसी वस्तु लहराते दिखाई दे रहे हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि 7 मई को आयोजित शादी समारोह में मुसहरी गांव निवासी मोहित कुमार पुत्र हरिराम आर्केस्ट्रा कलाकारों के साथ मंच पर डांस कर रहा था। इसी दौरान वह हाथ में पिस्टल जैसी वस्तु लेकर कभी हवा में लहराता तो कभी उसे कमर में खोंसकर मंच पर घूमता नजर आया। वीडियो में एक अन्य युवक भी कथित पिस्टल कमर में लगाए दिखाई दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच शुरू की गई। पल्टा देवी चौकी इंचार्ज राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि जांच में सामने आया कि युवक के हाथ में दिखाई देने वाली वस्तु असली पिस्टल नहीं बल्कि पिस्टल के आकार का लाइटर था। पुलिस ने मोहित कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बाद में उससे माफीनामा व मुचलका भरवाकर छोड़ दिया गया। पुलिस ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि सार्वजनिक मंचों पर इस प्रकार की हरकतें किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। चाहे वस्तु असली हथियार हो या खिलौना, यदि उससे लोगों में भय या दहशत फैलती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



# भाजपा महिला मोर्चा ने सांसद आवास घेरा

जिला संवाददाता

**कटरा, श्रावस्ती।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा क्षेत्र श्रावस्ती महिला मोर्चा की ओर से समाजवादी पार्टी के सांसद राम शिरोमणि वर्मा के आवास का घेराव कर महिलाओं ने नारी सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व महिला मोर्चा की जिला महामंत्री बलरामपुर ललित तिवारी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष बलरामपुर आरती तिवारी ने किया। महिला कार्यकर्ता नारे लगाते हुए सांसद आवास पहुंचीं। इस दौरान श्रावस्ती की नारी, सशक्त नारी, नारी का सम्मान करो, हम लोगों ने ठाना है, नारी की जिम्मेदारी निभाना है तथा जो हमसे टकराएगा, चूर-चूर हो जाएगाह्व जैसे नारों से माहौल गूंज उठा।




जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सम्मानजनक भागीदारी देती है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा देशभर में महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। महिलाओं की भागीदारी से संगठन और अधिक मजबूत हो रहा है। वहीं भाजपा की जिला कार्यसमिति सदस्य अर्चना बाजपेई ने कहा कि चुनावों के दौरान मतदान केंद्रों पर महिलाओं की लंबी कतारें इस बात का प्रमाण हैं कि देश की महिलाएं अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति पूरी तरह जागरूक हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम के दौरान महिला कार्यकताओं ने एकजुट होकर नारी सम्मान और महिला सशक्तिकरण के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। इस अवसर पर संध्या मुखर्जी, कमलेश श्रीवास्तव, संगीता श्रीवास्तव, रामावती सहित बड़ी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## एसएसपी ने विवेचकों को 114 टैबलेट वितरित किए



इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस लाइन में तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विवेचनाओं को अधिक तकनीकी, पारदर्शी एवं साक्ष्य-आधारित बनाए जाने के उद्देश्य से समस्त विवेचकों को 114 टैबलेट वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य विवेचना में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के बेहतर संकलन, डिजिटल कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने एवं समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण विवेचना सुनिश्चित करना है। नव नियुक्त रिक्रूट आरक्षियों के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा एवं अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान रिक्रूट आरक्षियों की प्रशिक्षण प्रगति, समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की गई, तथा उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न अभियानों, आधुनिक पुलिसिंग व्यवस्था, साइबर जागरूकता एवं जनसेवा से संबंधित विषयों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु संचालित जीरो फेटलिटी डिस्ट्रिक्ट अभियान की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा विकसित यक्ष ऐप के माध्यम से बीट सूचना संकलन एवं उस पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के संबंध में भी विस्तृत समीक्षा की गई। समस्त थाना प्रभारियों, थानाध्यक्ष, उपनिरीक्षकों एवं आरक्षियों को यक्ष ऐप, ई-साक्ष्य एवं प्रणालियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीश्चन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध संतोष कुमार सिंह एवं समस्त क्षेत्राधिकारी एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बांग्लादेशी बताने वाली किशोरी इटावा में मिली

इटावा। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के नगला उदय गांव में एक नाबालिग किशोरी मिलने के बाद पुलिस और खुफिया एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। यूपी-112 पर सूचना मिली थी कि एक किशोरी क्षेत्र में घूम रही है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और किशोरी को संरक्षण में लेकर थाने लाई गई। वहां उससे पूछताछ और सत्यापन की कार्रवाई शुरू की गई। बीते शनिवार रात पुलिस पूछताछ में किशोरी ने खुद को बांग्लादेश का निवासी बताया है। उसके अनुसार वह बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल होते हुए पुरानी दिल्ली पहुंची थी और वहीं रह रही थी। किशोरी ने बताया कि वह दोबारा अपने घर लौटने की कोशिश कर रही थी। इसी दौरान पुरानी दिल्ली इलाके में किसी व्यक्ति ने उसका बागपत जाने का रेलवे टिकट बनवाया था, लेकिन वह बागपत पहुंचने के बजाय इटावा आ गई। पुलिस के अनुसार किशोरी के पास से दिल्ली से बागपत तक का ट्रेन टिकट मिला है। पूछताछ में किशोरी ने अपने बारे में सीमित जानकारी ही दी है। पुलिस अब उसकी पहचान, यात्रा के पूरे रास्ते और उससे जुड़े अन्य तथ्यों का सत्यापन कर रही है। मामले की सूचना जनपदीय और राज्य अभिसूचना इकाई को भी दे दी गई है। पुलिस ने बताया कि आगे की कानूनी प्रक्रिया के तहत किशोरी को माननीय मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाएगा। इसके बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य बनी हुई है।

# ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ चला सघन अभियान

## वाहनों की चेकिंग कर नियम तोड़ने वालों पर हुई कार्रवाई



श्रावस्ती। जनपद में सड़क सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में सार्वजनिक स्थानों पर नशेबाजी करने वालों तथा ड्रिंक एंड ड्राइव करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग कर नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी इकौना/यातायात आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कई प्रमुख स्थानों पर अभियान चलाकर वाहनों की जांच की गई।

इस दौरान वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन न चलाने, यातायात नियमों का पालन करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस ने कार को बार बनाकर खुलेआम नशेबाजी करने वाले लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की। अधिकारियों ने कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि इससे स्वयं के साथ-साथ अन्य लोगों की जान भी खतरे में पड़ सकती है।

पुलिस विभाग ने आमजन से अपील की है कि सड़क पर सुरक्षित वातावरण बनाए रखने में सहयोग करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं तथा यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करें।

# प्रतिमा शंकर दीक्षित का जिला प्रबन्धक बनने पर स्वागत



इटावा। भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा से प्रबंधक पद से सेवानिवृत्त हुए प्रतिमा शंकर दीक्षित को जिला उद्योग केंद्र में जिला प्रबंधक आर.ए.एमपी के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर इस्लामियां इंटर कालेज में शनिवार को स्वागत किया गया। इस्लामियां इंटर कालेज में प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने जिला उद्योग केंद्र में जिला प्रबंधक बनने पर प्रतिमा शंकर दीक्षित का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि श्री दीक्षित विभिन्न सरकारी योजनाओं के लंबित मामलों के संबंध में सभी संबंधित बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर मामलों को निपटाने का प्रयास करेंगे। श्री दीक्षित ने बैंक प्रबंधक के रूप में जो सेवाएं दीं वह सराहनीय कार्य है। इस अवसर पर इस्लामियां कालेज के शिक्षक डा. कुश चतुवेर्दी, अरशद मलिक, जावेद खान सहित समस्त स्टाफ ने श्री दीक्षित का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। उद्योग केंद्र के जिला प्रबंधक प्रतिमा शंकर दीक्षित ने अपने स्वागत के लिए इस्लामियां कालेज के प्रधानाचार्य गुफरान अहमद सहित समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह इस्लामिया कालेज के हित में कार्य करने के लिए सदैव तैयार रहेंगे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में हजारों मामलों का त्वरित निस्तारण



**श्रावस्ती।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन न्यायालय परिसर भिनगा सहित विभिन्न न्यायालयों एवं राजस्व न्यायालयों में किया गया। लोक अदालत में बड़ी संख्या में मामलों का आपसी समझौते एवं त्वरित सुनवाई के माध्यम से निस्तारण किया गया, जिससे लोगों को राहत मिली और उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राकेश धर दुबे ने क्रिमिनल मिसलेनियस के 5 मामलों का निस्तारण कर 2500 रुपये जुमार्ना वसूल किया। प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय आनंद कुमार ने वैवाहिक एवं भरण-पोषण से जुड़े कुल 16 मामलों का निस्तारण किया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित कुमार प्रजापति ने बिजली बिल के 22 मामलों का निस्तारण कर 54 हजार रुपये जुमार्ना अधिरोपित किया तथा अन्य 54 मामलों का भी निस्तारण किया। सिविल जज (प्रवर खंड) विनीत कुमार यादव ने ट्रैफिक चालान के 15 मामलों में 14,700 रुपये तथा पेटी अफेन्स के 420 मामलों में 8,370 रुपये जुमार्ना वसूल किया। एफटीसी न्यायालय, न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय तथा ग्राम न्यायालय इकौना में भी बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण किया गया।

स्थायी लोक अदालत द्वारा 2 मामलों में 4 लाख 95 हजार 397 रुपये का समझौता कराया गया। कलेक्ट्रेट के विभिन्न राजस्व न्यायालयों में राजस्व से जुड़े 1081 मामलों का निस्तारण कर 2 लाख 73 हजार 173 रुपये की वसूली की गई। बैंक रिकवरी के 260 मामलों में 84 लाख 38 हजार 600 रुपये का समझौता हुआ तथा बिजली विभाग से जुड़े 78 मामलों में 4 लाख 50 हजार रुपये वसूल किए गए। लोक अदालत के माध्यम से लोगों को त्वरित एवं सुलभ न्याय मिला।

## सदर विधायक को भेंट की व्यापार पत्रिका

इटावा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाप्रभारी मनोज अग्रवाल, जिलामहामंत्री धर्मेंद्र जैन, युवा प्रदेशमंत्री पंकज कुशवाहा के नेतृत्व में सदर विधायक सरिता भदौरिया को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की मासिक व्यापार पत्रिका भेंट की। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद का प्रतिनिधि मंडल ने सदर विधायक सरिता भदोरिया से मिलकर व्यापारियों समस्याओं से अवगत कराया एवं भ्रष्ट्र अधिकारियों की जानकारी देते हुए चर्चा की इस अवसर पर लाइनपार प्रभारी आलोक गुप्ता कल्लू जिला प्रवक्ता इकरार अहमद जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष लल्लू वारसी युवा जिला महामंत्री रजीत सिंह कुशवाहा महिला जिला अध्यक्ष अर्चना कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

# होम्योपैथिक उपचार से हजारों मरीजों को मिला नया जीवन

## बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के उम्मीद की किरण बने डॉ. भास्कर शर्मा

जिला संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के इंटवा क्षेत्र निवासी विश्व प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डा० भास्कर शर्मा आज तमाम प्रकार के बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर उभरे हैं। अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा, अनुभव एवं समर्पण के बल पर उन्होंने सैकड़ों नहीं बल्कि हजारों मरीजों को नया जीवन प्रदान किया है।

जानकारी के अनुसार, ऐसे अनेक मरीज जो देश के बड़े महानगरों के सरकारी एवं निजी अस्पतालों में इलाज कराने के बाद भी निराश होकर लौट आए थे, उन्हें डॉ. भास्कर शर्मा ने बेहतर होम्योपैथिक उपचार के माध्यम से स्वस्थ कर जीवन में नई उम्मीद जगाई। मरीजों एवं उनके परिजनों का कहना है कि जहां अन्य स्थानों पर इलाज के बाद भी राहत नहीं मिली, वहीं डॉ. शर्मा की चिकित्सा पद्धति से उन्हें आश्चर्यजनक लाभ प्राप्त हुआ।



इलाके के लोगों के अनुसार, डॉ. भास्कर शर्मा वर्षों से निस्वार्थ भाव से चिकित्सा सेवा में जुटे हुए हैं। उनके इलाज से स्वस्थ हुए मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे उनकी ख्याति जनपद ही नहीं बल्कि देश-विदेश तक फैल चुकी है।

उल्लेखनीय है कि उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा एवं मानव कल्याण के क्षेत्र में योगदान के लिए डॉ. भास्कर शर्मा को अमेरिका सहित विभिन्न देशों की संस्थाओं द्वारा सम्मान, प्रशंसा चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जा चुके हैं। यही कारण है कि आज वे सिद्धार्थनगर जनपद में एक प्रतिष्ठित एवं विश्वसनीय होम्योपैथिक चिकित्सक के रूप में पहचाने जाते हैं।

क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भी डॉ. भास्कर शर्मा की चिकित्सा सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उनका कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मरीजों के प्रति उनका समर्पण एवं सेवा भाव उन्हें चिकित्सा जगत में विशेष पहचान दिला रहा है।

संक्षेप

## महिला का पेड़ पर लटकता मिला शव

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के गांव हीरा खेड़ा निवासी एक महिला का शव गांव के बाहर पेड़ से लटकता मिला है। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव निवासी महिला हेमवती पत्नी स्वर्गीय दलपति उम्र लगभग पैंसठ वर्ष दो दिन से बिना बताए कहीं चली गई थी। परिजन उसकी खोजबीन कर रहे थे। रविवार को गांव से बाहर एक शीशम के पेड़ से हेमवती का शव लटकता मिला। जिसकी जानकारी होते ही हड़कंप मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मारपीट की घटना में पुलिस जांच में जुटी

पाटन, उन्नाव। पारिवारिक मामले को लेकर बिहार थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर मारपीट की घटना की शिकायत पीड़ित पक्ष ने पुलिस से कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। थाना क्षेत्र के ग्राम पनई खुर्द की शिवानी ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की और बताया कि उसका पति मोहित पुत्र पंचम लाल निवासी भानी खेड़ा पनई खुर्द आए दिन शराब पीकर मेरे साथ मारपीट करता है तथा घर से भगा दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने कानूनी कार्यवाही का आश्वासन दिया है। वही पति पत्नी के बीच मारपीट की दूसरी घटना थाना क्षेत्र के ग्राम बीरम पुर मजरे मलौना में घटी पिता बंदना पत्नी रामप्रताप प्रजापति ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की और बताया कि मेरे पति सूरज ससुर राम प्रसाद, सास गुड्डी, देवर पिंटू आदि लोगों द्वारा मारपीट कर सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल कर मुझे वह मेरे भाई को जान से मार देने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने जांच कर कार्यवाही किए जाने की बात कही है।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम नैका मऊ लाला खेड़ा में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने बुझाने का प्रयास किया किंतु दोनों पक्ष पुलिस की मौजूदगी में एक दूसरे पर हमलावर हो गए। झगड़ा प्रसाद कर रहे गुरु प्रसाद पुत्र जगजीवन निवासी नैका मऊ तथा अरविंद कुमार पुत्र राम शंकर निवासी लाला खेड़ा नैका मऊ को गिरफ्तार कर लिया और शांति भंग की धारा में निरुद्ध कर कानूनी कार्यवाही की है।

## विवाद में दो पक्ष भिड़े दोनों तरफ से केस दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बुढ़ियाबारी में रास्ते के किनारे बधी भैस के बिवाद को लेकर दोनो पक्षो में बाद बिवाद से शुरू हुआ झगड़ा मारपीट में तब्दील हो गया जिससे दोनो पक्षो के कई लोगो को चोटे आई है चिलुआताल पुलिस दोनो पक्षो के लिखित तहरीर के आधार सुसंगत धाराओ में मुकदमा कायम कर बिधिक कार्यवाही कर रही है प्रथम पक्ष की बादी पूनम देबी पत्नी स्व. धर्मेन्द्र यादव निवासी बुढ़ियाबारी ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बतायी कि शुबह आठ बजे के आसपास मेरा बेटा शनी बच्चो को स्कूल छोड़ने जा रहा था हमारे पट्टीदार रामकिसुन की भैस रास्ते में बैठी हुई थी हमारा लड़का शनी अरुण अमन से भैस को उठाने के लिये कहा तो गाली देने लगे जिसका प्रतिरोध करने अरुण अमन उसकी माँ एवं बहन दरवाजे पर चढ़ कर मुझे और मेरे बेटे शनी को मारपीट कर घायल कर दिये मारपीट में मेरे बेहोस हो जाने पर जान से मारने की धमकी देते हुये चले गये वही दूसरे पक्ष की निशा यादव पत्नी रामकिसुन निवासी बुढ़ियाबारी ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बतायी कि मेरी भैस रास्ते में बैठ गयी थी।

**Notice**

I, Himanshu Chauhan (Existing Name of the Air Warrior as per the Service Documents) resident of SV- 96/6 Airforce station Kalaikunda District-Paschim MidnaporState-West Bangal have changed my daughter name from Shavya (Existing name of daughter as per the POR/Service Document) to Shavya Singh Chauhan (proposed/adopted New Name) vide Affidavit IN-UP40027205242064Y Dated 02/05/2026 before District Court Unnao State-U.PPin-209801

# राप्ती नदी के प्रवाह को निर्मल बनाने में जुटी योगी सरकार

### 53 करोड़ की परियोजना में कराया जा चुका 96 प्रतिशत कार्य

घनश्याम कुमार

**गोरखपुर।** राप्ती नदी के प्रवाह को निर्मल बनाने में जुटी योगी सरकार, इस बार मानसून शुरू होने के पहले नदी में गिरने वाले कचरे के एक बड़े



हिस्से को नियंत्रित और शोधित करने की परियोजना को पूर्ण करा लेगी। शहर के उत्तरी क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण महेवा/कटनिया नाले के इंटरसेप्शन, डायवर्जन व ट्रीटमेंट की परियोजना में 96 प्रतिशत से अधिक कार्य हो चुका है और इसी माह के अंत तक इसके पूरी तरह पूर्ण हो जाने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा राप्ती नदी की धारा को अविरल बनाने की है। इसके लिए जहां तकियाघाट से होकर नदी में गिरने वाले नाले पर बायो रेमेडिएशन विधि से जल शोधन का कार्य हो रहा है तो वहीं महेवा/कटनिया नाले के इंटरसेप्शन, डायवर्जन और ट्रीटमेंट की 53 करोड़ रुपये की परियोजना को आगे बढ़ाया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्षों से शहर का सीवेज महेवा, कटनिया जैसे बड़े नालों के जरिये सीधे राप्ती नदी में मिलता रहा। अब नदी में मिलने वाले नालों को इंटरसेप्ट, डायवर्ट करने के साथ ही नालों के जल का ट्रीटमेंट किया जाएगा।

महेवा, कटनिया नाला महेवा, रुस्तमपुर एवं महुईसुघरपुर वार्ड के नागरिकों द्वारा उपभोग किए जल और सीवेज को नदी में उड़ेलता है। अब इस नाले के पानी को नदी में गिरने से पहले ही रोका जाएगा और पाइपलाइनों के जरिए एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) तक डायवर्ट किया जाएगा। डायवर्ट किए पानी व सीवेज के ट्रीटमेंट के लिए कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय की तरफ से 10 एमएलडी क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और 27 एमएलडी क्षमता के मास्टर पम्पिंग स्टेशन (एमपीएस) का निर्माण भी किया जा रहा है। इससे पानी के शोधित होने के बाद ही नदी में डिस्चार्ज किया जाएगा। मानसून से पहले इस परियोजना के क्रियाशील होने पर बारिश के मौसम में नदी में जाने वाले अतिरिक्त कचरे को नियंत्रित किया जा सकेगा। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम के अधिशासी अभियंता पंकज कुमार बताते हैं कि महेवा/कटनिया नाले के इंटरसेप्शन, डायवर्जन व ट्रीटमेंट की परियोजना पर काम 29 दिसंबर 2023 को शुरू हुआ था। अब तक 96 प्रतिशत से अधिक कार्य कराया जा चुका है। अब अंतिम दौर के और कुछ फिनिशिंग के काम शेष हैं। परियोजना को मई अंत तक शत प्रतिशत पूरा कर लेने की उम्मीद है।

## रात के अंधेरे में निजी भूमि पर सड़क बनवाने का आरोप

### तहसीलदार की रोक के बावजूद चली जेसीबी

**गीडा, गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमटौरा में सरकारी नियमों और प्रशासनिक आदेशों को ताक पर रखकर जबरन कब्जा करने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पर पद की हनक और दबंगई के बल पर खाद गड्ढे की सुरक्षित जमीन और एक ग्रामीण की निजी भूमि पर अवैध रूप से सड़क निर्माण कराने का गंभीर आरोप लगा है। मिली जानकारी के अनुसार अमटौरा निवासी गिरीश चंद्र श्रीवास्तव ने शनिवार को थाना दिवस पर दिए शिकायती पत्र में बताया कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोनू शर्मा उर्फ सोनू द्वारा खाद गड्ढे की सुरक्षित भूमि पर अवैध तरीके से सड़क निर्माण कराया जा रहा था। जब पीड़ित ने इस पर आपत्ति जताई, तो विवाद बढ़ गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार सहजनवा ने बीते 3 मई को राजस्व टीम भेजकर जांच कराई थी और उक्त भूमि को खाद गड्ढे के लिए आरक्षित मानते हुए निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगा दी थी। प्रशासनिक मनाही के बावजूद प्रधान प्रतिनिधि ने अपनी दबंगई दिखाते हुए बीते 8 और 9 मई की रात को जेसीबी के जरिए जबरन काम शुरू करवा दिया और खाद गड्ढे की आराजी संख्या 494 और 485 के साथ-साथ उनकी निजी भूमि संख्या 493 और 495 बिना किसी अनुमति के लगभग 6 से 7 मीटर लंबी कच्ची सड़क बनाकर उनकी निजी जमीन के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया गया है। इस अवैध निर्माण के दौरान खेत में लगे सागौन, लिप्टस और अन्य कई कीमती पेड़ों को जेसीबी से उखाड़कर पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। वही इस मामले में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोनू शर्मा ने बताया कि शिकायतकर्ता द्वारा लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह बेबुनियाद और निराधार हैं। खाद गड्ढे की जमीन पूरी तरह सुरक्षित है और वहां कोई अतिक्रमण नहीं हुआ है। किसी निजी भूमि में कोई कार्य नहीं कराया गया है और न ही किसी नियम का उल्लंघन हुआ है। इस पूरे प्रकरण पर गीडा थाना निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय ने बताया कि पीड़ित की ओर से शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा मामले की गंभीरता को देखते हुए जाँच की जा रही है। मौके की स्थिति और राजस्व अभिलेखों के आधार पर जाँच कर उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## पूर्व प्रधान के पुत्र ने की खुदकुशी

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा इब्राहीमपुर में पूर्व ग्राम प्रधान के पुत्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटनास्थल पर पुलिस को सुसाइड नोट मिलने के बाद मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। बताते चलें कि स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा इब्राहीमपुर में पूर्व ग्राम प्रधान दिनेश सिंह के 30 वर्षीय पुत्र धीरज सिंह ने अपने ही विद्यालय में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटनास्थल पर पुलिस को सुसाइड नोट मिलने के बाद मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। परिजनों के अनुसार धीरज सिंह भोजन करने के बाद रोजाना अपने विद्यालय में सोने के लिए जाते थे। शनिवार की रात को भी वह विद्यालय में सोने के लिए ही गये थे। परिजनों का कहना है कि रविवार की सुबह विद्यालय में ही बगल के कमरे में सो रहे उनके भाई उन्हें जगाने पहुचे तो दरवाजा नहीं खुला।

# कवि सम्मेलन व मुशायरे में झूमता रहा सभागार

### विभिन्न शहरों से आए कवियों ने शब्दों से बांधा समां, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर हुआ सम्मान

गोरखपुर। हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब कार्यकारिणी द्वारा आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में में प्रेस क्लब सभागार में भव्य कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्य, पत्रकारिता और समाज की संवेदनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां विभिन्न जनपदों से आए कवियों और शायरों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से न केवल श्रोताओं का मनोरंजन किया, बल्कि सामाजिक सरोकारों, पारिवारिक मूल्यों और वर्तमान समय की चुनौतियों पर भी गहरी बात कही। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित कवियों एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार बाला दिन बेसहारा ने की, जबकि संचालन मशहूर शायर फारूक जमाल ने किया। कार्यक्रम में कवयित्री विभा सिंह ने अपनी काव्य प्रस्तुति में भक्ति, प्रेम और संवेदना के भावों को बड़ी खूबसूरती से पिरोया। कार्यक्रम



का संचालन कर रहे फर्रुख जमाल ने अपनी शायरी से भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। वीरेंद्र मिश्र ह्यदीपकह्न ने भोजपुरी शैली में व्यंग्य और सामाजिक यथार्थ को प्रस्तुत किया। जबकि मुकेश श्रीवास्तव ने मां, धर्म और इंसानियत पर भावुक प्रस्तुति दी। ह्वभालचंद त्रिपाठी (आजमगढ़) ने सामाजिक विसंगतियों पर कटाक्ष किया। अध्यक्षता कर रहे बाला दिन बेसहारा ने अपनी प्रस्तुति में गांव, समाज और बेटियों की पीड़ा को स्वर दिया। वही सुजीत पांडेय ने बेटी के दर्द को शब्दों में बयां किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी आमंत्रित कवियों एवं शायरों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अंत में प्रेस क्लब के अध्यक्ष ओंकार धर द्विवेदी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि 30 मई को हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, जिसके क्रम में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है और आगे भी पत्रकारों के ज्ञानवर्धन व साहित्यिक कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में मंत्री पंकज श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव, महेंद्र गौड़, संजय कुमार, डॉ. मनोज मिश्रा, रजनीश त्रिपाठी के साथ ही पूर्व संपादक दैनिक जागरण सुजीत पांडेय, पूर्व संपादक अमर उजाला जगदीश लाल श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष अरविंद राय, पूर्व अध्यक्ष अशोक चौधरी, पूर्व अध्यक्ष रीतेश मिश्र, अजीत यादव, मृत्युंजय शंकर सिन्हा, मनोज यादव, कुंदन उपाध्याय, विजय जायसवाल, धीरज श्रीवास्तव, अजय शंकर त्रिवेदी, उत्तम दुबे, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, टीपी शाही, उमेश पाठक, बच्चा पांडेय, आलोक शुक्ला, सतीश पांडेय, घनश्याम कसौधन,

दामोदर उपाध्याय, मुर्तजा हुसैन, अनवर अली, जावेद, हरेंद्र दुबे, राजेश सोनकर, हरिकेश शाही, अशोक राव, संजय दुबे, प्रमोद सिंह, रजनीश श्रीवास्तव, सहित अन्य पत्रकार और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चिराग पासवान को पीएम बनाने की उठी मांग

### लोजपा (रामविलास) की समीक्षा बैठक

पुरवा (वीओएल)। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक रविवार को पुरवा ब्लॉक सभागार में आयोजित हुई। बैठक में संगठन मजबूती, बूथ स्तर तक विस्तार और आगामी रणनीति को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम का आयोजन कार्यवाहक जिलाध्यक्ष संजय त्रिपाठी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी धीरेंद्र कुमार सिंह (मुन्ना) ने कहा कि 2027 के विधान सभा/चुनाव में लोजपा रामविलास उत्तर प्रदेश को विधानभवन में नेतृत्व में देखना चाहती है। उसके लिए हम संगठन को मजबूत करने के लिए आज जनपद उन्नाव की कार्यकारिणी के साथ समीक्षा कर रहे है। 2027 में हमारी पार्टी 403 विधानसभा पर चुनाव लड़ेगी और सरकार में मंत्री के रूप में हमारा नेतृत्व होगा। बिहार सरकार में हमारे सरकार में 19 विधायक के साथ 2 मंत्री संजय पासवान संजय सिंह मजबूती से नेतृत्व कर रहे है। उत्तर प्रदेश सरकार में भी



मजबूत नेतृत्व की जरूरत है और युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान जैसे युवा नेता देश को नई दिशा दे सकते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में वेद प्रकाश प्रदेश सचिव मंडल प्रभारी ने कहा धर्म और जाति से उठाकर क्षेत्र की विकास और सभी जाति के साथ समन्वय बना कर एक धारा में जोड़ना हमारी पहल होगी। आगामी 2027 के विधान सभा चुनाव में विकासवाद की बात होगी ना जाति वाद न परिवारवाद। आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा जब युवाओं को नेतृत्व में प्राथमिकता मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष अनुराग द्विवेदी ने कहा कि देश को युवा प्रधानमंत्री की आवश्यकता है और चिराग पासवान को प्रधानमंत्री बनाए जाने की मांग की। बैठक में संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह जिला महासचिव अनुराग तिवारी जिला सचिव अंकुश गौतम नवल पासवान, अंशु द्विवेदी, रामकुमार लोधी, कृष्ण कन्हैया, उमेश द्विवेदी, बेबी पासवान, उमाशंकर चौरसिया, राजकुमार दुबे, आशु पटेल, कैलाश पंडित व बच्चा तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रेमी युगल ने मंदिर में रचाई शादी, थाने पहुंचकर दी जानकारी

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग का मामला उस समय चर्चा में आ गया जब एक प्रेमी युगल घर छोड़नू के बाद मंदिर में विवाह कर थाने पहुंच गया। पुलिस दोनों पक्षों के आरोपों की जांच कर रही है। खोराबार थाना क्षेत्र के रायगंज निवासी पीड़ित महिला नीलम देवी पत्नी श्रीराम प्रजापति की तहरीर पर चौरीचौरा पुलिस ने क्षेत्र के मरचहवा सरैया निवासी चार लोगों के विरुद्ध बी एन एस की धारा 87, 352, 351(2) तथा 351(3) की तहत मुकदमा दर्ज कर



मामले की छानबीन में जुटी है। पीड़ित नीलम देवी ने तहरीर के माध्यम से बताया कि उसकी पुत्री चांदनी प्रजापति चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा चौरी टोला सबुनी में अपने मामा के घर रहकर पढ़ती थी। उसकी शादी भी वहीं से तय हुई थी। महिला का आरोप है कि चौरीचौरा थाना क्षेत्र के मरचहवा सरैया निवासी सुरंजय प्रजापति पुत्र विरेन्द्र ने 6 भी 2026 को मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। उसने अपनी पुत्री पर नकदी समेत जेवरात भी साथ ले जाने का आरोप लगाया। उसने कहा कि जबउलाहना लेकर उसके घर मरचहवा गई तो उसकी बहन साधना उसकी मां गाली गलौज करते हुए जान माल की धमकी दिया। उसके पिता विरेन्द्र से भी घटना की जानकारी दी गई। पुलिस तहरीर के आधार पर सुरंजय प्रजापति पुत्र विरेन्द्र, साधना पुत्री विरेन्द्र, सुरंजय की मां तथा विरेन्द्र पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। वहीं जानकारी मिली है कि उक्त प्रेमी जोड़े किसी मंदिर में जाकर विवाह कर लिए हैं। युवक व युवती दोनों बालिग बताये जा रहे हैं।

## कटान क्षेत्र का विधायक ने निरीक्षण किया



फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। क्षेत्रीय विधायक ने कालीमिट्टी शिवराजपुर मार्ग पर गंगा का निकट हुए कटान का निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। रविवार को बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार नें ब्लॉक फतेहपुर चैरासी अंतर्गत कालीमिट्टी शिवराजपुर मार्ग पर हिन्दूपुर के समीप हुए कटान स्थल का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया वहीं लोगों की समस्याएं भी सुनी। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ आवश्यक बातचीत कर आमजन समेत क्षेत्रीय हित को दृष्टिगत रखते हुए त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। क्षेत्रीय विधायक नें कहा कि क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाना ही हमारी प्रतिबद्धता है। क्षेत्रीय विधायक के निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी बांगरमऊ बृजमोहन शुक्ला, अधिशाषी अभियंता सिंचाई दीपक यादव, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता सुबोध कुमार, ब्लॉक प्रमुख मनोज निषाद, अतुल मिश्रा, सरोज सिंह चैहान, प्रधान लक्ष्मी नारायण निषाद, संजय कश्यप, गोविन्द पाण्डेय सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ऑटो लूट का खुलासा, एक गिरफ्तार

बकेवर, इटावा। लवेदी पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान ग्राम ददोरा के पास से लूट का आरोपी आटो सहित गिरफ्तार किया। जब कि दूसरा लुटेरा भाग जाने में सफल रहा। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। भर्थना कस्बा के राजागंज निवासी राजू यादव आगरा कानपुर नेशनल हाइवे बकेवर बाईपास चैराहे से एक मई की रात 11 बजे दो युवकों के द्वारा एक मरीज को लाने के लिए आटो को 200 रुपए में बुक किया आटो चालक के आटो में लखना में पैट्रोल पम्प पर जाकर पैट्रोल लेकर लखना से नवादा खुर्दकला के लिए चला तो नवादा से थोडा पहले ही ब्रह्मदेव मंदिर के पास दोनों लुटेरों ने उल्टी करने की बात चालक से कही तो चालक हैडपम्प से पानी लेने गया तो लुटेरों ने पहले चालक को लात मारी इसके बाद वहां पड़े ईट पत्थर मारकर घायल करके आटो लूट ले गये थे जब चालक ने एक ईट भट्टा पर जाकर कॉल 112 पर की तब पुलिस व थाना पुलिस ने पहुंचकर एम्बुलेंस की मदद से बकेवर



अस्पताल पहुंचाकर उपचार कराया इसके बाद पीडित की बात सुनकर पुलिस द्वारा बकेवर सहित अन्य स्थानों पर सीसी टीवी कैमरे को देखकर जांच पडताल में जुटी रही।

वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण व एसपी ग्रामीण श्रीश चन्द्र के मार्गदर्शन व सीओ भर्थना रामदबन मौर्य के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक लवेदी अनिल कुमार विश्वकर्मा उपनिरीक्षक जितेन्द्र चैधरी व अन्य पुलिस बल के साथ शनिवार की रात 9, 10 मई को ददोरा पुलिया पर पर वाहन चैकिंग कर रहे थे कि तभी पुलिस को सूचना मिली की नवादा खुर्दकला की ओर से एक आटो आ रहा है तो पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा जिस पर पुलिस टीम ने बल प्रयोग करते हुए उसे रोका और आटो से एक युवक जिसका नाम विनय चैहान उर्फ मनू पुत्र उपेन्द्र चैहान निवासी नवादाखुर्दकला को गिरफ्तार किया जिसकी पास जामा तलाशी लेने पर एक तमंचा 315 वोर व एक खोखा कारतूस व लूटा गया आटो बरामद किया। वहीं एक अन्य लुटेरा अंधेरे का फायदा उठाकर भाग जाने में सफल रहा।

## चिराग पासवान हम सभी के लिए प्रेरणादायक है: वेदप्रकाश



इटावा। स्थानीय हर्षवर्धन पक्काबाग में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की महत्वपूर्ण संगठन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के विजन को जन-जन तक पहुँचाने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की रणनीति बनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार से पधारे वेदप्रकाश पाण्डेय संयोजक विधान मंडल, संसदीय दल सह प्रदेश अध्यक्ष युवा लोजपा-आर, बिहार का जोरदार स्वागत किया गया। जिला प्रभारी अंशुमान कुदेसिया ने मुख्य अतिथि को माल्यार्पण कर और शॉल ओढ़ाकर उनका भव्य नागरिक अभिनंदन किया। इस दौरान कार्यकताओं के उत्साह से पूरा परिसर गुंजायमान रहा। सभा का संचालन नदीम अहमद एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में इफ्तिखार मिर्जा, मुस्ताक मुल्ला जी, रिहान अहमद, शानू मंसूरी, शिवम आदि का विशेष सहयोग रहा। जिला प्रभारी अंशुमान कुदेशिया को बनाए जाने पर कार्यकताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि वेदप्रकाश पांडेय ने कार्यकताओं को पार्टी की मूल विचारधारा से अवगत कराया। उन्होंने कहा हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री के रूप में जिस समर्पण से कार्य कर रहे हैं। वह हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। हमें उनके हाथों को मजबूत करना है, और संगठन के कार्यों को हर घर तक पहुँचाना है। जिलाध्यक्ष योगेंद्र गोस्वामी ने भी संगठन की मजबूती पर विचार रखे। बैठक के मुख्य आकर्षण रहे जिलाप्रभारी अंशुमान कुदेसिया, जिन्होंने अपने अल्प किन्तु ओजस्वी संबोधन से न केवल कार्यकताओं में जोश भर दिया, बल्कि पूरे परिसर को तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान कर दिया। उन्होंने कहा कि दिनों में इटावा की इस ऐतिहासिक धरती पर हम जनमत का एक ऐसा सैलाब खड़ा करेंगे, जो विरोधियों के हौसले पस्त कर देगा। समीक्षा बैठक में पार्टी के सैकड़ों सक्रिय कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में आगामी समय में पार्टी के जनाधार को बढ़ाने का संकल्प लिया।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का इटावा में स्वागत



इटावा। चैपला कट पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का भरतपुर जाते समय जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने पगड़ी पहनाकर स्वागत किया तथा उपस्थित कांग्रेस जनों ने माल्यार्पण कर व गांधी प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय रविवार को कार्यक्रम हेतु भरतपुर जा रहे थे इस जिला कांग्रेस कमेटी को भनक लगते ही जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित अपने पार्टी पदाधिकारियो एवं कार्यकताओं के साथ चैपला कट पर पहुंचे जहां पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का भव्य स्वागत किया गया जिलाध्यक्ष श्री दीक्षित ने प्रदेश अध्यक्ष को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया वहीं उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारी ने प्रदेश अध्यक्ष जी को माला पहनाकर व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर भेटकर सम्मानित किया। स्वागत करने वालों में शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद, पीसीसी सदस्य कोमल सिंह कुशवाहा, पीसीसी सदस्य प्रशांत तिवारी, जिलाउपाध्यक्ष संजय दोहरे, संजय तिवारी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शौजब रिजवी, बाबू खान, गजेंद्र दुबे अनुराग कर्ण, अनिल चतुवेर्दी, मनोज तिवारी, सोनू मिश्रा, मनोज चैधरी, बबलू, राम जी, अमन तिवारी, डॉ. जितेंद्र यादव सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## बस ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत



उदी, इटावा। थाना बढ़पुरा के कस्बा उदी मोड़ चकरनगर मार्ग स्थित भदावर मार्केट के सामने अनियंत्रित बस ने बाइक सवार को रौंद डाला। बस का पहिया चढ़ने के बाद बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस को कब्जे में लिया जबकि चालक भागने में सफल रहा। थानां के कस्वा उदी मोड़ चकरनगर रोड निवासी बीरेंद्र सिंह का 30 वर्षीय पुत्र पवन बाइक से दुकान पर जा रहा था कि तभी चकरनगर की तरफ से आ रही बस के चालक ने बाइक सवार पवन को रौंद दिया। बस के दोनों पहिया पवन के ऊपर से गुजर गए। जिसमें उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। स्थानीय लोगों द्वारा उसे तत्काल निजी वाहन से जिला चिकित्सालय इटावा ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर मोर्चरी दाखिल किया गया। मृतक का घर व दुकान उदी मोड़ चकरनगर मार्ग पर मात्र 500 मीटर के अंतर में स्थापित हैं। जो घर से दुकान पर जा रहा था कि तभी दुकान 200 मीटर की दूरी पर घटना घटित हो गयी। मृतक की बीरेंद्र पुस्तक भंडार के नाम से दुकान है जिस पर वह पिता का सहयोग करता था।

## बच्चों के लिए बच्चा पार्टी प्ले जोन शुरू

इटावा। बच्चों के लिए आधुनिक और सुरक्षित प्ले जोन बच्चा पार्टी शुरू किया गया है। शहर में लंबे समय से ऐसी जगह की जरूरत महसूस की जा रही थी, जहां बच्चे मोबाइल और टीवी से दूर रहकर खुलकर खेल सकें, मस्ती कर सकें और दूसरे बच्चों के साथ समय बिता सकें।

इसी को ध्यान में रखते हुए शुरू किए गए इस प्ले जोन का उद्घाटन इटावा सफारी पार्क के निदेशक अनिल कुमार पटेल ने किया। यहां बच्चों के लिए कई तरह की एक्टिविटीज उपलब्ध है और सुरक्षा के भी विशेष इंतजाम किए गए है। शहर में जलेश्वर धाम मंदिर पक्का तालाब में पहली बार बच्चों के लिए बच्चा पार्टी नाम से आधुनिक प्ले जोन की शुरूआत की गई है। यह प्ले जोन बच्चों की सुरक्षा, मनोरंजन व बेहतर विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यहां बच्चे सुरक्षित व साफ सुथरे माहौल में खेल सकते है और अलग अलग एक्टिविटीज का आनंद ले सकते है। पूरा प्ले जोन एयर कंडीशन बनाया गया है और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी लगाए गए है। इस मौके पर बच्चा पार्टी प्ले जोन के प्रमोटर अभिषेक कटियार, ऋषभ कटियार, समाजसेवी हरीशंकर पटेल, रणजीत सिंह वर्मा, प्रकाश चंद्र वर्मा, धीरेन्द्र कुमार, अरूण वर्मा, राकेश वर्मा डबोले, निहाल वर्मा सहित शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबन्द "खुली निविदा" वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना संख्या:** 38 वर्ष 2026; **कार्य का विवरण:** लखनऊ डिवीजन में विभिन्न सीटीआर–टीटीआर और अन्य इंजीनियरिंग कार्यों से संबंधित सिग्नलिंग कार्य। **अनुमानित लागत(₹):** ₹4,30,37,394.94; **बयाना राशि:** ₹8,60,800/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** ₹00.00; **कार्य समापन अवधि:** 09 माह; **निविदाओं के बन्द होने की अंतिम तिथि एवं समय:** 04.06.2026 को 15:00 बजे। **नोट:** इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।

मुजाधि/सिग्नल–30 वमसिदूई, लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–प्रापण निविदा सं: उप मु.इं.-निर्माण-एलजेएन-04-2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं:–

**क्रम सं.-1,** खुली निविदा संख्या: उप मु.इं.-नि.-एलजेएन-04-2026, दिनांक 07-05-2026, कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मण्डल में एटा–कासगंज नई लाईन परियोजना के अन्तर्गत कासगंज यार्ड में इलेक्ट्रानिक इण्टरलॉकिंग (इ.आई.) भवनों तथा सम्बन्धित सिविल एवं ट्रैक कार्यो का प्रावधान। अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 14,32,48,834.36, बयाना राशि: ₹ 28,65,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: -निल-, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 18 (अठारह) माह। ● क्रम सं.-1, ई-टेण्डर डालने की अन्तिम तिथि 29-05-2026 समय 15:00 बजे तक है तथा उसी दिन 15:30 बजे मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर के कार्यालय में खोली जायेगी। ● निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट *https://www.ireps.gov.in* अथवा वेबसाइट *www.ner.indianrailways.gov.in* पर भी देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण-I, लखनऊ जं.

मुजाधि/डब्लू-92

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

संक्षेप

## शराब की दुकान का महिलाओं ने किया विरोध

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के पौराणिक धार्मिक स्थल टेढेनाथ धाम की रास्ता पर शराब की दुकान खोले जाने का महिलाओं ने विरोध किया था जिसे हटा कर कुछ दूरी पर लकड़ी का खोखा रखकर संचालित कराया गया था महिलाओं ने एक राय होकर शराब के खोखे में बैठे सेल्समैन को लाठी डंडा लेकर खदेड़ दिया और रखा सामान क्षतिग्रस्त कर दिया है। मोहम्मदी कोतवाली के अमीर नगर चौकी क्षेत्र में स्थित टेढ़े नाथ धाम पर जाने वाले रास्ते पर हजरत पुर गांव के पास शराब की सरकारी दुकान संचालित हो रही थी महिलाओं ने क्षेत्र में बढ़ती अराजकता को लेकर एक राय हो गई और उन्होंने धावा बोल कर लाठी डंडों से सामान क्षतिग्रस्त कर दिया और सेल्समैन को भगा दिया घटना की सूचना मिलते ही जिला आबकारी अधिकारी, सीओ, निरीक्षक उमेश चौरसिया, चौकी इंचार्ज अमीर नगर संजीत तिवारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे हैं वहीं महिलाएं घटना को अंजाम देकर निकल गई है। अधिकारियों ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है कार्रवाई की जाएगी।

## सीएमओ के संरक्षण में निघासन रोड पर चल रहा फर्जी अस्पताल

लखीमपुर खीरी। सीएमओ के संरक्षण में लखीमपुर के महेवा गंज कस्बे में परचून की दुकान की तरह अवैध हॉस्पिटल संचालित किया जा रहे हैं। मानक विहीन चल रहे फर्जी हॉस्पिटल मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि हॉस्पिटलों का पंजीकरण नहीं है रैंप फायर सिस्टम बिल्डिंग में ऑपरेशन की सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं है। फर्जी हॉस्पिटल के डॉक्टर मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। आए दिन फर्जी हॉस्पिटलों पर डिलीवरी के दौरान मरीजों की मौत हो रही है। स्वास्थ्य विभाग इन फर्जी हॉस्पिटलों को मौत बांटने के लिए खुला छोड़ रहा है। आखिर ऐसे कितने हॉस्पिटल संचालित हो रहे हैं स्वास्थ्य विभाग बताने में नाकाम साबित हो रहा है। पहले हॉस्पिटल संचालित किया जाता है मरीज की मौत के बाद बोर्ड उतार कर फर्जी हॉस्पिटल दूसरे के नाम से संचालित किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। महेवागंज क्षेत्र के निघासन रोड दुबग्गा रोड पलिया रोड पर फर्जी हॉस्पिटल मरीज के लिए यमराज साबित हो रहे हैं।

## वायरल वीडियो पर जिला अस्पताल प्रशासन की सफाई

सीतापुर। जिला चिकित्सालय सीतापुर से चार वर्षीय बच्ची का शव गोद में लेकर जाते परिजनों का वीडियो वायरल होने के बाद अस्पताल प्रशासन ने पूरे मामले में अपनी सफाई दी है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि बच्ची को अस्पताल लाए जाने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी और परिजनों को शव वाहन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया चल रही थी। पत्र के अनुसार, 9 मई को करीब 12:15 बजे कृष्णापुर थाना संदना निवासी दुर्गेश अपनी चार वर्षीय पुत्री लक्ष्मी को जिला अस्पताल की इमरजेंसी ओपीडी लेकर पहुंचे थे। जांच के बाद डॉक्टरों ने बच्ची को ब्रॉट डेड घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि बच्ची को अस्पताल लाने में काफी देर हो चुकी थी।

# मातृ दिवस पर भावनाओं का संगम



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषक समाज इंटर कॉलेज में मातृ दिवस का आयोजन भावनात्मक और सांस्कृतिक माहौल के बीच किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने पोस्टर, रंगोली, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और कविता के माध्यम से मां के त्याग, ममता और संघर्ष को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम कॉलेज के प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जबकि समाजसेवी अनीता वर्मा मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के स्वागत और अभिनंदन से हुई। प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने बुके देकर उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में अनीता वर्मा ने कहा कि मां केवल एक शब्द नहीं बल्कि ईश्वर का साक्षात रूप होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से माता-पिता के सम्मान और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। मातृ दिवस को खास बनाने के लिए छात्राओं ने सेल्फी प्वाइंट तैयार किया, जहां अतिथियों और शिक्षकों के साथ तस्वीरें खिंचवाकर उत्साह व्यक्त किया। छात्राओं ने रंगों और सलाद से आकर्षक रंगोली बनाई, वहीं कैनवास पर पोस्टर बनाकर मां की ममता और त्याग को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गीत, कविता और नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। स्काउट एवं क्रीड़ा प्रभारी देवेंद्र सिंह ने शायराना अंदाज में मां की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा, मैंने जन्नत तो नहीं देखी है, लेकिन मां को देखा है। उनकी प्रस्तुति पर कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने तालियों से उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अनिल कुमार और आरती गुप्ता ने मुख्य अतिथि से केक कटवाकर छात्राओं का उत्साहवर्धन कराया तथा स्मृति स्वरूप मां के नाम एक पौधा भेंट किया। इस दौरान प्रतिभागी छात्राओं अरीबा, सदफ, शैलजा मिश्रा, मोनिस, इशा कटियार, कनक, तन्वी कश्यप, निधि राज और यशस्वी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधक रवि प्रकाश वर्मा, उपमंत्री विनोद चंद्र मिश्र, अशोक कुमार वर्मा, सुरविंद कुमार, अरुण कुमार पांडे, संजय कुमार, रागिनी, मनीषा भारती समेत शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे। अंत में प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने सभी का आभार जताते हुए विद्यार्थियों को जीवनभर मां के प्रति सम्मान और कृतज्ञता बनाए रखने का संदेश दिया।

## मातृ सम्मेलन में मां-बेटी के रिश्ते को मजबूत बनाने पर जोर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। श्री गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज में मातृ दिवस की पूर्व संध्या पर मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में छात्राओं की माताओं को आमंत्रित कर मां-बेटी के रिश्तों, संवाद और संस्कारों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अपनी माताओं के सम्मान में गीत प्रस्तुत किए और आकर्षक शुभकामना कार्ड बनाकर उन्हें भेंट किए। विद्यालय में बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर छात्राओं ने अपनी माताओं के साथ तस्वीरें खिंचवाकर यादगार पल साझा किए। सम्मेलन में माताओं ने प्रधानाचार्या और शिक्षिकाओं के साथ अपने अनुभव और विचार साझा किए। प्रधानाचार्या डॉ. पूनम वर्मा ने कहा कि माताओं को अपनी बेटियों के साथ संवाद मजबूत करना चाहिए, ताकि बच्चे अपनी भावनाएं खुलकर साझा कर सकें। उन्होंने कहा कि बच्चों की बातों को ध्यान से सुनना, उनकी भावनाओं को समझना और सही-गलत का अंतर बताना बेहद जरूरी है। उन्होंने माताओं से बच्चों की अच्छी आदतों और उपलब्धियों की सराहना करने, उनके मित्रों और सहेलियों के बारे में जानकारी रखने तथा परिवारों से सामान्य संबंध बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि बच्चों को छोटे-छोटे जिम्मेदारी वाले कार्य देने से उनमें आत्मविश्वास विकसित होता है। प्रधानाचार्या ने माताओं से बच्चों को समय-समय पर स्नेह और अपनापन देने की भी बात कही। संचालन सवि चतुर्वेदी ने किया।

## एसडीएम ने शस्त्र दुकानों का किया निरीक्षण



मोहम्मदी खीरी। एसडीएम ने पुलिस अधिकारियों के साथ कस्बा की शस्त्र विक्रेता की दुकानों का औचक निरीक्षण कर कारतूस और जमा शस्त्रों का का मिलान कर उचित दिशा निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने वार्षिक निरीक्षण के दौरान वैरागी गन हाउस, ओम गन हाउस, शक्ति गन हाउस आदि शस्त्र विक्रेताओं की दुकान पर पहुंचकर कारतूसों की बिक्री और खरीदार के दस्तावेज का मिलान करते हुए दुकान में जमा शस्त्र के रखरखाव और सुरक्षा संबंधी जानकारी हासिल की है। कारतूसों के खरीदारों का सत्यापन और प्रयोग की वजह रजिस्टर में अंकित करने का निर्देश दिया है। इस दौरान सीओ अभिमन्यु त्रिपाठी, एस एच ओ मौजूद रहे।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने किया वार्ड कैंपों का निरीक्षण

पलियाकलां खीरी। नगर पालिका परिषद पलिया कलां की अध्यक्ष लक्ष्मी देवी गुप्ता ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत संचालित स्वगणना अभियान के तहत विभिन्न वार्डों में आयोजित कैम्पों का निरीक्षण किया तथा आम जनमानस को स्वगणना के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वगणना प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लें और सही जानकारी उपलब्ध कराकर जनगणना को सफल बनाएं। निरीक्षण के दौरान संबंधित वार्ड सभासद भी उपस्थित रहे। अध्यक्ष ने कैम्पों में की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अभियान को अधिक प्रभावी एवं जनसह भागिता आधारित बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद पलिया कलां के अधिशासी अधिकारी विजय बहादुर यादव ने बताया कि स्वगणना को व्यापक जनअभियान का



स्वरूप देने के उद्देश्य से नगर के सभी वार्डों में विशेष कैम्प आयोजित किये गये हैं। उन्होंने कहा कि पालिका प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक तक स्वगणना की जानकारी पहुंचे और अधिक से अधिक लोग इस प्रक्रिया से जुड़ें। पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वगणना अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाकर जनगणना 2027 को सफल बनाने में सहयोग करें। इस दौरान प्रगणकों, पर्यवेक्षकों एवं संबंधित पालिका स्टाफ की उपस्थिति रही।

## विद्या मंदिर में छात्र संसद प्रशिक्षण में अनुशासन और नेतृत्व का पाठ




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। विद्या भारती से संबद्ध और भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित लखीमपुर संकुल के समस्त विद्या मंदिरों का संकुल स्तरीय छात्र संसद, कन्या भारती एवं शिशु भारती प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक दायित्वों का पाठ पढ़ाया गया।

उद्घाटन सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष राम दयाल वर्मा, विशिष्ट अतिथि एवं संकुल प्रमुख डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष ईश्वर दीन वर्मा, पूर्णकालिक प्रशिक्षण प्रमुख मुनेन्द्र दत्त शुक्ल तथा प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित और पुष्प अर्पित कर किया।

कार्यक्रम में सरस्वती वंदना के बाद प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने अतिथियों का परिचय कराया और प्रशिक्षण वर्ग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छात्र संसद के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। विशिष्ट अतिथि एवं संकुल प्रमुख डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह ने प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं और ऐसे प्रशिक्षण उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन और सक्रिय सहभागिता बनाए रखने का आह्वान किया।

पूर्णकालिक प्रशिक्षण प्रमुख मुनेन्द्र दत्त शुक्ल ने कहा कि छात्र संसद विद्यालयी व्यवस्था में विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। इससे बच्चों में निर्णय क्षमता और नेतृत्व कौशल विकसित होता है। कार्यक्रम का संचालन छात्र संसद प्रभारी आचार्य अभिषेक सिंह ने किया। उद्घाटन सत्र में विभिन्न विद्यालयों के आचार्य, छात्र-छात्राएं और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मदर्स डे पर नवजातों और माताओं को बांटे उपहार

सीतापुर। श्रीकृष्ण नरायण सेवा समिति की ओर से मदर्स डे के अवसर पर जिला महिला अस्पताल में भावनात्मक और प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवजात शिशुओं और उनकी माताओं को सम्मानित कर मातृत्व के प्रति आदर और संवेदना का संदेश दिया गया। संस्था की महिलाओं ने अस्पताल पहुंचकर नवजात बच्चों को कपड़े, खिलौने, पौष्टिक आहार और आवश्यक सामग्री वितरित की, वहीं माताओं को जरूरी सामेग्री भेंट कर उनका सम्मान किया गया।



कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में खुशियों और अपनत्व का माहौल देखने को मिला। संस्था की अध्यक्ष सुनैना गुप्ता ने कहा कि मां सिर्फ एक रिश्ता नहीं, बल्कि त्याग, प्रेम और शक्ति का प्रतीक होती है। उन्होंने बताया कि मदर्स डे का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि उन माताओं के प्रति सम्मान प्रकट करना है जो अपने परिवार और बच्चों के लिए हर दिन संघर्ष करती हैं। उन्होंने कहा कि नवजात शिशुओं के साथ माताओं के चेहरे पर मुस्कान लाना संस्था के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है। संस्था पिछले करीब दस वर्षों से सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। गरीबों की सहायता, स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सम्मान और जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाने जैसे कार्य लगातार किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में श्वेता जैन ,रिंकी रस्तोगी, नेहा गुप्ता, सीमा जैन, रेखा रानी सक्सेना, शिल्पी, प्रीती और आदित्य सहित कई लोगों ने सक्रिय सहयोग किया। वहीं डॉ. जैदी, डॉ. रीता और महिला अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संस्था ने सभी चिकित्सकों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सड़क हादसों में तीन की मौत, कई घायल

सीतापुर। जिले में रविवार को रफ्तार का कहर देखने को मिला। जिले के महमूदाबाद, रामकोट और खैराबाद थाना क्षेत्रों में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कहीं तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार युवक की जान ले ली तो कहीं बाइक और सीएनजी ऑटो की भिड़ंत मौत का कारण बन गई। वहीं सड़क पार कर रही महिला को स्कॉर्पियो ने कुचल दिया। सभी घटनाओं के बाद पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से युवक की मौत

सीतापुर। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के रामपुर मथुरा रोड स्थित ललित मेमोरियल लाइब्रेरी एंड स्टडी प्वाइंट के पास रविवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार युवक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में नयागांव निवासी कुतुबुद्दीन (19) पुत्र नसरुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि युवक रिश्तेदारी में खेतौरा जा रहा था। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय लोगों की मदद से आरोपी वाहन की तलाश कर रही है।

### बाइक और ऑटो की भिड़ंत, एक की मौत

सीतापुर। जिले के रामकोट थाना क्षेत्र के हरदोई-सीतापुर मार्ग स्थित रायपुर नहर पुलिया के पास बाइक और सीएनजी ऑटो की आमने-सामने भिड़ंत में छह लोग घायल हो गए। मिश्रिख क्षेत्र के जयपुर गांव निवासी सुनील अपनी पत्नी रागिनी और साथी राजेश के साथ बाइक से जा रहे थे, तभी सामने से आ रहे ऑटो से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो सवार इर्शाद, बिंदु और समीर भी घायल हुए। सभी को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान राजेश की मौत हो गई। वहीं सुनील और रागिनी की हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ रेफर किया गया। पुलिस के अनुसार बाइक चालक ने हेलमेट नहीं पहन रखा था।

### स्कॉर्पियो की टक्कर से महिला की जान गई

सीतापुर। खैराबाद थाना क्षेत्र के बाराभारी के पास सड़क पार कर रही महिला को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। ग्राम असोढ़र निवासी हसरा (45) पत्नी स्वर्गीय खलील गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। परिजनों के अनुसार मृतका के तीन बेटियां और एक बेटा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए बताया कि परिजनों के पास वाहन का नंबर मौजूद है और तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बंगाल विजय पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह



सीतापुर। लखीमपुर खीरी के पूर्व सांसद एवं पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी का रविवार को कस्बा कमलापुर में बंगाली समाज एवं भाजपा कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। पश्चिम बंगाल के बालीगंज एवं चैबीस परगना पश्चिम के प्रभारी रहे अजय मिश्रा टेनी ने हाल ही में हुए चुनावों में भाजपा को सभी 31 सीटों पर विजय दिलाने में अहम भूमिका निभाई। दो माह से अधिक समय तक पश्चिम बंगाल प्रवास के बाद वह रविवार सुबह अमौसी एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से सड़क मार्ग से अपने गृह जनपद लखीमपुर जाते समय कमलापुर में उनका जोरदार अभिनंदन किया गया। डॉ. सुसांत विश्वास के नेतृत्व में आयोजित स्वागत समारोह में कार्यकताओं ने फूल-मालाओं और जयघोष के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री गिरीश चंद्र मिश्रा, भाजपा नेता रवि तिवारी, प्रमोद जायसवाल, गुप्तार जायसवाल, मोहीत शुक्ला,अपर्णा मिश्रा, अनुज तिवारी, स्वपन कुमार विश्वास, तरुण मलिक, सोमिल विश्वास समेत पांच सौ से अधिक भाजपा कार्यकर्ता और बंगाली समाज के लोग मौजूद रहे।

### ममता सरकार भय, हिंसा और राजनीतिक प्रताड़ना के सहारे सत्ता चला रही थी



सीतापुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने कमलापुर स्थित डॉ. सुसांत विश्वास के आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की कार्यशैली पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र पूरी तरह खतरे में था और ममता सरकार भय, हिंसा और राजनीतिक प्रताड़ना के सहारे सत्ता चला रही थी । अजय मिश्रा ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं को लगातार निशाना बनाया गया, लेकिन तमाम दबाव और हिंसा के बावजूद जनता ने भाजपा के पक्ष में ऐतिहासिक समर्थन दिया। उन्होंने दावा किया कि चैबीस परगना पश्चिम की सभी 31 सीटों पर मिली जीत जनता के आक्रोश का परिणाम था ।

## कार की टक्कर से बाइक सवारों में एक की मौत, दो घायल

पलियाकलां खीरी। भीरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार एक किशोर की मौत हो गई, जबकि दो किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा भीरा-बिजुआ स्टेट हाईवे पर मनमीत नगर कॉलेज के पास सुबह करीब 10 बजे हुआ। मनहरिया गांव निवासी नितिन सिंह उर्फ आशू (18) पुत्र जितेंद्र सिंह अपने दो साथी दीपक (19) पुत्र रूपेंद्र सिंह व नीरज (20) पुत्र परसराम के साथ बाइक से भीरा जा रहा था। तभी भीरा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। तीनों किशोर सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने बिना एंबुलेंस का इंतजार किए निजी वाहन से घायलों को एक निजी अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लखीमपुर ले जाते समय रास्ते में नितिन की मौत हो गई। घायल दीपक व नीरज का लखीमपुर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची भीरा पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस कार चालक की तलाश व मामले की जांच कर रही है

## पं. दीन दयाल जिला प्रशिक्षण महा अभियान को लेकर बैठक आयोजित



लखीमपुर खीरी। गोला में आगामी 16-17 मई को आयोजित होने वाले पण्डित दीन दयाल जिला प्रशिक्षण महा अभियान को लेकर जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि वर्ग प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र तिवारी जी (पूर्व प्रदेश मंत्री) के साथ जिला प्रशिक्षण वर्ग जिला टोली मौजूद रही। जिसमे नगर पालिका अध्यक्ष मा. विजय शुक्ला रिंकू, जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा, राजेश सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष विजय माहेश्वरी, कुलभूषण सिंह, पूर्व जिला महामंत्री ज्योतिर्मय बरतरिया, जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, रामजी मौर्य, संतोष कुमारी, जिला मंत्री शरद मिश्रा, जिला आई टी प्रमुख शौर्य सक्सेना, जिला सोशल मीडिया संयोजक निष्कर्ष मिश्रा, जिला सहसयोजक आई टी अमित मिश्रा, जिला सहसयोजक सोशल मीडिया ऋषभ पाण्डेय, नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार टोली सहित उपस्थित रहे। इसमें आगामी प्रशिक्षण वर्ग को लेकर विस्तृत कार्ययोजना एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई।

## प्राइवेट एम्बुलेंस की टक्कर से दो बाइक सवार घायल




जंगबहादुरगंज खीरी। कस्बा जंगबहादुरगंज से पसगवां जाने वाले मार्ग पर बाईपास के पास शनिवार की देर शाम करीब सात बजे एक सड़क हादसा हो गया हादसे में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। कोतवाली पसगवां क्षेत्र के ग्राम एकघरा निवासी विवेक (25)पुत्र बलजीत,शैलेन्द्र(20) पुत्र इंद्रजीत अपनी स्पोर्ट बाइक संख्या यूपी 31 वाई 5243 पर सवार होकर जे बी गंज किसी काम को लेकर आए तो जहां से वापस अपने घर लौट रहे थे जिससे ही बह बाईपास के पहुंचे सामने से आ रही तेज रफ्तार प्राइवेट एम्बुलेंस सख्या एच आर 55 ए जे 6457 ने जोरदार टक्कर मार दी हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे पसगवां कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह, जे बी गंज राघवेंद्र प्रताप सिंह ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवां भिजवाया जहां डाक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है,बही एम्बुलेंस चालक रात के अंधेरे का फायदा उठाकर एम्बुलेंस छोड़कर मौके से फरार हो गया,हादसे की सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## रोडवेज बस की टक्कर से मजदूर की मौत

पिपरिया धनी खीरी। वीओएल। रेहरिया क्षेत्र में रोडवेज बस की टक्कर से घायल हुए मजदूर की मौत के बाद परिवार पर संकट गहरा गया है। गांव में मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। हादसे के बाद पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्राम राजगढ़ निवासी 40 वर्षीय लालजीत मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। शनिवार शाम वह अपने भतीजे सत्यम के साथ पिपरिया धनी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रोडवेज बस की टक्कर लगने से दोनों घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने लालजीत को मृत घोषित कर दिया। हादसे में भतीजे सत्यम को भी चोटें आई हैं। लालजीत की मौत के बाद परिवार की जिम्मेदारी उनके 20 वर्षीय बेटे मनीष कुमार के कंधों पर आ गई है। परिवार में तीन छोटी बहनों की पढ़ाई और शादी की चिंता अब मनीष के सामने खड़ी हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार लालजीत की मजदूरी ही परिवार की आय का एकमात्र सहारा थी।

## चार रातों की पहरेदारी के बाद पकड़ा गया खूंखार शिकारी

सीतापुर। सकरन इलाके के ऊंचगांव में पिछले एक महीने से दहशत का कारण बना भेड़िया आखिरकार ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया। रात के अंधेरे में घरों में घुसकर बकरियों को शिकार बनाने वाले इस खूंखार जानवर ने गांव में भय का माहौल बना रखा था। शनिवार देर रात ग्रामीणों की सतर्कता और चार दिनों की लगातार निगरानी रंग लाई और भेड़िए को जिंदा पकड़ लिया गया। बाद में ग्रामीणों ने उसे वन विभाग के सुपुर्द कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, भेड़िया पिछले एक महीने में गांव की सात बकरियों को अपना शिकार बना चुका था। वह हर रोज गांव में नहीं आता था, बल्कि दो-तीन दिन के अंतराल पर अचानक हमला कर देता था। इसी वजह से ग्रामीण उसे पकड़ नहीं पा रहे थे। गांव वालों का कहना है कि मामले की सूचना पहले ही वन विभाग को दी गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लगातार हो रहे हमलों से परेशान होकर गांव के मनोहर लाल, सुरेश, रामपाल, प्यारेलाल समेत कई ग्रामीणों ने खुद मोर्चा संभाल लिया। गांव में टोलियां बनाकर रात-रात भर पहरा शुरू किया गया। शनिवार रात करीब 11:30 बजे भेड़िया गांव निवासी गुड्डू के घर में घुस आया और बंधी बकरी पर हमला करने की कोशिश करने लगा। तभी पहले से सतर्क ग्रामीणों ने घर को चारों ओर से घेर लिया। काफी मशक्कत के बाद भेड़िए को पकड़कर रस्सियों से बांध दिया गया। पूरी रात गांव में अफरा-तफरी और लोगों की भीड़ लगी रही। सुबह सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और भेड़िए को अपने कब्जे में ले लिया। वन दरोगा अभय प्रताप सिंह ने बताया कि पकड़े गए भेड़िए को सुरक्षित जंगल में छोड़ा

## आशा मौर्य ने जताई नाराजगी, मंत्री पद की चर्चाओं पर गरमायी सियासत

सीतापुर। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार की चचाओं के बीच सीतापुर जिले से भी मंत्री परिषद में प्रतिनिधित्व मिलने की अटकलें तेज हो गई थीं। खासतौर पर महमूदाबाद से भाजपा विधायक आशा मौर्य का नाम समर्थकों और सोशल मीडिया पर सक्रिय राजनीतिक विश्लेषकों द्वारा जोरशोर से उछाला जा रहा था। कई लोगों ने तो उन्हें मंत्री बनाए जाने की ह्लघोषणाह्व तक कर डाली और सोशल मीडिया पर बधाइयों का दौर शुरू हो गया। हालांकि रविवार को मंत्रिमंडल विस्तार की आधिकारिक घोषणा के बाद जब सीतापुर जिले के किसी भी विधायक को जगह नहीं मिली तो सोशल मीडिया का माहौल अचानक बदल गया। जो लोग कल तक बधाई संदेश लिख रहे थे, वही अब प्रदेश सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाते नजर आए। इसी बीच विधायक आशा मौर्य ने भी सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा कर अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने लिखा कि भाजपा में वर्षों से समर्पण भाव से कार्य करने वाले मौर्य समाज और निष्ठावान कार्यकताओं की अनदेखी की जा रही है।

संक्षेप

## गोमती मित्रों का सीता कुंड धाम पर चला श्रमदान अभियान

**सुलतानपुर (वीओएल)।** गोमती मित्र मंडल द्वारा प्रत्येक रविवार चलाया जाने वाला स्वच्छता जागरूकता श्रमदान अभियान 10 मई को भी सीता कुंड धाम पर उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। सुबह 6 बजे शुरू हुआ यह अभियान लगातार तीन घंटे तक चला, जिसमें गोमती मित्रों ने घाट, श्राद्ध स्थल और सीता उपवन परिसर की व्यापक सफाई की। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने गोमती नदी के भीतर उतरकर टूटे-फूटे कलश, मूर्तियां, कपड़े और कांच के फ्रेम जैसे अवशेष बाहर निकाले। पिछले तीन सप्ताह से लगातार चल रहे इस अभियान का उद्देश्य नदी में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को चोट लगने से बचाना है। सफाई के दौरान कई गोमती मित्र स्वयं भी चोटिल हुए, लेकिन उनका उत्साह कम नहीं हुआ। प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि गोमती नदी की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी लोगों को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। श्रमदान अभियान में राजेंद्र शर्मा, रमेश माहेश्वरी, अजय वर्मा, डॉ. कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, अरुण गुप्ता, राकेश मिश्रा, अजीत शर्मा, अभय मिश्रा, आयुष सोनी सहित कई स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**सलोन, रायबरेली।** एसबीआईटी कंप्यूटर इंस्टिट्यूट सलोन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के सर्वोदय पीजी कॉलेज प्रवक्ता डॉ प्रदीप सिंह और विकास खण्ड सलोन के सभी स्कूलों के अध्यापक उपस्थित थे जिसमें हाई स्कूल और इंटर मीडिएट में 60 प्रतिषत से अधिक अंक पाने वाले और सी सी सी में उत्तीर्ण छात्रों को सर्टिफिकेट मेडल ट्रॉफी और गिफ्ट देकर एसबीआईटी कंप्यूटर इंस्टिट्यूट सलोन के आयोजक प्रदीप मौर्य द्वारा सभी को सम्मानित किया गया और कहा कि आने वाला युग में तकनीक का युग है। तकनीक के बिना किसी का कोई भविष्य नहीं है। इसलिए तकनीकी शिक्षा को ग्रहण करें और कहा कि पिछड़े इलाके में बच्चों को न कंप्यूटर प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित करना सराहनीय कार्य है। इसके बाद उन्होंने कंप्यूटर का प्रशिक्षण लिए 60 प्रतिशत छात्र-छात्राओं में प्रमाण पत्र वितरित किया। इस अवसर पर संजय, विपिन, शिवनाथ पांडेय रामचंद्र शुक्ल संदीप, दिनेश, अरविंद, राहुल, रूपेश पांडेय, शिखा, पायल, रोली, एडवोकेट चन्द्रभान मौर्य, प्रदीप मौर्य अमेठी (लोकगायक) इंद्रेश मौर्य एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

## समीक्षा बैठक संपन्न

**लंभुआ, सुलतानपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) मध्यांचल उत्तर प्रदेश की संगठन समीक्षा बैठक रविवार को सुल्तानपुर में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा कार्यकताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष (प्रभारी मध्यांचल) मा. अनिल कुमार त्रिपाठी, मुख्य अतिथि जितेंद्र यादव प्रदेश प्रवक्ता बिहार सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कार्यकताओं से संगठन विस्तार और जनसमस्याओं को लेकर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अरविंद पासवान, महेश कुमार बाल्मीकि, संजीव कुमार तिवारी सहित अन्य नेताओं ने अपने विचार रखे।

# अदिति सिंह ने लालूपुर चौहान आवास पर की जन-सुनवाई

## विधायक ने अधिकारियों को दिये त्वरित कार्रवाई के निर्देश



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने लालूपुर चौहान स्थित अपने आवास पर जन-सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र से आए नागरिकों से आत्मीय भेंट कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना। जन-सुनवाई में बिजली, पानी, सड़क, राशन, पेंशन और आवास योजना से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। ग्रामीणों ने विधायक के सामने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं।

विधायक अदिति सिंह ने जनहित एवं लोककल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण ही सुशासन की पहचान है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**ग्राम चौपाल में जनता से रूबरू हुईं विधायक अदिति सिंह**

**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने सदर विधान सभा क्षेत्र के विकास खण्ड राही अंतर्गत पूरे लिललहन, पूरे बच्चा सिंह एवं इकछनिहा में आयोजित ग्राम चैपाल कार्यक्रम में भाग लिया।

ग्राम चौपाल के दौरान विधायक अदिति सिंह ने गांव-गांव पहुंचकर जनता से सीधा संवाद किया। उन्होंने चैपाल में मौजूद ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और विकास कार्यों की जमीनी हकीकत की समीक्षा की। इस मौके पर सड़क, बिजली, पानी, आवास और पेंशन जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठे। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। विधायक अदिति सिंह ने कहा कि जनता से सीधा संवाद ही सुशासन की पहली सीढ़ी है। क्षेत्र का समग्र विकास और हर जरूरतमंद तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही लक्ष्य है। कार्यक्रम में स्थानीय ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज में मनाया गया एनआरपी दिवस

**सुलतानपुर (वीओएल)।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में शनिवार को एनएनएफ के राष्ट्रीय एनआरपी (नवजात पुनर्जीवन कार्यक्रम) दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन शिशु रोग विभाग द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य नवजात शिशुओं की आपातकालीन देखभाल और पुनर्जीवन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित करना था। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों, कौशल प्रदर्शन और प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि जन्म के तुरंत बाद नवजात शिशुओं को समय पर और प्रभावी पुनर्जीवन मिलना जीवन रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम दो शिफ्टों में आयोजित हुआ, जिसमें लगभग 85 चिकित्सकों और नर्सिंग कर्मियों ने सहभागिता की। प्रथम शिफ्ट में करीब 50 और द्वितीय शिफ्ट में 35 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के कोर्स कोऑर्डिनेटर एवं लीड इंस्ट्रक्टर डॉ. प्रियंक वर्मा और डॉ. धर्मराज मौर्य रहे। वहीं डॉ. संदीप बरनवाल और डॉ. साक्षी अग्रवाल ने भी प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रियंक वर्मा ने कहा कि नवजात शिशुओं की बेहतर देखभाल के लिए नियमित प्रशिक्षण और कौशल विकास आवश्यक है।

## बेटियों के हाथ पीला करने में सहयोगी बन रहा है टीएससीटी

**रायबरेली।** टीएससीटी यानि टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने वैदिक इंटर कॉलेज में कन्यादान योजना के तहत चेक वितरण समारोह आयोजित किया। इसमें जनपद रायबरेली के सात शिक्षकों की बेटियों को 51-51 हजार रुपए के चेक मुख्य अतिथि प्रांतीय संगठन मंत्री अंकित शुक्ला और प्रांतीय सचिव बबीता वर्मा व विशिष्ट अतिथि गरिमा पाण्डेय ने आशीर्वाद स्वरुप प्रदान किया। विशिष्ट अतिथि व प्रांतीय आईटी सेल प्रभारी विश्वनाथ प्रसाद, सुनीत सिंह व आशीष बाजपेई ने संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद, प्रदेश महामंत्री सुधेश पांडे व प्रदेश कोषाध्यक्ष संजीव रजक द्वारा स्थापित टीएससीटी व एनएससीटी की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला संयोजक अनुराग मिश्र ने बताया कि टीएससीटी द्वारा अब तक 560 कन्याओं के विवाह में लगभग 3 करोड रुपए आशीर्वाद स्वरुप प्रदान किए जा चुके है। जिला प्रवक्ता अखिलेश चैरसिया व जिला मीडिया प्रभारी व कन्यादान प्रभारी शशांक त्रिवेदी ने बताया की टीएससीटी द्वारा अब तक 576 दिवंगत परिवारों को 254 करोड़ रुपए की मदद की जा चुकी है।

# मातृ दिवस पर आरडी कान्वेंट स्कूल में दिया गया संस्कारों का संदेश



**शुकुल बाजार/अमेठी।** शुकुल बाजार-इन्हौना रोड स्थित बाबा अधीन दास ताल मवैया के पास संचालित फऊ उड्ढल्ल्९ॅल्ल्ह्व दूँड्ढड्डव्र में रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर बच्चों एवं उनकी माताओं की उपस्थिति में एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से मातृत्व सम्मान एवं पारिवारिक संस्कारों को लेकर विशेष संदेश दिया गया। विद्यालय के प्रबंधक बृजेश यादव ने कहा कि माँ बच्चों के जीवन की पहली गुरु होती हैं। उनके संस्कार, त्याग, अनुशासन और मार्गदर्शन से ही बच्चों का भविष्य मजबूत बनता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ माता-पिता के सम्मान एवं पारिवारिक मूल्यों को भी अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपनी माताओं को शुभकामनाएं दीं तथा कई बच्चों ने पुष्प भेंट कर सम्मान व्यक्त किया। विद्यालय परिसर में बच्चों द्वारा तैयार संदेश एवं शुभकामना कार्ड भी आकर्षण का केंद्र रहे। माताओं के साथ बच्चों ने स्मृति चित्र भी खिंचवाए। प्रिंसिपल राजकुमारी ने कहा कि मातृ दिवस समाज में माँ के योगदान को सम्मान देने का अवसर है। वहीं वाइस प्रिंसिपल विशाल यादव, शिक्षिका खुशबू एवं पूनम ने विद्यार्थियों को माता-पिता के सम्मान एवं पारिवारिक संस्कारों के महत्व की जानकारी दी। विद्यालय परिवार की ओर से सभी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# किसान यूनियन का गौरीगंज में प्रदर्शन पत्रकार पर फर्जी केस दर्ज होने का आरोप

**गौरीगंज, अमेठी।** जनपद के गौरीगंज में रविवार को किसान यूनियन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। पत्रकार त्रिपुरारी पांडे पर फर्जी मुकदमा दर्ज किए जाने के विरोध में यूनियन धरने पर बैठ गई और मामले में निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। किसान यूनियन के नेताओं का आरोप है कि पत्रकार त्रिपुरारी पांडे को साजिश के तहत झूठे मुकदमे में फंसाया गया है। इसे लेकर संगठन में भारी नाराजगी देखने को मिली। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पत्रकारों की स्वतंत्रता और निष्पक्ष कार्यप्रणाली की सुरक्षा की मांग की। इसके बाद यूनियन के पदाधिकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय अमेठी पहुंचे, जहां थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई। किसान यूनियन नेताओं ने कहा कि यदि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आगे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। वहीं प्रशासन की ओर से ज्ञापन प्राप्त कर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

# तेज रफ़्तार बाइक को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, पांच घायल

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के दादरा गांव में तेज रफ़्तार बाइक चलाने को लेकर शुरू हुआ विवाद रविवार को खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट में करीब पांच लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, देर शाम गांव में तेज रफ़्तार बाइक चलाने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी। उस समय मामला शांत हो गया, लेकिन सुबह होते-होते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बताया जा रहा है कि एक पक्ष खेत में काम कर रहा था, तभी दूसरे पक्ष के कई लोग वहां पहुंच गए और दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे, जिससे कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। यह मामला मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के दादरा गांव का बताया जा रहा है।

# स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है : शिवेंद्र सिंह

**बछरावां, रायबरेली।** कस्बे के ग्रामीण इंडोर स्टेडियम बछरावां में द्वितीय ग्रामीण क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला अघौरा डीह और निखिल 11 रायबरेली के बीच खेला गया। जिसमे निखिल 11 रायबरेली ने टॉस जीतकर पहले बालिंग का फैसला किया एवं 9 विकेट से जीत दर्ज की। विजेता टीम के कप्तान को मुख्य अतिथि बछरावां नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह राम जी ने ट्राफी व कमेटी की ओर से 20051/- रुपया नगद प्रदान किया गया। वहीं उपविजेता टीम को 10051/- नगद व ट्राफी दी गई। मैन ऑफ द मैच पंकज और मैन ऑफ द सीरीज अंकित को ट्रॉफी एवं नगद 1151 रुपया प्रदान किया गया। टूर्नामेंट के दौरान अंपायर की अहम भूमिका कुलदीप, शैलेंद्र शर्मा, ओम पटेल, राजन पटेल, ने निभाई। वहीं मुख्य स्कोर अनूप पटेल व कमेंटेटर रोहित, संजय आरुष राजेश चैधरी ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि लक्ष्मीकांत रावत ने कहा कि खेलना आमतौर पर आपकी फिटनेस और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक शानदार तरीका है खेलने से न केवल आपका शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि आपका मन और मस्तिष्क भी बेहतर रहता है। मुख्य अतिथि बछरावां नगर अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है इसके लिए खेल व व्यायाम बहुत जरूरी है दरअसल खेल जैसी गतिविधियां ब्लड सरकुलेशन मूड व मानसिक स्वास्थ्य को सही करती हैं। खेल से ही जीवन में सकारात्मकता आती है। टूर्नामेंटके आयोजक सदस्य वैभव चैधरी ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य एवं अच्छी समझ जीवन के दो सर्वोत्तम वरदान है इन दोनों की प्राप्ति के लिए जीवन में खिलाड़ी की भावना से खेल खेलना परम आवश्यक है। टूर्नामेंट के दौरान श्रीश कुमार सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख मानसिंह पटेल, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष श्रीश चैधरी, दीपक पटेल, देवेश पटेल, गोलू, धनंजय पटेल, अमन पटेल, गौरव पटेल अनूप पटेल, राजन, शैलेंद्र शर्मा आशुतोष वर्मा, विजय सिंह, बाबू मुन्ना सिंह, रितिक चैधरी, राज शर्मा अभिनव पटेल, ऋषभ मिश्रा, अंबुज श्रीवास्तव, सचिन पटेल, उत्तम सिंह शिव पाल सिंह, समेत हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# महाराणा प्रताप जयंती पर छात्रों ने चित्रों में उकेरा शौर्य और स्वाभिमान




- प्रताप पेंटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया

**सुलतानपुर (वीओएल)।** राष्ट्र गौरव महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती एवं राणा प्रताप महाविद्यालय स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद स्तरीय प्रताप पेंटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने चित्रों के माध्यम से महाराणा प्रताप के शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. संतोष कुमार सिंह ह्यअंशह्न ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के अमर योद्धा और राष्ट्र स्वाभिमान के प्रतीक हैं। ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं को भारतीय संस्कृति, वीरता और राष्ट्रभक्ति से जोड़ने का कार्य करती हैं। प्रबंधक बाल चंद्र सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच देना शिक्षा संस्थानों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। वहीं प्राचार्य प्रो. डी.के. त्रिपाठी ने कहा कि कला केवल अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि संस्कारों और विचारों का दर्पण भी है। प्रतियोगिता में एमजीएस इंटर कॉलेज की स्वाती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से कुमकुम मौर्य और मानसी सिंह को मिला, जबकि तृतीय स्थान महक कसौंधन एवं अंशिका शर्मा ने हासिल किया। विजेताओं को राज्यसभा सांसद संजय सिंह, प्रशांत सिंह अटल, संजय सिंह एडवोकेट, बाल चंद्र सिंह और प्रो. डी.के. त्रिपाठी ने मेडल, मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे।

# धर्म रक्षा के लिए अवतार लेते हैं भगवान



**नसीराबाद, रायबरेली।** जब जब धरती पर धर्म की हानि होती है और पाप बढ़ता है तब-तब भगवान अवतार लेकर धर्म की पुनर्स्थापना करते हैं। मथुरा के राजा कंस के अत्याचारों से व्यथित धरती की करुण पुकार सुनकर भादों महीने की अंधेरी आधी रात को भारी बारिश के बीच मथुरा कारागार में बंद माता देवकी के गर्भ से भगवान प्रकट हुए तो महापापी कंस द्वारा सात संतानों की नृशंस हत्या से दुःखी वासुदेव उनकी जीवन रक्षा के लिए चिंतित हुए। वे उफनाती यमुना नदी पारकर गोकुल पहुंचे और बाल कृष्ण को सोती हुई जसोदा मैया की गोद में डाल आए।

अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास मुकेश आंनद जी महाराज ने छतोह ब्लॉक के पूरे भोला पांडेय में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाते हुए ये बातें कहीं। विद्वान प्रवाचक ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं, पूतना वध, माखन चोरी, ओखली बंधन, कालिया दमन, गोवर्धन पूजा और रासलीला आदि का प्रसंग प्रस्तुत करके भक्तजनों को भाव विभोर कर दिया। नन्द बाबा के घर मनाए गए पुत्र जन्मोत्सव का प्रसंग आते ही ष्नन्द घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के उद्घोष से पांडाल गूंज उठा। बाल मुकुंद की झांकियों, भाव विभोर महिलाओं के नृत्य और पारंपरिक सोहर गीत से लोग मंत्र मुग्ध हो गए। बाल लीला का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने कहा कि माखन चुराने की शिकायत पर मैया ने कन्हैया को ओखली से बांधना चाहा तो रस्सी छोटी पड़ने लगी। जब मैया ने कन्हैया का मुंह खुलवाया तो उसमें सारा ब्रह्मांड दिखाई पड़ने लगा। कथा व्यास ने गोवर्धन पूजा व महारास पर भी विस्तार से चर्चा की। कथा विश्राम से पहले मुख्य यजमान जगदेव पांडेय ने सपरिवार श्रीमद्भागवत भगवान व आवाहित देवी देवताओं की आरती की और प्रसाद बांटा। आशुतोष पांडेय, राजेश कुमार शुक्ल, कमल उपाध्याय, महंत प्रसाद ओझा, संजीव सिंह, द्वारिका प्रसाद पांडेय, लल्ला तिवारी, संजय तिवारी, पंडित सिंह, सुनील सिंह, राम किशोर यादव, शिव कुमार आदि श्रद्धालुओं ने कथा सुन पुण्य लाभ अर्जित किया।

# विद्यार्थियों में राष्ट्रभाव और नेतृत्व क्षमता विकसित कर रही अभाविप

**सुलतानपुर (वीओएल)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) कुशभवनपुर का तहसील अभ्यास वर्ग सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज सिरवारा में उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. संतोष अंश, जिला संयोजक तेजस्व पाण्डेय, तहसील सह संयोजक आदर्श तथा विभाग संगठन मंत्री कौतुक द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकताओं की सहभागिता रही।

प्रस्ताविकी एवं सैद्धांतिकी सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. संतोष अंश ने कहा कि अभाविप केवल छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण का व्यापक अभियान है। परिषद विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक चेतना, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने ज्ञान, शील और एकता को परिषद के जीवन मूल्यों की आधारशिला बताया। आयाम कार्य सत्र में जिला संयोजक तेजस्व पाण्डेय ने कहा कि परिषद शिक्षा, सेवा, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और व्यक्तित्व विकास जैसे विविध क्षेत्रों में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अभाविप का उद्देश्य विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में नेतृत्व के लिए तैयार करना है। कार्यपद्धति सत्र में विभाग संगठन मंत्री कौतुक ने संगठन की सामूहिकता और अनुशासन पर प्रकाश डाला। वहीं सदस्यता सत्र में डॉ. विवेक सिंह ने विद्यार्थियों से परिषद से जुड़कर राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ हुआ।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया मदर्स डे का समारोह




**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में मदर्स डे बड़े उत्साह, स्नेह एवं सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक सजावट, एवं ह्लहैप्पी मदर्स डेह्व के संदेशों से सजाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से मां के प्रति प्रेम, सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए मां के महत्व को दशार्या। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने कहा कि मां केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि बच्चों की पहली गुरु भी होती हैं। मां के त्याग, स्नेह और संस्कारों से ही बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनता है। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संदेश दिया कि माता-पिता का सम्मान करना प्रत्येक संतान का प्रथम कर्तव्य है। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने कहा कि मां का स्थान संसार में सर्वोच्च होता है, एक मां अपने बच्चों के जीवन में प्रेम, संस्कार, अनुशासन एवं प्रेरणा का संचार करती है। उन्होंने विद्यार्थियों में पारिवारिक मूल्यों एवं संवेदनशीलता को मजबूत करते हुए कहा कि उन्हें सदैव अपने माता-पिता का आदर करना चाहिए तथा उनके सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत एवं ईमानदारी के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शाहीन खान, शुभी सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अभाविप राष्ट्र निर्माण का सशक्त अभियान




**सुलतानपुर (वीओएल)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुशभवनपुर का तहसील अभ्यास वर्ग सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज सिरवारा में उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. संतोष अंश, जिला संयोजक तेजस्व पाण्डेय, विभाग संगठन मंत्री कौतुक एवं तहसील सह संयोजक आदर्श ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रस्ताविकी एवं सैद्धान्तिकी सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. संतोष अंश ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केवल छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण का विराट अभियान है। परिषद विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक चेतना और व्यक्तित्व विकास का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि ज्ञान, शील और एकता परिषद का मूल मंत्र है और जागृत छात्र शक्ति ही मजबूत राष्ट्र का आधार बनती है। वहीं जिला संयोजक तेजस्व पाण्डेय ने कहा कि परिषद शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और सेवा कार्यों के माध्यम से युवाओं को नेतृत्व के लिए तैयार कर रही है।

# पढ़ाई के साथ स्वस्थ, बौद्धिक मनोरंजन भी जरूरी

- बीएमपीएस में रोमांच और उत्साह से भरपूर एक दिवसीय समर कैंप का भव्य आयोजन




**लालगंज, रायबरेली।** कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में नर्सरी से कक्षा-5 तक के बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया। पूरे विद्यालय परिसर में नन्हे मुन्ने बच्चों की हंसी, उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। बीएमपीएस प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने समारोह में फीता काटते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को स्वस्थ एवं बौद्धिक मनोरंजन की भी जरूरत होती है, इसी कड़ी में बीएमपीएस ग्रुप की सभी शाखाओं के नर्सरी से कक्षा 5 तक के बच्चों के लिए यह समर कैंप आयोजित किया गया है। इसके अलावा जूनियर और सीनियर वर्ग के बच्चों के लिए भी शैक्षिक भ्रमण की व्यवस्था की गई है।

इस कैंप का आयोजन विद्यार्थियों के मनोरंजन, आत्मविश्वास एवं शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए किया गया। समर कैंप में बच्चों के लिए एडवेंचर, फन एवं वाटर एक्टिविटीज की शानदार व्यवस्था की गई थी। जिप लाइन और बर्मा ब्रिज जैसी रोमांचकारी गतिविधियों ने बच्चों में साहस और आत्मविश्वास का संचार किया। वहीं एटीवी माउंटेन बाइक एवं टेंडम ड्यूल साइकिल बच्चों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। मनोरंजन गतिविधियों में बिग बाउंस, किड्स बाउंस, बिग रोलर बाउंस एवं मेल्ट डाउन बाउंस ने बच्चों को खूब आनंदित किया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया और दिनभर मस्ती एवं ऊर्जा से भरपूर माहौल बना रहा। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आयोजित पूल पार्टी एवं पूल क्रॉसिंग ने कैंप में चार चांद लगा दिए। विद्यार्थियों ने पानी से जुड़ी गतिविधियों का जमकर आनंद लिया और कैंप का हर पल यादगार बना लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा भव्य पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समर कैंप में सभी गतिविधियों को अनुभवी एवं प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर्स केद्वारा संपन्न कराया गया। विद्यालय प्रबंधक शांतनु सिंह और प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। बच्चों को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

# ऊंचाहार विधायक को कैबिनेट मंत्री बनााने पर लोगों ने एक दूसरे को मुंह मीठा कर दी बधाई



**डलमऊ, रायबरेली।** ऊंचाहार विधायक को कैबिनेट मंत्री बनाये जाने पर क्षेत्रीय लोगों ने एक दूसरे को मुंह मीठा कर बधाई दी। ऊंचाहार विधायक मनोज कुमार पांडे को योगी मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर क्षेत्रीय लोगों ने मकनपुर तिराहे पर बने कार्यालय में एक दूसरे को मीठा करा कर बधाई दी। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख शिवराम रावत, प्रदीप त्रिवेदी, मयंक त्रिवेदी, अमित तिवारी, मोनू बाजपेई, हरिओम दीक्षित, पप्पू तिवारी, हिमांशू त्रिवेदी, अमन त्रिवेदी, राजेश द्विवेदी, शैलेन्द्र चैधरी, अनमोल सिंह, के के पंडित, पिंटू तिवारी, राहुल त्रिवेदी, सक्षम मिश्रा, बॉबी अग्रहरि आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

## मारपीट का केस दर्ज

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय नगर पंचायत कर्मचारियों के साथ हुई मारपीट की घटना में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी के तहरीर पुलिस ने चार नामजद एवं तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है ।बताया गया है कि नगर पंचायत में स्थित बहादुर यादव मेमोरियल पी जी कालेज में नगर पंचायत द्वारा स्वीकृत मानचित्र के विरुद्ध प्रबन्धक द्वारा अपने सहयोगियों के साथ निर्माण कराया जा रहा है । अबैध बाऊन्ड्रीबाल के रोकने के लिए नगर पंचायत के आऊटसोर्सिंग के तहत कार्य कर रहे तीन कर्मचारियों को नगर पंचायत द्वारा भेजा गया ।कर्मचारियों द्वारा निर्माण कार्य को रोकने को कहा तो जयराम यादव.उनकी पत्नी व सहयोगी नही माने तो कर्मचारियों ने ड्रायल 112नम्बर पुलिस को बुलाया ।जैसे ही पुलिस वहां से गयी तो जयराम यादव राजू मीना रविप्रकाश कर्मचारियों को मारे पीटे गालियां दी और जान से मारने की धमकियां दी ।तहरीर के आधार पर पुलिस सभी आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही कर रही है ।

# डीएम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता



**देवरिया ।** देवरिया । जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुखुन्दू (भलुअनी) का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं, दवा वितरण व्यवस्था, साफ-सफाई एवं चिकित्सकीय सेवाओं की जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने अस्पताल में मौजूद मरीजों एवं उनके तीमारदारों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा उपचार व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, वार्ड एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की भी जानकारी ली तथा निर्देश दिया कि सभी कर्मचारी निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि मरीजों को अनावश्यक रूप से इधर-उधर भटकना न पड़े और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र परिसर में साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं को व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि आमजन को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने

## फर्जीवाड़ा कर वरासत कराने की आरोपी महिला गिरफ्तार

अयोध्या। जनपद की नगर कोतवाली पुलिस ने फर्जीवाड़ा कर वरासत कराने की आरोपी महिला गिरफ्तार किया है।आरोपी महिला का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण करवा चालान किया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अश्विनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि पुलिस ने विवाहिता संगीता निवासिनी मोहल्ला सुफियाना कोतवाली रुदौली को रोडवेज बस अड्डे के पास से गिरफ्तार किया है।संगीता पर आरोप है कि उसने सहअभियुक्तो के साथ मिलकर खुद को रानी पत्नी रविन्द्र कुमार निवासी अवधपुरी कालोनी खड़गापुर गोमती नगर लखनऊ साबित करने के लिए अपने आधार कार्ड में संशोधन करवा लिया।इसके बाद मृतका मुटुरा देवी का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार कर उपनिबन्धक कार्यालय लखनऊ में फर्जी कूटरचित मुख्तारनामा तैयार कर तहसील सदर में मुकदमा कर वादी अरूण कुमार की जमीन का अपने नाम तहसील में वरासत करा लिया।मामले की जानकारी पर अरुण कुमार ने गत वर्ष रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# डीएम ने गैस एजेंसियों का किया निरीक्षण



**देवरिया ।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने रविवार को भारत गैस एजेंसी, भाटपाररानी तथा एचपी गैस ग्रामीण वितरण केंद्र, खुखुन्दू का औचक निरीक्षण कर गैस वितरण व्यवस्था एवं उपभोक्ता सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गैस वितरण प्रणाली, अभिलेखों एवं उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं को निर्धारित समय पर पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा उपभोक्ताओं की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वितरण रजिस्टर एवं उपभोक्ता अभिलेखों की जांच करते हुए गैस आपूर्ति की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाए रखने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि आमजन को सुगम एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए जिलाधिकारी ने मौजूद उपभोक्ताओं से भी बातचीत कर गैस आपूर्ति एवं एजेंसी की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसी संचालकों को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गैस वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता एवं सुरक्षा मानकों के पालन से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वितरण कार्य में लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मातृ दिवस पर वृद्ध आश्रम में वृद्ध माताओं का किया सम्मान




जिला संवाददाता

**देवरिया ।**रोटरी देवरिया सदर के द्वारा मेहड़ा पुरवा स्तिथ बृद्धा आश्रम मे वृद्ध माताओ के बीच जाकर मातृ दिवस मनाया ! चार्टर अध्यक्ष रोट राकेश धर द्विवेदी एवं सचिव रोट सीमा सोनी ने प्रवासी महिलाओं को तिलक एवं अन्य खाद्य सामग्री के साथ दैनिक उपयोग की वस्तुयं का वितरण कर उनका आशीर्वाद लिया ! इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश धर द्विवेदी ने कहा कि भगवान का दूसरा रूप माँ का है जो हर जगह रहकर पूरे परिवार को एक धागे मे बांध कर रखती है, सचिव सीमा ने कहा कि माँ की गोद सबसे सुरक्षित जगह और माँ का दिल सबसे बड़ा होता है और भगवान की सबसे खूबसूरत संरचना माँ की होती है ! कार्यक्रम का संचालन करते हुए हिमांशु सिंह ने कहा कि माँ के पालन का कोई मोल नही होता है, मनुष्य का अस्तित्व पूरी तरह से नारी शक्ति के इर्दगिर्द ही रहता है ! इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक रोट मनोज सेठ, मिथिलेश कुशवाहा, हिमांशु कुमार सिंह, सिद्ध नाथ चतुवेर्दी, मोहम्मद इमरान, अनिल कुशवाहा,अमित त्रिपाठी,ममता नीलू शर्मा,विजय कुमार शुक्ला, आदि लोग उपस्थित थे ! सभी अतिथियों का धन्यवाद रोट मनोज सेठ द्वारा दिया गया !

# मीडिया कर्मियों ने किया ऑनलाइन स्व-जनगणना पंजीकरण



**देवरिया ।** कलेक्ट्रेट सभागार में मीडिया बंधुओं की उपस्थिति में ऑनलाइन स्व-जनगणना कराई गई। इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने स्वयं अपनी स्व-जनगणना प्रक्रिया पूरी की तथा जनगणना से संबंधित विभिन्न जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम में अधिकारियों ने मीडिया कर्मियों से आमजन के बीच स्व-जनगणना के

**● आमजन को भी जागरूक करने की अपील**

प्रति जागरूकता फैलाने की अपील भी की। जनगणना प्रभारी एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) रामशंकर ने कहा कि स्व-जनगणना की व्यवस्था आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है। इसके माध्यम से लोग स्वयं ऑनलाइन अपनी जनगणना आसानी से कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति किसी कारणवश घर से बाहर रहता है अथवा किसी कार्य में व्यस्त रहता है, तब भी वह ऑनलाइन स्व-जनगणना कर अपनी जानकारी दर्ज करा सकता है ।उन्होंने कहा कि स्व-जनगणना पूर्ण होने के बाद संबंधित व्यक्ति को एक यूनिक आईडी नंबर प्राप्त होगा।बाद में जब गणनाकर्मी घर-घर पहुंचेंगे तो उक्त आईडी नंबर के माध्यम से जनगणना प्रक्रिया को सरलता एवं शीघ्रता से पूरा किया जा सकेगा।इससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी तथा जनगणना कार्य भी अधिक सुगमता से संपन्न हो सकेगा।

अपर जिलाधिकारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग स्वयं स्व-जनगणना कर इस महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने में सहयोग करें। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से भी अपेक्षा की कि वे जनसामान्य को जागरूक कर स्व-जनगणना के प्रति प्रेरित करें, ताकि अधिकाधिक लोग इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

## रोटरी क्लब ने मातृ दिवस पर बांटी हाइजीन किट



**कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब द्वारा कसया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नवजात शिशुओं की माताओं को हाइजीन किट प्रदान कर मातृ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं एवं नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. मुकेश यादव ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की सुरक्षा समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और समय पर देखभाल से कई गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है तथा ऐसे सामाजिक कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. नेहा पाठक ने कहा कि नवजात शिशुओं और माताओं की देखभाल में स्वच्छता का विशेष महत्व है।उन्होंने रोटरी क्लब कुशीनगर द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल माताओं के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता को दर्शाती है।इस अवसर पर रोटरी क्लब के सह संरक्षक वाहिद अली ने कहा कि माताएं समाज की आधारशिला होती हैं और उनके सम्मान एवं स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब सदैव समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।वहीं क्लब के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि मातृ दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि माताओं के प्रति सम्मान, प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि क्लब भविष्य में भी स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा ।कार्यक्रम में दिनेश यादव, उपाध्यक्ष विजय कृष्ण द्विवेदी, उपाध्यक्ष दुर्गेश चतुवेर्दी, सुनील सिंह, अमित श्रीवास्तव, अखिलेश शर्मा, सत्येन्द्र राय, हसमुद्दीन अंसारी एवं आदिल खान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## संदिग्धावस्था में युवक की मौत

**भटनी(देवरिया) ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम उसका मे एक व्यक्ति की संदिग्धावस्था में बिती रात मृत्यु हो गयी ।बताया गया है कि ग्राम उसका निवासी 32वर्षीय श्यामबहादुर सिंह पुत्र सुभाष सिंह की शनिवार की रात्रि संदिग्धावस्था मृत्यु हो गयी ।कुछ लोगों कहना है कि युवक जहरीला पदार्थ खा लिया था ।घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनवाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल देवरिया भेज दिया ।वही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है ।युवक पेशे से ट्रैक्टर चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था ।मृतक अपने पीछे दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है ।

# स्तरहीन मानसिकता के शिकार हैं सपाई : शशांक मणि

जिला संवाददाता



**देवरिया ।**प्रदेश के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी के खिलाफ, अखिलेश यादव एंड कंपनी की अमर्यादित टिप्पणी इनकी स्तरहीन मानसिकता को दर्शा रहे हैं।

उक्त बातें सदर सांसद शशांक मणि ने पुरवा स्थित अपने कार्यालय पर एक पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं । इस दौरान भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय और जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भी मौजूद रहे ।

श्री मणि ने कहा कि चार दशक से जनता के दिल में बैठने वाले, सात बार लोकसभा के माननीय सांसद, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री, सबसे बड़ी पार्टी और देश के सबसे बड़े प्रदेश के अध्यक्ष पर इस तरह की व्यक्तिगत टिप्पणी अति निंदनीय है। आपको संस्कार की बातें बताना भी, पत्थर में सिर फोड़ने के बराबर है क्योंकि आपकी पार्टी के नेताओं ने पहली बार ऐसी भाषा का प्रयोग नहीं किया है, इससे पहले भी आपके नेताओं ने मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम और माता कौशल्या पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया है ।उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव जी, आपने हमारे प्रदेश अध्यक्ष का ही अपमान नहीं किया है, बल्कि प्रदेश के सभी कुर्मी समाज को गाली दी है।प्रदेश की जनता आपके इस कुकृत्य के लिए कभी क्षमा नहीं करेगी।

क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के प्रति जिस प्रकार से अमर्यादित और स्तरहीन भाषा का प्रयोग किया गया है। वह समाजवादी पार्टी की राजनीतिक विकृति और गिरते हुए संस्कारों का स्पष्ट परिचायक है। समाजवादी पार्टी के एक नेता ने संतों के खिलाफ अपमानजनक बातें की और सनातन धर्म पर जहरीली बयानबाजी की।

जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि एक पिछड़े समाज के नेता की बढ़ती लोकप्रियता समाजवादी पार्टी को पच नहीं रही है, इसलिए हताशा और निराशा में निजी टिप्पणी पर उतर आए हैं। सपा के लोगों द्वारा महिलाओं के खिलाफ अशोभनीय बातें कहीं गईं।

हमारे प्रदेश अध्यक्ष जी के खिलाफ ऐसी ओछी टिप्पणी की मैं घोर निंदा करता हूं, और हमारे कुर्मी समाज के भाई बहनों से अपील करता हूं कि समाजवादी पार्टी जो समाज विरोधी पार्टी हो चुकी है इसको जड़ से समाप्त करें।

# श्रीकृष्ण का संघर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम में भक्ति, कला और साहित्य का संगम



जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** मीरा सुरेश सेवा न्यास, कुशीनगर द्वारा संस्कृत विभाग, लखनऊ, उप्र के सहयोग से अज्ञेय स्मृति सभागार, बुद्ध संग्रहालय, कुशीनगर द्वारा आयोजित ह्रश्रीकृष्ण का संघर्षह्व विषयक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भक्ति, कला और साहित्य का अनूठा संगम देखने को मिला। जिसे देख दर्शक भाव विभोर हो गए।

रविवार को कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। दिनेश तिवारी भोजपुरिया के निर्देशन में अतुल भारती की टीम ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर

**● मीरा सुरेश सेवा न्यास के कार्यक्रमों में होता है ऊर्जा का संचार: सुरेश गुप्ता**

उनके संघर्षपूर्ण जीवन, धर्म स्थापना एवं लोककल्याणकारी संदेशों को जीवंत रूप में दशार्या। कार्यक्रम में सरिता मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित काव्य पाठ प्रस्तुत किया। किरण जायसवाल ने भगवान श्रीकृष्ण की महिमा पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी तथा वंदना वैदेही ने श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित काव्य पाठ कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अतिरिक्त वान्या, पिहू मधेशिया एवं आरोही द्वारा भी आकर्षक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संचालक रामाश्रय ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन संघर्ष, कर्तव्य और धर्म की रक्षा का संदेश देता है।विशिष्ट अतिथि डॉ. विश्वकांत प्रताप राव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में श्रीकृष्ण केवल आस्था के प्रतीक नहीं बल्कि जीवन प्रबंधन के महान मार्गदर्शक भी हैं। मुख्य वक्ता सुरेश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि कला और संस्कृति समाज को जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने मीरा सुरेश सेवा न्यास द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।संचालन राजकुमार मद्धेशिया व अतिथियों का स्वागत संस्था के अध्यक्ष मुन्ना कुमार मद्धेशिया ने किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला न्यायाधीश संतोष श्रीवास्तव, उमेश गुप्ता कुन्नू, रमेश मद्धेशिया, नंदलाल गुप्ता, आकाश प्रजापति, दुर्गेश शंकर एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। हीरोज मेमोरियल स्कूल के डायरेक्टर आनंद शेखर सिंह ने छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। आयोजक राजू कुमार मद्धेशिया ने कलाकारों एवं अतिथियों को अंगवस्त्र एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## रामनगरी स्थित प्रतिष्ठान के अनुबंध में रिपोर्ट का आदेश

अयोध्या । मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने रामनगरी अयोध्या स्थित एक प्रतिष्ठान का फर्जी कागजात तैयार कर फर्जी एग्रीमेंट कराने के आरोप में पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया है। कोतवाली नगर पुलिस ने धोखाधड़ी और कूटरचना की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। शिकायतकर्ता की ओर से अधिवक्ता भूपेंद्र प्रताप सिंह ने अदालत में तथ्य रखा किउमाशंकर दास निवासी बेलवा खुर्द बस्ती, गौरीशंकर दास निवासी बेलवा खुर्द बस्ती, शिवम गुप्ता उर्फ राधे भोजनालय निवासी नया घाट और कुंदन अवस्थी निवासी लक्ष्मण घाट कोतवाली अयोध्या ने सुनियोजित तरीके से फर्जी दस्तावेज तैयार करवा जमीन का कथित फर्जी एग्रीमेंट कराया। मामला नयाघाट पुलिस चैकी क्षेत्र स्थित राधे भोजनालय से जुड़े है।दावा किया गया है कि पूरा खेल करोड़ों की संपत्ति को कब्जाने की नीयत से रचा गया।

## प्रबंधक सहित आधे दर्जन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**भटनी(देवरिया)।** नगर में स्थित बहादुर यादव मेमोरियल पी जी कालेज का बाऊन्ड्रीबाल तोडने प्रबन्धक को जान से मारने की धमकी महाविद्यालय को कब्जा करने की कोशिश व तोडफोड कर 20 हजार रुपये की क्षति करने के आरोप में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आधे दर्जन लोगों के विरुद्ध भटनी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है ।पी जी कालेज के प्रबन्धक कैप्टन जयराम यादव ने पुलिस अधीक्षक देवरिया के दिये गये तहरीर में लिखा है कि विद्यालय के विवाद को लेकर अजय यादव अपने आधे दर्जन साथियों के साथ आकर अपने कालेज के बच्चों को मेरे कालेज के गेट के प्रांगण में घुसने का प्रयास किया ।जिसे रोकने के लिए मेरी पत्नी ने गेट का कुन्डा बन्द कर दी ।जिससे नाराज होकर अजय यादव अपने सहयोगियों के साथविद्यालय की दक्षिणी बाऊन्ड्रीबाल तीन फीट जोडी गयी थी तोड दिया गया ।मेरी पत्नी द्वारा मना किया गया तो भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए कहा गया कि उसे भी मार दिया जायेगा ।वही कुछ लोग आकर बीच बचाव किये ।यह भी धमकी दी गयी कि कोई कार्यवाही की जो तो जान से मारकर विद्यालय पर कब्जा करने की धमकी भी दिया ।यही आशंका जताया है कि मेरी हत्या कर मेरी सम्पत्ति को कब्जा करना चाहते है ।तहरीर के आधार पर बी एन एस की धाराओं में प्रबन्धक सहित आधे दर्जन लोगों के विरुद्ध पुलिस मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही कर रही है ।

# सुनी रातों में जब याद आती है मां




जिला संवाददाता

**देवरिया ।** रविवार को नागरी प्रचारिणी सभा, देवरिया द्वारा आयोजित कवि गोष्ठी में कवि एवं गीतकारों ने विविध भाव, छन्द एवं रस से संपृक्त ए ?क से बढ़कर एक रचनाएं सुनाकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आज मातृदिवस के अवसर को ध्यान में रखते हुए सभा के पूर्व मंत्री इन्द्र कुमार दीक्षित ने मां की विशेषता और महत्ता को समर्पित करते हुए ₹जिसे सर्वस्व गंवाकर प्यार पाना अच्छा लगता है, जिसे परिवार पर सब कुछ लुटाना अच्छा लगता है..........उसी देवी को मां कहकर बुलाना अच्छा लगता है₹ सुनाकर प्रशंसा बटोरी।इसके बाद छेदी प्रसाद गुप्त विवश ने सउदा बना के कहां जात बानी, गमकत बा देहिया सुगंध रात रानी गीत सुनाकर श्रोताओं को श्रृंगार रस में गोते लगवाया।आगे रीना तिवारी ने किसी ने ठीक ही मां को खुदा का नाम दिया, जो खुद टूट के बिखरी, हमें आराम दिया।

मां को ही पारिभाषित करते कीर्ति त्रिपाठी ने मां तेरा होना ही हमारे लिए वरदान है, तेरे कदमों में ही सारा जहां है।इसी भाव बोध की कविता संचालन कर रही प्रार्थना राय ने पढी-रात भर नींद नैनों में आती नहीं, सूनी रातों में जब याद आती है मां।प्रसिद्ध शायर फिगार देवरियावी ने ज़िक्र आया जो मां कदमों का याद फिर आ गयी जन्नत की, कविता से गोष्ठी को ऊंचाई दी। अपनी दिले दास्तां सुनाने हुए रामेश्वर तिवारी राजन ने दिल में इक तस्वीर बन गयी, खामोशी अब तीर बन गयी गीत पढ़ा।

गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे निराला शब्द संवाद मंच के अध्यक्ष ओमप्रकाश द्विवेदी ने अपनी संस्था की ओर से डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी, डा. अनिल कुमार त्रिपाठी, श्री इन्द्र कुमार दीक्षित एवं डॉ दिवाकर प्रसाद तिवारी को सम्मान से सम्मानित किया।हिन्दी साहित्य भारती की ओर से द्विवेदी जी ने इन्द्र कुमार दीक्षित एवं भीम प्रसाद प्रजापति के हाथों वयोवृद्ध गीतकार गिरिधर करुण को सम्मानित कराया। कवि गोष्ठी में रंजीता श्रीवास्तव, पार्वती देवी गौरा, क्षमा श्रीवास्तव, विनोद कुमार अग्रवाल, कौशल किशोर मणि, दयाशंकर कुशवाहा, मुक्तिनाथ त्रिपाठी, सच्चिदानंद सवेरा, उमेश चन्द्र तिवारी, डा एस एन मणि, वशिष्ठ चौबे, श्वेता राय, एम पी गोड़, रविनंदन सैनी, शायर शफक, फेगार देवरीयावि ने भी कविता सुनाई।इस अवसर पर डॉ दिवाकर प्रसाद तिवारी, रवीन्द्र नाथ तिवारी, राणा प्रताप सिंह, भीम प्रसाद प्रजापति, राकेश कुशवाहा, विनोद कुमार अग्रवाल, लालता प्रसाद चौधरी, सुबास राय, नित्यानंद आनन्द, सरोज कुमार पाण्डेय, शिखा श्रीवास्तव, ब्रजेश पाण्डेय अधिवक्ता, रेनु गुप्ता, रविनंदन सैनी, प्रवीण मणि त्रिपाठी, अजहर, सद्दाम अंसारी, डा मधुसूदन मिश्र, नीलम भारती, डॉ मधुसूदन मणि त्रिपाठी, रमेश सिंह दीपक, शिखा गौड़ आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

इसके पूर्व सौदागर सिंह ने वाणी वन्दना प्रस्तुत की सभा के मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी ने ओम प्रकाश द्विवेदी एवं श्री एस बी शुक्ल को उत्तरीय भेंट कर सम्मानित किया।अंत में राष्ट्र गान के साथ गोष्ठी के समापन की घोषणा की गई।

## संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत: सुरेंद्र कुशवाहा




**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी चौरा मंडल की बैठक में संगठन की मजबूती तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती ही उसकी सबसे बड़ी ताकत होती है। कार्यकताओं को जनसमस्याओं के समाधान तथा सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि भाजपा समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि अनुशासन, समर्पण और कार्यकताओं की मेहनत के बल पर भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है ।आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं।

बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शेषनाथ मिश्र तथा संचालन मंडल उपाध्यक्ष अमिताभ मिश्र ने किया।

इस दौरान पूर्व जिला मंत्री रामबृक्ष गिरी, महेंद्रनाथ उपाध्याय, पूर्व जिला पंचायत सदस्य ज्ञानेश्वर द्विवेदी ह्यदीपकह्न, सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र कुशवाहा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सत्यम शुक्ला, शिवनारायण शर्मा, धर्मेंद्र प्रसाद, मंजीत तिवारी,महिला मोर्चा जिला मंत्री सरिता मिश्रा, चौरा खास व्यापार मंडल अध्यक्ष विकास पाण्डेय, दिलीप यादव, विकास गुप्ता , शिवप्रसाद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# यह सियासी बेशर्मी है

राजनीति में ऐसी जिद, ऐसा सियासी टकराव और जनादेश को स्वीकार न करने की हठधर्मी, दरअसल लोकतांत्रिक मर्यादा का हनन है। ममता बनर्जी जो कुछ कर रही हैं वह सीधे-सीधे सियासी बेशर्मी है। अपनी पराजय में ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल की राजनीति की उस हिंसक प्रकृति को ही उजागर किया है, जहां उन्होंने 15 वर्षों तक शासन किया। हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में अपनी पार्टी की पराजय के बाद उन्होंने चुनावी लोकतंत्र के परंपरागत शिष्टाचार का पालन करने और राज्यपाल को अपना त्यागपत्र सौंपने से इनकार कर दिया। ऐसा करके वह तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच सड़क पर चल रही विषाक्त या कहें हिंसक राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को और अधिक भड़का रही हैं। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के सहयोगी की हत्या कोई आश्वस्त करने वाला संकेत नहीं है। हालांकि तृणमूल कांग्रेस ने कहा है कि उसका इस घटना से कोई लेना-देना नहीं है परंतु यह घटना दिखाती है कि किस कदर अशांति व्याप्त है। चुनावी हार के बाद ममता बनर्जी ने असंतुष्ट और शायद अज्ञानी पराजित नेता के रूप में अपनी छवि को और अधिक उजागर किया है। उनके पास मुख्यमंत्री के पद पर बने रहने का कोई संवैधानिक आधार नहीं है, क्योंकि उनका कार्यकाल विधान सभा से जुड़ा हुआ है। उनके इस्तीफा देने या नहीं देने से कोई संवैधानिक फर्क तो नहीं पड़ लेकिन एक खतरनाक राजनीतिक हठधर्मिता के जरिए उन्होंने भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में काला अध्याय जरूर जोड़ दिया। वह अपनी राजनीतिक विद्रोही की छवि पर भरोसा करके चल रही हैं ताकि परंपराओं को चुनौती दे सकें। आखिर वाम मोर्चे के विपक्ष में रहते हुए उन्होंने ऐसा ही तो किया था। उन्होंने खुद को एक बार फिर से सड़क की राजनीति करने वाली नेत्री के रूप में पेश करने का विकल्प चुना है। एक समय था जब इस तरह की राजनीति ने



उन्हें 34 वर्षों के वाम शासन से थके हुए मतदाताओं के बीच लाभ पहुंचाया था, लेकिन अब यह उस नेता को शोभा नहीं देता जिसे लंबे कार्यकाल के दौरान संयम का गंभीरता से पालन करना चाहिए था। लोकतंत्र को बनाये रखने वाले नियमों का पालन न करके, वे उन्हीं उल्लंघनों का शिकार हो रही हैं जिनका आरोप वे अपने विरोधियों पर लगा रही हैं। ममता बनर्जी का तर्क है कि चुनाव निष्पक्ष नहीं हुए और केंद्रीय बलों का दुरुपयोग कर बूथों पर कब्जा किया गया तथा परिणाम को प्रभावित किया गया। उनकी पार्टी ने विवादास्पद एसआईआर को प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाया। इसके तहत सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बावजूद 27 लाख मतदाताओं को सूची से हटा दिया गया था। हकीकत यह है कि तृणमूल कांग्रेस को 80 और भाजपा को 207 सीटें मिली हैं। हार का यह बड़ा अंतर सत्ता विरोधी लहर को दर्शाता है। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित परिणामों की जांच की जाए तो पता चलता है कि कई सीटों पर जहां तृणमूल कांग्रेस, भाजपा से हारी वहां भाजपा उससे कम मतों से जीती जितने नाम मतदान के पहले सूची से हटाए गए थे। ऐसी सीटों में ममता बनर्जी की भवानीपुर सीट भी शामिल है जहां वे 15,505 मतों से हारीं जबकि एसआईआर के तहत लगभग 51,000 नाम हटाए गए थे। बेशक यह मान लेना उचित नहीं है कि सभी हटाए गये मतदाता तृणमूल कांग्रेस को ही वोट देते, लेकिन यह पैटर्न निश्चित रूप से और गहन जांच का विषय होना चाहिए। ममता बनर्जी को अधिकार है कि वे परिणाम घोषित होने के 45 दिनों के भीतर उच्च न्यायालय में चुनाव याचिका दाखिल करें या प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर करें। उनके लिए बेहतर होगा कि वे इन संवैधानिक रास्तों का अनुसरण करें, बजाय उस तीखी सड़क की राजनीति का सहारा लेने के जिसे बंगाल वहन नहीं कर सकता। हालांकि अगर सभी 27 लाख वोट ममता बनर्जी को मिल जाते तो भी मुश्किल से 22 सीटों के नतीजे प्रभावित होते और समग्र रूप से परिणाम बीजेपी की बड़ी जीत और टीएमसी की करारी पराजय ही रहता। इसलिए ममता बनर्जी के सियासी तमाशा करने के बजाय संवैधानिक रास्ते पर आगे बढ़ना चाहिए। हालांकि उन्होंने अपनी पार्टी से विपक्ष का नेता तय करके संवैधानिक रास्ते पर चलने का संकेत दिया है।

# विस चुनाव परिणामों के सियासी संकेत



मनोज बाजपेयी

**जनसंघ संस्थापक और मार्गदर्शक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के गृह राज्य बंगाल में भाजपा की सरकार बनना, पार्टी के एक भावनात्मक पल ही नहीं है बल्कि पार्टी के राष्ट्रव्यापी विस्तार में एक अहम पड़ाव को पार लेना भी है। तमिलनाडु में द्रविड़ राजनीति का पराभव, भारत का वामपंथ मुक्त होना और इससे भी बढ़कर चुनाव परिणामों का संदेश यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की लोकप्रियता पूरी तरह कायम है।**

पांच राज्य विधानसभा चुनाव के परिणाम आ गये हैं और अगर इनको राष्ट्रीय राजनीति के नजरिए से देखें तो एनडीए के खाते में तीन और इंडिया गठबंधन के खाते में दो राज्य गये हैं। लेकिन चुनाव परिणामों का सियासी संदेश इतना ही नहीं है बल्कि इसके निहितार्थ बहुत दूर तक तलाशे जायेंगे। अपने संस्थापक, विचारक और मार्गदर्शक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के गृह राज्य बंगाल में भाजपा की सरकार बनना, भाजपा के लिए सिर्फ एक भावनात्मक पल ही नहीं है बल्कि पार्टी के राष्ट्रव्यापी विस्तार में एक अहम पड़ाव को पार लेना भी है। इसी तरह तमिलनाडु में द्रविड़ राजनीति का पराभव, भारत का वामपंथ मुक्त होना और इससे भी बढ़कर इन पांच राज्यों का संदेश यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की लोकप्रियता न सिर्फ पूरी तरह कायम है बल्कि अभी विस्तार भी जारी है। असम, पश्चिमी बंगाल, केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु विधानसभा के लिए हुए चुनाव के नतीजे भारत की राजनीति को भीतर तक और दूर तक प्रभावित करने वाले हैं।

बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी ने 207 और ममता बनर्जी की टीएमसी ने 80 सीटें जीतीं। लेकिन ममता बनर्जी खुद भाजपा प्रत्याशी शुभेन्दु अधिकारी से भवानीपुर में पराजित हो गईं। सीपीएम एक, कांग्रेस दो सीटें ही जीत सकीं। ममता बनर्जी पिछले पन्द्रह साल से बंगाल में राज कर रही थीं। उससे पहले 34 साल बंगाल में कम्युनिस्टों का राज था। पिछले 49 साल से बंगाल पर जिन दलों का राज रहा, उन्होंने पड़ोसी बंगलादेश से मुसलमानों को पश्चिमी बंगाल में घुसने को प्रोत्साहित ही नहीं किया, बल्कि उन्हें कानूनी दस्तावेज मुहैया करवाने में सहायता भी की। इसके चलते बंगाल में मुसलमानों की संख्या लगभग 30 फीसदी को भी पार कर गयी है। ममता बनर्जी का तो चुनावी मुद्दा ही यही था कि बंगलादेशी मुसलमानों को बंगाल से निकालने नहीं देंगे। 49 साल बाद इस खतरनाक नीति का अंत हुआ है। इतिहास में बिहार, बंगाल और ओडिशा को अंग, बंग और कलिंग कहा जाता है। सम्राट अशोक का साम्राज्य इस सम्पूर्ण क्षेत्र में था। पहली बार भारतीय जनता पार्टी ने अंग, बंग और कलिंग पर सरकार बना कर इतिहास रच दिया है। भाजपा को बंगाल में लगभग 46 फीसदी मत मिले



है। एक दूसरा चौंकाने वाला तथ्य भी। पश्चिमी बंगाल विधानसभा में इस बार 38 मुस्लिम विधायक चुनाव जीते हैं। इनमें से दो कांग्रेस के, एक सीपीएम का, दो हुमांयू कबीर की पार्टी के, एक एआईएसएफ का (ये चारों पार्टियां केवल 6 सीटें जीतीं और सभी मुसलमान प्रत्याशी हैं) और शेष 32 ममता बनर्जी की टीएमसी के हैं। टीएमसी कुल 80 सीटें जीत सकी और उनमें से 32 विधायक मुसलमान हैं। इसका स्पष्ट अभिप्राय यही है कि प्रदेश के मुसलमानों ने टीएमसी को अपनी पार्टी माना है।

**विमर्श**

असम में भाजपा लगातार तीसरी बार जीती है। 126 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के अपने प्रत्याशी 90 थे। उनमें से 82 प्रत्याशी विजयी रहे। पार्टी ने लगभग 38 फीसदी वोट हासिल किए। उसके दो सहयोगी दलों असम गण परिषद और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट ने दस-दस सीटें जीतीं। कांग्रेस को केवल 19 सीट मिली है। असम में बदरूद्दीन अजमल की पार्टी आल इंडिया यूनाईटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट को दो सीटें मिलीं। उसने 27 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। असम में यह माना जाता है कि यह बंगलादेश से आये अवैध घुसपैठियों की पार्टी है। एक बार असम विधानसभा में इस पार्टी के 18 प्रत्याशी चुनाव जीत गए थे। तब यह चर्चा होने लगी थी कि यदि त्रिशंकु विधानसभा आ जाती है तो असम में मुख्यमंत्री बनाने की कुंजी बांग्लादेशियों के पास आएगी। एआईयूडीएफ के मैदान में आ जाने के बाद असम में मुस्लिम लीग ने चुनाव में भाग लेना बंद कर दिया है ताकि मुसलमानों के वोट विभाजित न हों। ओवैसी देश भर में मुसलमानों को संगठित करने के लिए अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारते हैं, लेकिन उन्होंने असम विधानसभा के लिए अपने प्रत्याशी इसलिए नहीं उतारे क्योंकि इससे मुस्लिम वोटों के विभाजित होने का खतरा था। कुल मिला कर कहा जा सकता है कि 2026 के विधानसभा चुनावों में बांग्लादेशी मुसलमानों की मुख्य पार्टी बदरूद्दीन की एआईयूडीएफ पार्टी थी। लेकिन इसके बावजूद इस पार्टी के केवल दो प्रत्याशी ही विधायक बन सके। दरअसल असम में कांग्रेस भी मुसलमानों की पक्षधर होने का दावा करती और इस कारण मुसलमानों ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है जिससे वोटों का बंटवारा हुआ।

तमिलनाडु में 1969 से लेकर 2026 तक द्रविड़ राजनीति का कब्जा रहा। उससे पहले 1947 से 1969 तक कांग्रेस का वर्चस्व था। द्रविड़ राजनीति की शुरूआत जस्टिस पार्टी के रामास्वामी पेरियार ने ब्रिटिश काल में की थी। इस राजनीति का आधार आर्य बनाम द्रविड़, जिसे उत्तर बनाम दक्षिणी कहा जाता है, था। इस आधार पर पेरियार ने मद्रास प्रेसिडेंसी में आर्य बनाम द्रविड़ राजनीति का ताना-बाना बुना था। इस सिद्धान्त का प्रचार अंग्रेजों ने किया था, जिसे कांग्रेस ने स्वीकार कर लिया था। डा. भीमराव अंबेडकर ने ब्रिटिश काल में ही इस सिद्धान्त का खंडन किया था और बाकायदा इसके लिए एक किताब लिखी थी। पेरियार से अंबेडकर का इसी विषय को लेकर गहरा मतभेद था। लेकिन पेरियार ने अपनी इस भेदकारी राजनीति को आधार देने के लिए द्रविड़ मुनेत्र कड़गम पार्टी का गठन किया। उसके आन्दोलन का मुख्य आधार था कि हिन्दी आर्यों की भाषा है, इसलिए तमिलनाडु में उसे नहीं घुसने दिया जा सकता। 1967 में पार्टी ने हिन्दी के विरोध में आन्दोलन चलाया और 1969 के विधानसभा चुनावों में डीएमके की सरकार बनी। बाद में डीएमके के एक हिस्से ने अलग होकर अपना नाम अन्ना डीएमके यानी एडीएमके रख लिया। लेकिन दोनों की राजनीति का आधार आर्य/द्रविड़, हिन्दी विरोध, मंदिर विरोध ही रहा। इस प्रकार 1969 से लेकर 2026 तक डीएमके/एडीएमके का शासन ही रहा। अब पहली बार लगभग 57 साल के बाद तमिलनाडु द्रविड़ राजनीति के इस विभाजनकारी चक्रव्यूह से मुक्त हुआ है। यहां तक कि वहां के मुख्यमंत्री स्टालिन भी हार गये हैं। विजय की नई पार्टी टीवीके जीत गई है। यकीनन इसे तमिलनाडु के लिए एक नयी सुबह की शुरुआत मानना चाहिए। पुडुचेरी 1947 से पहले फ्रांस के अधीन था। लेकिन मूलतः यह क्षेत्र तमिलनाडु का ही हिस्सा है और यहां की भाषा भी तमिल ही है। इसलिए यहां भी द्रविड़ राजनीति का प्रभाव है। यहां भी लम्बे अरसे तक डीएमके/अन्ना डीएमके का शासन रहा। लेकिन पिछले दशक से एन रंगास्वामी ने अपने ही नाम से एन रंगास्वामी कांग्रेस पार्टी का गठन कर भारतीय जनता पार्टी के सहयोग से राजनीति का संचालन किया। इन चुनावों में भी पुडुचेरी की तीस सदस्यीय विधानसभा में इन दोनों दलों के गठबंधन ने बहुमत हासिल किया। भारतीय जनता पार्टी के चार विधायक जीते। केरलम में लंबे अरसे से एलडीएफ और यूडीएफ गठबन्धनों का कब्जा है। यूडीएफ का नेतृत्व कांग्रेस व मुस्लिम लीग करती है और एलडीएफ का नेतृत्व सीपीएम और सीपीआई करती है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के कुछ छोटे दलों को साथ लेकर प्रदेश की राजनीति में तीसरा स्तम्भ स्थापित करने का प्रयास करती रही है। केरलम में पिछले दस साल से एलडीएफ की सरकार थी। लेकिन इन चुनावों में कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने 140 सदस्यीय विधानसभा में दो तिहाई बहुमत के साथ जीत दर्ज कर अपना वर्चस्व स्थापित कर लिया। एलडीएफ में सीपीएम और सीपीआई केवल 34 सीटें जीत सके। इस तरह भारत में कम्युनिस्टों का यह अंतिम गढ़ भी धराशायी हो गया।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

## सोशल मीडिया

शपथ लेने वाले सभी मा. मंत्रियों को बधाई। पूर्ण विश्वास है कि है कि 'राष्ट्र प्रथम' के भाव के साथ आप सभी जनसेवा व सुशासन के संकल्पों के साथ विकास को गति प्रदान करेंगे। सीएम योगी.



लठैतवादी विचारधारा पर अमल करते हुए सपा ने सालों तक कई चुनावों में बूथों पर कब्जा कर चुनावों को प्रभावित किया, आज वे लोकतंत्र की दुहाई दे रहे। केशव प्र. मौर्य



समय बिताने के लिए करना है कुछ काम! वैसे भी मंत्रिमंडल के विस्तार में तो इनका कोई काम है न हीं। उधर से पर्ची आयेगी, यहां सिर्फ पर्ची पढ़ी जायेगी। अखिलेश यादव.



# सोमनाथ से सिंदूर तक: देश के पुनरुत्थान की भावना



सामयिक

**पीयूष गोयल**

75 वर्ष पहले किया गया भव्य सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण और प्राण-प्रतिष्ठा भारत के सभ्यतागत गौरव की पुनर्स्थापना का निर्णायक क्षण था। इसने भारत की उस दृढ़ता और संकल्प को पुनः स्थापित किया, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' मिशन का मूल आधार है। इस पवित्र उपलब्धि की 75वीं वर्षगांठ राष्ट्र को भारतीय सभ्यता की मजबूत नींव और शक्ति पर सर्वोच्च विश्वास प्रदान करती है, जो 1,000 वर्षों तक कट्टरपंथियों द्वारा मंदिर पर किए गए भीषण हमलों को झेलने के बाद भी और अधिक सशक्त होकर उभरी।

गुजरात के शांत समुद्र तट पर स्थित यह मंदिर हर आक्रमण के बाद खंडहरों से अपनी पूरी भव्यता के साथ फिर उठ खड़ा हुआ। कई मायनों में इसका इतिहास भारत के अतीत का प्रतिबिंब है, जहाँ हमारे शांतिप्रिय लोगों ने अपनी आस्था, संस्कृति और विरासत पर हुए क्रूर हमलों के बाद फिर से मजबूती से वापसी की। जैसा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा, जिस प्रकार सोमनाथ को नष्ट करने के लिए बार-बार षड्यंत्र और प्रयास हुए, उसी प्रकार विदेशी आक्रमणकारियों ने सदियों तक भारत को समाप्त करने की कोशिश की। फिर भी न तो यह पूजनीय तीर्थ नष्ट हुआ और न ही भारत। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि सोमनाथ पर हमलों का उद्देश्य लूटपाट से ज्यादा खतरनाक था। उन्होंने कहा, 'यदि हमले केवल लूट के लिए होते, तो एक हजार वर्ष पहले हुई पहली बड़ी लूट के बाद ही रुक गए होते। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सोमनाथ की पवित्र मूर्ति को अपवित्र किया गया, मंदिर के स्वरूप को बार-बार बदला गया। और हमें यह सिखाया गया कि सोमनाथ को केवल लूट के लिए नष्ट किया गया था। घृणा, उत्पीड़न और आतंक का यह क्रूर इतिहास हमसे छिपाया गया।' नेहरू का विरोध- स्वतंत्रता के बाद सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण के मिशन का नेतृत्व किया। यह नव स्वतंत्र भारत में राष्ट्रीय आत्मविश्वास की प्रारंभिक अभिव्यक्तियों में से एक था। लेकिन इस प्रयास की राह में भी मुश्किलें आईं। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इसके ऐतिहासिक लोकार्पण समारोह में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के शामिल होने का औपचारिक तौर पर विरोध किया। इसके बावजूद राष्ट्रपति ने 11 मई 1951 को मंदिर का लोकार्पण किया। सदियों के क्रूर उत्पीड़न के बाद इस पुनर्निर्माण ने भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण और सभ्यता पर गर्व के बीज बोए। काशी विश्वनाथ और उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के पुनरुद्धार से लेकर अयोध्या में भव्य राम मंदिर तक; केदारनाथ के पुनर्जीवन से लेकर असंख्य धरोहर स्थलों के संरक्षण तक, भारत अपनी सभ्यता की कहानी को गरिमा और उद्देश्य के साथ पुनः स्थापित कर रहा है। इन प्रयासों से पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं व्यापार के अनेक अवसरों का सृजन हो रहा है।

वैश्विक पहचान- सोमनाथ की ही भांति भारत भी और अधिक सशक्त होकर उभरा है। यह विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ अपनी समृद्ध विरासत और आधुनिकता के अद्वितीय संगम के लिए वैश्विक पहचान बना रहा है। 2014 में जब देश भारी बहुमत से मोदी सरकार को सत्ता में लाया, तो संयुक्त राष्ट्र महासभा ने रिकॉर्ड 175 देशों के समर्थन से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव पारित किया। योग आज एक वैश्विक वेलनेस मुहिम बन चुका है, जिसने दुनिया की सभी संस्कृतियों के लोगों को लाभ पहुंचाया है। एक दशक बाद, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पश्चिम एशिया में संयुक्त अरब अमीरात सरकार द्वारा उपहार में दी गई भूमि पर बने एक भव्य मंदिर का लोकार्पण किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने बहरीन में 200 वर्ष पुराने मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ किया था। वह नियमित रूप से प्रवासी भारतीयों से संवाद करते हैं जिससे वे भारतीय सांस्कृतिक विरासत का गौरवशाली दूत बन जाते हैं। आयुष और योग का वैश्वीकरण-भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों से जुड़े पेशेवरों के लिए वैश्विक अवसरों का सृजन करना, हाल के वर्षों में भारत द्वारा विकसित देशों के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। हमारे कारीगरों, श्रमिकों, किसानों, मछुआरों, छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप्स के लिए लाभकारी वैश्विक अवसरों का सृजन करने के साथ-साथ ये समझौते प्रधानमंत्री के 'विकास भी, विरासत भी' के विजन को आगे बढ़ाते हैं।

# मनोभावों पर नियंत्रण

अंतर्दृष्टि

भोग प्रधान संस्कृति के जो दास बन चुके हैं और वासनाओं ने मनोमस्तिष्क पर कब्जा कर लिया है, उनका चरित्र और व्यक्तित्व इससे बहुत प्रभावित होता है। वासनाएं व्यक्तित्व, चरित्र का क्षय करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्वप्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

# उधार मांगने वालों से सुरक्षित हूं

व्यंग्यलोक

आजकल लगभग मैं बाथरूम में ही पाया जाता हूँ। मैंने बाथरूम से बाहर रूम में रहकर देख लिया, सिवाय परेशानियों के और कुछ नहीं है। बाथरूम के बड़े फायदे हैं। पत्नी का यह तकिया कलाम स्थायी हो गया है कि मैं बाथरूम में हूँ। मेरे कई भय है। जिनके कारण मुझे इसमें जाना पड़ा है। खासतौर से जब से फोन लगा है, तब से मैं इसमें समाहित हो गया हूँ। सुबह-सुबह मेरे एक प्रकाशक मित्र का फोन आता है, जिनसे सिवाय वाहियात वार्तालाप के अलावा कुछ हासिल नहीं हो पाता। रायल्टी का हिसाब-किताब करीब-करीब क्लीयर-सा है, ऐसी स्थिति में मेरा बाथरूम में चले जाना ही श्रेष्ठ है-सो से मिलते हैं तो यही शिकायत प्रमुखता से करते हैं कि मैं बाथरूम में क्यों चला गया हूँ। उनसे तो असलियत क्या बताऊँ, यही कह पाता हूँ कि डॉक्टर ने साफ-सफाई के प्रति जागरूक रहने को कहा है, सो ज्यादा समय वहीं रहना पड़ता है। वे रहस्यमयी मुस्कान के साथ कहते हैं-थोड़ा लिखना-पढ़ना रेगुलर करो। इस तरह कैसे चलेगा। इस तरह तो आपका लेखक मर जायेगा। मैं मन में सोचता हूँ कि उनकी बकवास से मरने की एवज बिना लिखे-पढ़े मर जाना ज्यादा बेहतर है। उधार माँगने वालों से पूरी तरह सुरक्षित हूँ। वे फोन पर ही -चिल्लाते हैं-उन्हें निकालिये बाथरूम से। पूरा एक साल गुजर गया-कब देंगे हमारी उधारी? पत्नी घाघ हो गयी है, कहती है-उन्हें पहले बाथरूम से बाहर आने दो, पता करती हूँ कि उन्होंने आप जैसे अव्यावहारिक आदमी से उधार क्यों ली? उधार ली है तो मर थोड़े ही रहे हैं हम। एक-एक पाई चुका देंगे, लेकिन बातचीत ढंग से किया करो। थोड़ी तमीज सीखो। उधार उगाहने वाले दुर्जन ठण्डे पड़ जाते हैं-वह क्या था? जब भी फोन करता हूँ, तब वे बाथरूम में होते हैं। कभी बाहर भी तो मिलें। पत्नी कह देती है-अब आप फोन ही तब करते हैं, जब वे बाथरूम में होते हैं। वे कहते हैं- अच्छा थोड़ी देर बाद में फोन कर लूँगा। वे पुनः फोन करते हैं, तब तक मैं ऑफिस चला जाता हूँ। कुछ लोग मुझे मेरे दफ्तर के काम से फोन करते हैं। उन्हें भी मैं बाथरूम में मिलता हूँ। उनकी माँग होती है कि उन्हें जरूरी काम था। पत्नी कहती है कि जरूर होगा आपको जरूरी काम अन्यथा आप टेलिफोन करते ही क्यों। वे कहते हैं-कब तक बाहर आयेंगे वे। पत्नी कहती है कि बाहर आ गये तो बीमार हो जायेंगे तथा ऑफिस नहीं जायेंगे। इस तरह की पहेलीबाजी से मैं इनसे बचा रहता हूँ। यही क्यों और भी शुभचिंतक हैं, जो मुझे कुछ लिखवाना चाहते हैं, माँगना चाहते हैं, सलाह मशविरा करना चाहते हैं अथवा यों ही गप्प मारकर समय जाया करना चाहते हैं। उन सबके लिए मैं बाथरूम में हूँ।



पूरन सरमा

## विचार

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

–रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग–द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

–विनोबा भावे.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

–फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

–भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

–चैनिंग.

## आप की बात

### महिला स्वास्थ्य में सुधार

उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस योजना से महिलाओं को चूल्हे के धुंए से आजादी मिली है। अगर हम पीएम उज्ज्वला योजना की बात करें तो इसकी भी खूब आलोचना हुई है। गैस देकर गरीबों को लूटने, उज्ज्वला गैस की रिफिलिंग कम होने, जैसी आलोचनाएं की गयीं, लेकिन इन बातों से हटकर अगर हम आजाद भारत में ऐसी योजनाओं की चर्चा करें जिसने देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे, स्वच्छता और महिला स्वास्थ्य की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन का काम किया है, तो उसमें उज्ज्वला योजना भी है। हालांकि पीएम जनधन, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन जैसी योजनाएं भी सामाजिक-आर्थिक बदलाव और महिलाओं के सशक्तीकरण का वाहक बनी हैं। हम महिला सशक्तीकरण के गीत दशकों से गाते रहे हैं, लेकिन एक दशक पहले राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कौन सी बड़ी योजना थी जो महिलाओं के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन का वाहक बनी। लेकिन आज कई योजनाएं हैं और उसमें उज्ज्वला गैस योजना ने महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव किया है और सफल भी रही है। 1 मई 2016 से शुरू की गयी इस योजना ने अब तक 9.60 करोड़ घरों को स्वच्छ ईंधन से आच्छादित किया है। अगर एक परिवार से चार-पांच सदस्य ही लाभान्वित हों, तो सीधे-सीधे करीब 50 करोड़ लोगों को इससे लाभ हुआ है। 9.60 करोड़ घरों में उन महिलाओं की ताकत उज्ज्वला गैस बनी है जो लकड़ी, उपले या मिट्टी के तेल से खाना बनाती थीं। इससे उनको खाना बनने में अधिक समय लगता था, धुएं से स्वास्थ्य प्रभावित होता था और ऐसे समय जब वर्षा आदि के कारण जलावन में नमी आ जाती थी, तो चूल्हा जलाने में महिलाओं को इतनी फूंक मारनी पड़ती थी कि उनके सीने और मुंह में दर्द होने लगता था। अगर हम यह मान भी लें कि बहुत से घरों में उज्ज्वला गैस एक-दो बार ही भरायी जाती है, तो भी इससे बहुत मदद मिली। जलावन भीगने पर, वर्षा के दिनों में या सूखा जलावन न होने पर ही अगर गैस का प्रयोग हुआ, तो इससे भी महिलाओं को खाना बनाने में मदद मिली। बच्चों को जल्दी स्कूल भेजने में मदद मिली, स्वच्छ गैस से स्वास्थ्य बचाने में मदद मिली। उज्ज्वला गैस महिलाओं का संभल बनी है। इसीलिए केन्द्र सरकार ने 75 लाख और लाभार्थियों को जोड़ने का फैसला किया है।

**विकास श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### सड़कों की हो नियमित देखरेख

हर बरसात में सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने काम शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी वहां उसके नीचे से सीवर भी बनना है, अंडर ग्राउण्ड बिजली की लाइन जाने है, कम्युनिकेशन केबल बिछाना है, जैसी चीजों का पहले से ही अनुमान लगाकर नियोजन कर लिया जाये तो एक तरफ सड़कें बनने के बद ही दूसरी तरफ उसकी खोदाई न हो। सिर्फ विकास के लिए सड़कों सड़कों को नहीं खोदा जाता है बल्कि कई बार स्वागत द्वार बनाने, टेंट लगाने, होर्डिंग के लिए भी खोदाई होती है। इसतरह की खुदाई पर रोक लगाने और मजबूत सड़क बनाने की जरूरत है।

**मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.**

संक्षेप

## बीआरसी में शिक्षक आज करेंगे धरना-प्रदर्शन

**बांदा।** उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्र लगातार दो वर्षों से प्रोन्नति वेतनमान की मांग कर रहे हैं। वह अधिकारियों को शासनादेशों का हवाला दे रहे हैं। कहा कि बेसिक शिक्षा अधिकारी से वार्ता और लिखित रूप से हर माह मिलने के बाद केवल आश्वासन के अतिरिक्त शिक्षकों के हाथ कुछ भी नहीं लग रहा है। जनपद में लगभग 120 शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान मिलना है, जिनकी पत्रावलियां आफ लाइन खंड शिक्षाधिकारियों के यहां तैयार रखी हैं। उन्हें मंगाकर संस्तुति न करने के कारण शिक्षकों में रोष है। इस पर उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई 11 मई को कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारियों के यहां अपराह्न एक बजे के बाद अपने प्रोन्नत वेतनमान के कार्य को निस्तारित कराने के लिए आंशिक धरना प्रदर्शन करेंगे।

## अलग-अलग स्थानों में दो ने लगायी फांसी, मौत

**बांदा।** चिल्ला थाना क्षेत्र के चिल्ला कस्बा निवासी 45 वर्षीय धर्मपाल पुत्र मोतीलाल ने कमरे के अंदर साड़ी से फंदा बनाकर पंखे के हुक पर झूल गया। परिजनों ने देखा तो चीख पुकार मच गई। पिता मोतीलाल ने बताया की एक माह पहले सूरत से आया था। सूरत में मजदूरी का कार्य करता था। किसानी में हाथ बंटवाने आया था। कभी-कभी शराब पी लेता था।

इसके चलते पत्नी राधा से कुछ अनबन हो गई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं एक अन्य घटना में पैलानी थाना क्षेत्र के इछावर गांव के मजरा पांडवन डेरा में 30 वर्षीय गौतम निषाद पुत्र सियाराम निषाद ने कच्चे मकान में लट्ठों में साड़ी का फंदा बनाकर झूल गया। जब मां ननकी ने देखा तो सभी को जानकारी दी।

भाई जयकरन ने बताया कि मृतक की शादी पांच साल पहले दसौली गांव के फतेहपुर जिला में हुई थी। पत्नी खुशबू के चार बच्चे हैं। मृतक की पत्नी खुशबू आठ माह पहले मायके चली गई थी तब से वह वापस नहीं आई है। मृतक का पत्नी से फोन पर कहा सुनी हुई थी। थाना प्रभारी राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## दिव्यांगों को नि:शुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर 23 को

**ललितपुर।** अन्नपूर्णा सेवा संघ ललितपुर के तत्वाधान में दिल्ली की प्रमुख समाजसेवी अखिल भारतीय संस्था तरुण मित्र परिषद दिल्ली द्वारा 23 मई दिन शनिवार को सुबह 9 बजे से एक दिव्यांग कैंप अन्नपूर्णा भोजनशाला हाल जिला अस्पताल परिसर ललितपुर में आयोजित किया जा रहा है। परिषद के अध्यक्ष अशोक जैन ने बताया कि यह 64वां विराट दिव्यांग कैम्प 23 मई को समीर व श्रीमति शिल्पी सौंधी, यू. एस. ए. के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। इस कैम्प में दिव्यांगों को कृत्रिम अंग ( हाथ व पैर ), पोलियोग्रस्त बच्चों को कैलिपर्स, ऑर्थोशूज ( जूते ) आदि व श्रवणहीन बुजुर्गों को श्रवणयंत्र प्रदान करने हेतु 23 मई को आयोजित कैम्प मे चयन कर नाप लिया जाएगा व दिल्ली स्थित कार्यशाला में बनाकर 7 जून को ललितपुर में उपलब्ध कराया जाएगा। जरूरतमंद दिव्यांगजन समकित जैन मो. 9451333868 व अमित प्रिय जैन 9415179318 से सम्पर्क कर परिषद द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र प्राप्त कर अपना आधार कार्ड व पासपोर्ट साइज फोटो लगाकर पंजीकरण करा सकते है।

# मां और भाई की गोली मारकर हत्या



जिला संवाददाता

**बांदा।** जमीनी विवाद को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई और मां को दोनाली बंदूक से दोनों के सीने में गोली मारकर हत्या कर दी। दोनों की मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कस्बे में सनसनी फैल गई।

बबेरू कस्बे के तिंदवारी रोड निवासी 36 वर्षीय देवीदीन पुत्र जगदीश और 60 वर्षीय मां शांती देवी पत्नी जगदीश को जमीनी विवाद को लेकर रविवार को तहसील के पीछे दो बीघा जमीन को लेकर सगे भाइयों में पहले लाठी डंडों की मारपीट हुई। बाद में बड़े भाई 40 वर्षीय राजकिशोर उर्फ गोविंद पुत्र जगदीश ने अपनी लाइसेंसी दोनाली बंदूक से छोटे भाई देवीदीन व मां शांती देवी के सीने में फायर झोंक दिया। इससे उनकी मौके पर मौत हो गई। घायल अवस्था में सीएचसी में भर्ती

**पिता ने बगैर बंटवारा के बेची थी पुश्तैनी जमीन**

कराया। डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस प्रभारी राजेंद्र सिंह राजावत, पुलिस क्षेत्राधिकारी कृष्णकांत त्रिपाठी घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। परिजनो ने कहा जब तक आरोपी को नही पकड़ा जाता हम लोग शव न उठाने देंगे। पुलिस ने परिजनो को समझाने के बाद दोनों के शव लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मृतक के एक पुत्र एक पुत्री है। घटना स्थल पर फॉरेंसिक टीम ने पहुंच कर जांच पड़ताल की। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने घटना स्थल का मुआयना करते हुए बताया कि हमलावर को गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित कर दी है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। प्रकरण में प्रथम दृष्टया संज्ञान में आया है कि आरोपी के पिता ने अपनी पुश्तैनी जमीन बगैर बंटवारा किए 20 लाख रुपये में बेच दी थी जिसका विरोध आरोपी राजकिशोर ने किया था। इसी मनमुटाव के चलते घटना कारित की गई है।

## खागा विधायक कृष्णा पासवान के मंत्री बनने की चर्चा

**फतेहपुर।** फतेहपुर से बड़ी उम्मीदें जुड़ी हैं कि इस बार जिले को लालबत्ती मिलने का इतिहास बन सकता है। मंत्री पद की खबर कैसे तय हो रही है ?सूत्रों के अनुसार, भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व और योगी आदित्यनाथ के बीच हो रही बैठकों में खागा विधानसभा से प्रतिनिधित्व करने वाली कृष्णा पासवान का नाम नए मंत्रियों की सूची में ऊपरी स्थान पर उभर रहा है। देर शाम लखनऊ बुलाये जाने के बाद उनके समर्थकों में उत्साह का वातावरण है कि 10 मई को होने वाले मंत्रिमंडल विस्तार में उन्हें मंत्री पद की शपथ दिलाई जा सकती है। जीवन संघर्ष और राजनीतिक सफर कृष्णा पासवान का सफर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से शुरू हुआ, जहाँ से उन्होंने सामाजिक सेवा और जनसंपर्क के आधार पर राजनीति की दुनिया में कदम रखा। दृढ़ निश्चय और जमीनी कार्यकर्ता की पहचान के बल पर उन्होंने दो बार जिला पंचायत सदस्य एवं चार बार विधायक का स्थान हासिल किया है। खागा विधानसभा पर उनका दबदबा किशनपुर विधानसभा से शुरू हुई उनकी विधायकी के बाद परिसीमन बदलने पर खागा सीट सुरक्षित होने के बाद वह लगातार तीन बार विधायक चुनी जा रही हैं, जो भारी जनाधार का सबूत माना जा रहा है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 33,978 वादों का हुआ निस्तारण



**ललितपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने की। आयोजन की देखरेख

**5.43 करोड़ रुपये की समझौता धनराशि निर्धारित**

एडीजे (डकैती) एवं प्रभारी नोडल अधिकारी सुनील सिंह तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव देवप्रिय सारस्वत द्वारा की गई। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान न्यायालय परिसर में मेडिकल हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया। साथ ही उद्योग विभाग द्वारा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और वन डिस्ट्रिक्ट वन व्यंजन प्रदर्शनी भी आकर्षण का केन्द्र रही। लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों एवं विभागों से संबंधित कुल 33,978 वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। इसमें 5 करोड़ 43 लाख 62 हजार 90 रुपये की समझौता धनराशि निर्धारित की गई। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी राकेश वर्मा ने 12 वादों का निस्तारण करते हुए पीड़ितों को 20.50 लाख रुपये का प्रतिकर दिलाया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नन्दप्रताप ओझा ने 42 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मयंक जायसवाल ने 2,512 वादों का निस्तारण करते हुए 2.46 लाख रुपये का जुमार्ना अधिरोपित किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े 410 वादों का भी सफल निस्तारण हुआ, जिसमें 4 करोड़ 57 लाख 54 हजार 760 रुपये की समझौता राशि निर्धारित की गई। इसके अलावा दूरसंचार, उपभोक्ता आयोग, स्टाम्प विभाग एवं प्रशासनिक विभागों से जुड़े हजारों मामलों का भी निपटारा किया गया। विशेष रूप से परिवार न्यायालय में 06 दंपत्तियों के वैवाहिक विवाद सुलह-समझौते के आधार पर समाप्त कराए गए। सभी दंपत्तियों ने एक-दूसरे को माला पहनाकर नई शुरूआत की, जो लोक अदालत का भावनात्मक और प्रेरणादायक क्षण रहा। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं वादकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। उपस्थित लोगों ने कहा कि लोक अदालत आमजन को त्वरित, सरल और कम खर्च में न्याय दिलाने का प्रभावी माध्यम बन रही है।

# एसपी के नेतृत्व में चला ऑपरेशन ऑल आउट अभियान



**महोबा।** जनपद महोबा में सड़क सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व में व्यापक स्तर पर ड्रंक एंड ड्राइव एवं ऑपरेशन ऑल आउट अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त टोल प्लाजा एवं प्रमुख मार्गों पर पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों द्वारा ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से सघन चेकिंग की गई तथा नशे की हालत में वाहन चलाते पाए जाने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गई। सायंकालीन समय में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में ऑपरेशन ऑल आउट अभियान चलाते हुए बिना हेल्मेट, बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, संदिग्ध वाहन व व्यक्ति, सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वाले एवं अन्य अवांछनीय तत्वों के विरुद्ध सघन चेकिंग एवं पूछताछ की गई। अभियान के दौरान कुल 1031 चालान किए गए तथा 1509000 रुपए का शुल्क वसूला गया, साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजन से अपील की गई कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेल्मेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें, नशे की स्थिति में वाहन न चलाएं तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करें। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह मौजूद रहे।

# पानी की बोतलों में अंग्रेजी शराब की बिक्री करने वाले दो गिरफ्तार

जिला संवाददाता

**बांदा।** थाना जसपुरा पुलिस ने पानी की बोतलों में अवैध अपमिश्रित अंग्रेजी शराब की बिक्री करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

शनिवार रात थाना जसपुरा पुलिस को रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान थाना जसपुरा क्षेत्र के रामपुर चैडगरा चैराहे पर एक चार पहिया वाहन रामपुर गांव की तरफ से आते समय पुलिस को देखकर वापस मुड़कर जाने की कोशिश करने लगी।

पुलिस ने शक होने पर तत्काल घेराबंदी करते हुए वाहन को रोक लिया। चारपहिया वाहन में बैठे

**30 लीटर शराब, 80 हजार रुपए, चारपहिया वाहन बरामद**

व्यक्तियों योगेश पुत्र पन्नालाल निवासी अलोना थाना पैलानी, जितेंद्र पुत्र बृजेश निवासी खिन्नीनाक थाना कोतवाली नगर से पूछताछ करते हुए गाड़ी की तलाशी ली। इस पर 30 पानी की बोतलों में अवैध अंग्रेजी शराब, 80 हजार रुपए व 75 अंग्रेजी शराब की




खाली बोतले बरामद हुई। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि वह इसी चारपहिया वाहन से अंग्रेजी शराब को ठेकों से खरीदकर इन पानी की बोतलो में भर लेते है। इसके बाद किसी सुनसान स्थानों पर जाकर इस अंग्रेजी शराब में केमिकल मिलाकर इसकी तीव्रता बढ़ा लेते है। उसके बाद इन खाली शराब की बोतलो में पुनः भरकर अधिक लाभ के साथ इसको बेच देते है। 80 हजार रुपए भी उसी अपमिश्रित अंग्रेजी शराब की बिक्री के है। पुलिस ने दोनों आरोपियों योगेश पुत्र पन्नालाल निवासी अलोना थाना पैलानी, जितेंद्र पुत्र बृजेश निवासी खिन्नीनाक थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार कर अवैध अपमिश्रित शराब, रुपए व चारहिया वाहन को कब्जे में लेकर थाना जसपुरा में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है।

## तालाब में डूबा युवक, शव बरामद



**बांदा।** जसपुरा कस्बा स्थित रामसागर तालाब में शनिवार शाम युवक के डुबने से लोगों में अफरातफरी मच गई। पुलिस और स्थानीय गोताखोरों ने घंटों तलाश अभियान चलाया। देर रात युवक का शव तालाब से बाहर निकाला गया। सीएचसी जसपुरा में डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कस्बा निवासी 30 वर्षीय छोटू पुत्र रामस्वरूप सौदागर शनिवार शाम करीब साढ़े पांच बजे रामसागर तालाब के भीटा पर पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वह नशे की हालत में था। तालाब किनारे उसने लाल रंग का झोला और चप्पल उतारीं और अचानक पानी में छलांग लगा दी। युवक को तालाब में कूदता देख आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ऋषि देव सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से तालाब में जाल डालकर देर शाम तक युवक की तलाश कराई गई, लेकिन शुरूआत में उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने तालाब किनारे मिले लाल रंग के झोले की तलाशी ली, जिसमें केवल कपड़े मिले। कोई पहचान पत्र या दस्तावेज बरामद नहीं हुआ। देर रात स्थानीय लोगों और गोताखोरों की मदद से युवक की पहचान छोटू पुत्र रामस्वरूप निवासी जसपुरा के रूप में हुई। सीएचसी जसपुरा में डाक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

## खागा में मारपीट के बाद युवक की मौत

**फतेहपुर।** थाना खागा क्षेत्र के ग्राम धरमंगतपुर नरवा में शनिवार रात्रि यूपी-112 को सूचना मिली कि गांव में मारपीट हुई है और एक व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही यूपी-112 और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। इसी दौरान एक अन्य कॉल में एक व्यक्ति ने अपने पिता के लापता होने की जानकारी दी। जांच में दोनों सूचनाएं एक ही स्थान से संबंधित पाई गईं।पुलिस ने मौके पर परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ की तो शव की पहचान फूल सिंह लोधी, निवासी ग्राम धरमंगदपुर नरवा, उम्र लगभग 40 वर्ष, के रूप में हुई।प्राथमिक जांच में शव पर गंभीर चोटों के निशान मिले हैं, जिससे मारपीट के चलते मौत की आशंका जताई जा रही है।घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी और थाना पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जांच-पड़ताल की। विवेचना के दौरान पता चला कि मृतक पक्ष और ग्राम प्रधान मदन लोधी के बीच भूमि विक्रय और दाखिल खारिज को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इससे पहले भी मृतक के भाई के साथ मदन लोधी और उसके सहयोगियों द्वारा मारपीट की घटना हुई थी। इस संबंध में 8 मई को मृतक के भाई की तहरीर पर चार नामजद आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था।पुलिस के अनुसार, पूर्व में दर्ज प्रकरण में आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी, लेकिन वे अपने घरों पर नहीं मिले। अब ताजा घटना के बाद मुख्य आरोपित मदन लोधी औरउसके सहयोगियों की गिरफ्तारी के लिए अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पांच पुलिस टीमों का गठन किया गया है।शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सोशल मीडिया पर गोली लगने की बात कही जा रही है, लेकिन पुलिस और फील्ड यूनिट की जांच में फिलहाल गोली लगने की पुष्टि नहीं हुई है। मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

# गौकशी से मलवा में ग्रामीणों का आक्रोश

जिला संवाददाता

**फतेहपुर।** जनपद का मलवा थाना क्षेत्र इन दिनों गंभीर चचाओं और लगातार उठ रहे सवालों के कारण सुर्खियों में बना हुआ है। जिले में नए पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध, भ्रष्टाचार और अवैध कारोबार पर ह्लजीरो टॉलरेंसह्व नीति लागू करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन मलवा थाना क्षेत्र की तस्वीर इन दावों से बिल्कुल उलट नजर आ रही है। क्षेत्रीय लोगों और स्थानीय सूत्रों की मानें तो यहां अवैध खनन, गांजा तस्करी, कच्ची शराब, गौकशी और संदिग्ध गतिविधियों का जाल लगातार फैलता जा रहा है, जबकि कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। गौकशी की घटनाओं से दहशत, ग्रामीणों में भारी आक्रोशक्षेत्र में हाल ही में सामने आई गौकशी की घटनाओं ने ग्रामीणों और गौसेवकों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, मलवा थाना क्षेत्र के कई गौकशी से जुड़े नेटवर्क को क्षेत्र में सक्रिय संदिग्ध वाहन देर रात गांवों के रास्तों से गुजरते देखे जाते हैं, जिन पर कार्रवाई के बजाय मामले को दबाने

**जेसीबी के जरिए कुछ संदिग्ध टुकड़ों को समेटकर बोरे में भर दिया गया**

की कोशिश होती है। यही कारण है कि क्षेत्र में भय और असंतोष का माहौल लगातार बढ़ता जा रहा है। क्या अवैध कारोबारियों को मिल रहा संरक्षणक्षेत्रीय चचाओं के अनुसार, मलवा थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों का एक संगठित नेटवर्क सक्रिय बताया जा रहा है। इसमें अवैध खनन, गांजा तस्करी शराब और गौकशी जैसे गंभीर अपराधों के जुड़े होने की चर्चा तेज है। कोरई क्षेत्र में नशे के कारोबार की लंबे समय से शिकायतें सामने आ रही हैं, जबकि कुटिल मोड़ के आसपास गांजा सप्लाई नेटवर्क सक्रिय होने की बात ग्रामीण लगातार उठा रहे हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि कार्रवाई के नाम पर केवल छोटे लोगों को पकड़कर खानापूर्ति की जाती है, जबकि बड़े नेटवर्क तक पुलिस के हाथ नहींपहुंचते। लोगों के बीच यह चर्चा भी तेजी से फैल रही है कि कुछ प्रभावशाली लोगों के संरक्षण के कारण पूरे मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

एक उपनिरीक्षक की भूमिका पर उठ रहे सवालस्थानीय सूत्रों का दावा है कि थाने में लंबे समय से प्रभाव रखने वाले एक उपनिरीक्षक की भूमिका को लेकर भी क्षेत्र में चचाएं तेज हैं। बताया जा रहा है कि लाइन हाजिर होने के बावजूद उनका प्रभाव कम नहीं हुआ और थाने से जुड़े कई मामलों में उनकी सक्रियता अब भी बनी हुई है।सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर अधिकांश संवेदनशील मामलों की डीलिंग एक ही अधिकारी के इर्द-गिर्द क्यों घूमती दिखाई दे रही है ? ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद कार्रवाई की गति बेहद धीमी रहती है और कई मामलों को शुरूआती स्तर पर ही दबा दिया जाता है। संदिग्ध वाहन और दबे हुए मामले की चर्चा तेज इधर एक संदिग्ध वाहन से जुड़ा मामला भी अंदरखाने चर्चा का विषय बना हुआ है। सूत्रों के अनुसार, वाहन दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में मिला था और मौके से ड्राइवर का मोबाइल भी बरामद हुआ था। इसके बावजूद पूरे मामले में मुकदमा दर्ज न होना कई सवाल खड़े कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि घटनास्थल पर जेसीबी के जरिए कुछ संदिग्ध टुकड़ों को समेटकर बोरे में भर दिया गया ।

## ट्रैक्टर से गिरकर महिला की दर्दनाक मौत, केस दर्ज

ललितपुर। कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम बुढवार में ट्रैक्टर से गिरकर एक महिला की दर्दनाक मौत हो जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतका के पति की तहरीर पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में ग्राम बुढवार निवासी राजसिंह यादव ने बताया कि बीती 20 मार्च 2026 को शाम करीब 5.30 बजे उनकी पत्नी रेखा देवी यादव खेत से काम करके घर लौट रही थीं। इसी दौरान गांव का ही पंकज यादव पुत्र तिलक यादव लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर लेकर वहां पहुंचा। आरोप है कि ट्रैक्टर चालक तेज आवाज में डैक बजा रहा था और उसने रेखा देवी को ट्रैक्टर के मडगार्ड पर बैठा लिया। कुछ दूरी पर पहुंचते ही संतुलन बिगड ? से रेखा देवी ट्रैक्टर से नीचे गिर गईं।

## एसपी ने 11 निरीक्षक, उप-निरीक्षकों का किया तबादला

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था में सुधार लाने के उद्देश्य से 11 निरीक्षक और उप-निरीक्षकों का तबादला किया है। यह आदेश रविवार को जारी किया गया है। बताया जा रहा है कि स्थानांतरण के इस आदेश में उन पुलिसकर्मियों को विशेष रूप से ध्यान में रखा गया है जो लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात थे।पुलिस अधीक्षक कार्यालय के जारी आदेश के अनुसार, प्रभारी निरीक्षक बिसंडा राममोहन राय को साइबर थाना का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। वहीं, राजेशचंद्र मिश्रा को साइबर थाना के प्रभारी निरीक्षक पद से हटाकर अपराध शाखा भेजा गया है। संजय मिश्रा को यातायात निरीक्षक से प्रभारी न्यायालय सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि महेंद्र प्रताप सिंह प्रभारी न्यायालय सुरक्षा से यातायात निरीक्षक बनाए गए हैं। संदीप तिवारी को प्रभारी निरीक्षक नरैनी से प्रभारी निरीक्षक डायल 112 के पद पर स्थानांतरित किया गया है। सुखराम सिंह प्रभारी निरीक्षक कालिंजर से प्रभारी निरीक्षक बिसंडा भेजे गए हैं। भास्कर मिश्र को कमासिन से नरैनी स्थानांतरित किया गया है। संजय द्विवेदी को प्रभारी मीडिया सेल से प्रभारी जन शिकायत प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राकेश तिवारी को प्रभारी डायल 112 से प्रभारी सोशल मीडिया सेल भेजा गया है। संतोष ओझा को प्रभारी जन शिकायत प्रकोष्ठ से प्रभारी निरीक्षक कमासिन बनाया गया है। दारा सिंह, जो चैकी प्रभारी मर्दननाका थे, उन्हें थानाध्यक्ष कालिंजर के रूप में नई तैनाती मिली है।

# गौरैया संरक्षण से पक्षियों के संरक्षण तक कार्यक्रम का समापन

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत पहुंचाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से तखत ग्रुप द्वारा चलाया गया आठ दिवसीय जलपात्र वितरण महाअभियान रविवार को भावनात्मक और उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया। नपाध्यक्ष सोनाली जैन और अधिशासी अधिकारी दिनेश

**आठ दिनों में 4 हजार से अधिक जल पात्रों का वितरण**

कुमार विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से अभियान को औपचारिक विश्राम देते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी और अनुकरणीय पहल बताया। लगातार आठ दिनों तक शहर के विभिन्न वार्डों, मोहल्लों, गलियों और आवासीय क्षेत्रों में चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान 4 हजार से अधिक जलपात्रों का वितरण किया गया। तखत ग्रुप के सदस्यों ने घर-घर पहुंचकर न केवल



जलपात्र वितरित किए, बल्कि लोगों को गौरैया सहित अन्य पक्षियों के संरक्षण, संवर्धन और उनके लिए नियमित दाना-पानी की व्यवस्था करने का संदेश भी दिया। इस अनूठी सामाजिक पहल ने केवल ललितपुर ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों तक अपनी सकारात्मक पहचान बनाई। समापन अवसर पर नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में पर्यावरण और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता जागृत करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पक्षियों के लिए पानी और दाना उपलब्ध कराना मानवता का सबसे सुंदर रूप है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि शहरभर में जिस समर्पण और सेवा भावना के साथ यह अभियान चलाया गया, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि यह पहल आने वाली पीढि ?ों को प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। समापन अवसर पर मुन्नालाल जैन, विवेक जैन जिम्मी, मज्जू सोनी, सत्येन्द्र प्रताप सिंह सिसौदिया, अभय पारौल, ब्रजेश जैन बल्ची, पार्षद अफजुल रहमान, पार्षद अशोक पंथ, अशोक अनौरा, मकरंद किलेदार विक्की, मनीष मिंटू सिंघई, राजेश दुबे, मनोज शर्मा, गौरव जैन, गोलू अनौरा, आशीष चैबे लंबरदार, विद्या मालवीय, जगदीश सोनी, रिंकू बबेले के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# बाल विवाह की सूचना पर सक्रिय हुई टीम, नाबालिग बेटी की शादी रुकवाई

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद में बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को महिला एवं बाल कल्याण विभाग की टीम ने थाना बानपुर क्षेत्र के

**चाइल्ड हेल्पलाइन और महिला कल्याण विभाग ने परिजनों को बताए बाल विवाह के दुष्परिणाम**

ग्राम बिलाटा में एक नाबालिग बालिका का विवाह रुकवाकर सराहनीय कार्य किया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह के निर्देशन में चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट को सूचना मिली थी कि ग्राम बिलाटा में लगभग 17 वर्षीय नाबालिग बालिका का विवाह कराया जा रहा है। सूचना मिलते ही टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय पुलिस के सहयोग से बाल विवाह रुकवाया। टीम ने वर-वधू पक्ष और ग्रामीणों को बाल विवाह के कानूनी प्रावधानों एवं इसके दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

साथ ही संबंधित परिवार को बाल कल्याण समिति के समक्ष उपस्थित होने की सलाह दी गई। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण और बाल विवाह रोकथाम को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

गांव-गांव जाकर टीमों द्वारा लोगों को बाल विवाह से होने वाले सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

मौके पर चाइल्ड हेल्पलाइन से अजय कुशवाहा, अतुल कुमार, मंसूर अंसारी तथा सखी वन स्टॉप सेंटर से पूनम शर्मा और रेशमा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

ललितपुर। कोतवाली सदर क्षेत्र अंतर्गत सागर-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिरधा के समीप हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के पुत्र की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिसनारी तिराहा निवासी राजकुमार साहू बीती 7 मई की रात करीब 8 बजे अपनी मोटरसाइकिल संख्या यू.पी.94 पी 4375 से मालथौन से ललितपुर स्थित अपने घर लौट रहे थे। बताया गया है कि जैसे ही वह बिरधा के पास सागर-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचे, तभी सामने से आ रहे ट्रक संख्या यू.पी. 78 जी.टी. 6398 के चालक ने तेज गति और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राजकुमार साहू गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें संभालने का प्रयास किया, लेकिन अत्यधिक चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। शनिवार को मृतक के पुत्र अनूप कुमार साहू ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर दोषी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

संक्षेप

## रोजमर्रा के इस्तेमाल का सामान हो सकता है महंगा

नयी दिल्ली। कच्चे तेल से जुड़ी महंगाई, पैकेजिंग सामग्री और ईंधन लागत में बढ़ोतरी के बीच साबुन, डिटर्जेंट, बिस्किट, पैकेट बंद खाद्य पदार्थ और पेय उत्पादों की कीमतें बढ़ सकती हैं। देश की प्रमुख रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनियां बढ़ती लागत से मुनाफे पर पड़ रहे दबाव को कम करने के लिए चरणबद्ध तरीके से दाम बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। एफएमसीजी कंपनियों के अधिकारियों ने हालिया तिमाही नतीजों के दौरान संकेत दिया है कि वे पहले ही तीन से पांच प्रतिशत तक कीमतें बढ़ा चुकी हैं और लागत का दबाव जारी रहने पर आगे भी मूल्य वृद्धि की जा सकती है। कंपनियों का कहना है कि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है, जिससे कच्चे माल, लॉजिस्टिक्स और पैकेजिंग लागत बढ़ी है। रुपये में कमजोरी ने भी दबाव बढ़ाया है। इसका असर खाद्य उत्पादों, व्यक्तिगत देखभाल, पेय पदार्थ और घरेलू उपयोग के सामान सहित कई क्षेत्रों पर दिखाई दे रहा है। कंपनियां मुनाफा बनाए रखने के लिए कीमतें बढ़ाने के साथ पैकेट बंद उत्पादों में मात्रा कम करने की रणनीति भी अपना रही हैं। हालांकि पांच, 10 और 15 रुपये वाले छोटे पैक बाजार में बनाए रखने की कोशिश की जा रही है ताकि बिक्री पर असर कम पड़े। कंपनियां लागत कम करने के लिए छूट और प्रचार खर्चों में कटौती, भंडार प्रबंधन को मजबूत करने और आपूर्ति श्रृंखला को अधिक कुशल बनाने जैसे कदम उठा रही हैं।

## भारत का लक्ष्य जीडीपी में पर्यटन क्षेत्र के योगदान को बढ़ाकर 10% करना

नई दिल्ली। सुमन बिल्ला, अतिरिक्त सचिव और महानिदेशक, पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय, ने जावेद अशरफ, अध्यक्ष, इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन के साथ मिलकर आज ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में दो-दिवसीय 15वें इंडियन एग्ज़िबिशन इंडस्ट्री एसोसिएशन ओपन सेमिनार और एग्ज़िबिशन सर्विसेज एक्सपो 2026 का उद्घाटन किया। सुमन बिल्ला, अतिरिक्त सचिव और महानिदेशक, पर्यटन मंत्रालय, ने कहा है कि भारत का लक्ष्य अगले दशक मेंजीडीपी में पर्यटन क्षेत्र के योगदान को मौजूदा 5% से बढ़ाकर 10% करना है। इस वृद्धि का मुख्य कारण बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास होना बताया जा रहा है, जैसे कि 2014 से अब तक हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी होकर 150 हो जाना, और घरेलू यात्राओं की भारी संख्या। 10% का यह लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य पर्यटन के आर्थिक प्रभाव को बढ़ाना है; इसमें रेल/सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए क्षमता विस्तार पर विशेष जोर दिया गया है। जहाँ एक ओर घरेलू पर्यटन का आँकड़ा 1.5 अरब यात्राओं को पार कर चुका है, वहीं श्री बिल्ला ने इस बात पर जोर दिया कि अब केवल 'फुटफॉल' (आने वाले लोगों की संख्या) गिनने के बजाय, 'हाई-वैल्यू ट्रैवल' (उच्च-मूल्य वाली यात्राओं) और राजस्व बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। पर्यटन अभी भी एक ₹कम-उपयोग किया गया इंजन₹ बना हुआ है, और अनुमानित मांग को पूरा करने के लिए इसे अपनी मौजूदा 'कमरा क्षमता' को तीन गुना बढ़ाने की आवश्यकता है।

## कर्तव्य का ट्रेलर लॉन्च 15 मई से होगी स्ट्रीमिंग

मुंबई। धर्म निभाते हैं तो कर्म छूट जाता है, कर्म करते हैं तो धर्म छूट जाता है, कर्तव्य तक बात पहुंच ही नहीं पाती। हर फैसले की कीमत चुकानी पड़ने वाली दुनिया में कर्तव्य फिल्म सही और गलत के बीच की उस उलझन को दिखाती है, जहां कर्तव्य और उसके नतीजे एक-दूसरे के सामने खड़े हो जाते हैं। नेटफ्लिक्स ने आज इस आने वाली क्राइम ड्रामा फिल्म का दमदार ट्रेलर जारी किया है, जिसमें सैफ अली खान मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। ट्रेलर एक ऐसी दुनिया की झलक दिखाता है जो तनाव और रहस्य से भरी हुई है। इस फिल्म में रसिका दुग्गल, संजय मिश्रा, जाकिर हुसैन, मनीष चौधरी और सौरभ द्विवेदी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं, जिन्होंने अपने शानदार अभिनय से कहानी को और भी प्रभावशाली बना दिया हैं।अपने गंभीर माहौल और किरदारों पर आधारित दमदार कहानी के साथ कर्तव्य इंसान की अंतरात्मा, फैसलों के नतीजोंऔर सही काम करने की कीमत को दिखाने वाली एक रोमांचक कहानी है। कर्तव्य 15 मई से नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# कंपनियों की पूंजी एक लाख करोड़ घटी



नयी दिल्ली। शेयर बाजार में सीमित दायरे में कारोबार के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई है। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ा।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 414.69 अंक यानी 0.53 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 178.6 अंक यानी 0.74 प्रतिशत के लाभ में रहा। सप्ताह के दौरान भारती एयरटेल, एसबीआई, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट दर्ज की गई। वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार मूल्यांकन में कुल 46,685.21 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सप्ताह के दौरान एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 44,722.34 करोड़ रुपये घटकर 9,41,107.62 करोड़ रुपये रह गया। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 31,167.1 करोड़ रुपये घटकर 11,18,055.03 करोड़ रुपये पर आ गया। टीसीएस की बाजार हैसियत 28,456.26 करोड़ रुपये घटकर 8,66,477.69 करोड़ रुपये रही। वहीं एलएंडटी का मूल्यांकन 5,371.84 करोड़ रुपये घटकर 5,46,621.21 करोड़ रुपये पर आ गया। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 15,425.09 करोड़ रुपये बढ़कर 12,02,699.26 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 11,486.89 करोड़ रुपये बढ़कर 5,94,610.02 करोड़ रुपये हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 8,763.97 करोड़ रुपये बढ़कर 5,37,562.98 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 6,563.28 करोड़ रुपये बढ़कर 19,42,866.58 करोड़ रुपये रहा, जबकि एलआईसी का मूल्यांकन 2,751.37 करोड़ रुपये बढ़कर 5,07,549.44 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 1,694.61 करोड़ रुपये बढ़कर 9,06,675.39 करोड़ रुपये रही। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने मई में अबतक भारतीय शेयर बाजार से 14231 करोड़ निकाले



नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजार से निकासी का सिलसिला मई में भी जारी है। वैश्विक वृहद आर्थिक अनिश्चितता के बीच एफपीआई ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजार से शुद्ध रूप से 14,231 करोड़ रुपये निकाले हैं।

इसके साथ ही 2026 में एफपीआई की भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली का आंकड़ा बढ़कर दो लाख करोड़ रुपये के पार निकल गया है। पूरे 2025 के दौरान एफपीआई ने भारतीय बाजार से 1.66 लाख करोड़ रुपये निकाले थे। फरवरी को छोड़कर, 2026 के सभी महीनों में एफपीआई शुद्ध बिकवाल रहे हैं। जनवरी में उन्होंने 35,962 करोड़ रुपये निकाले थे। हालांकि, फरवरी में उन्होंने 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया था, जो 17 माह का सबसे ऊंचा स्तर है। हालांकि, मार्च में यह रुख फिर पलट गया और विदेशी निवेशकों ने रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की निकासी की। अप्रैल में भी उन्होंने 60,847 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। मई में भी यह सिलसिला जारी है और एफपीआई अबतक 14,231 करोड़ रुपये के शेयर बेच चुके हैं। एफपीआई की बिकवाली की मुख्य वजह वैश्विक वृहद आर्थिक अनिश्चितता है। विदेशी निवेशक खासकर महंगाई, ब्याज दरों और भू-राजनीतिक जोखिमों को लेकर चिंतित हैं। भारतीय रुपया भी दबाव में है, जो विदेशी निवेशकों के लिए डॉलर-समायोजित प्रतिफल पर असर डाल रहा है। कुल बिकवाली के बावजूद एफपीआई बिजली, निर्माण और पूंजीगत सामान जैसे चुनिंदा क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं।

## निजी क्षेत्र का निवेश 67 प्रतिशत बढ़कर 7.7 लाख करोड़ रुपये रहा

नयी दिल्ली। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को कहा कि सितंबर, 2025 में भारत के निजी क्षेत्र का पूंजीगत व्यय एक साल पहले के 4.6 लाख करोड़ रुपये से 67 प्रतिशत बढ़कर 7.7 लाख करोड़ रुपये हो गया।

इसके साथ ही सीआईआई ने पश्चिम एशिया संकट और उसके बाद की स्थितियों के मद्देनजर पांच सूत्रीय उद्योग कार्य एजेंडा पेश किया। इसमें पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में की गई कटौती को चरणबद्ध तरीके से वापस लेने का प्रस्ताव शामिल है। भारतीय उद्योग परिसंघ ने निजी निवेश में आए इस उछाल को देश के निवेश चक्र में एक शक्तिशाली और व्यापक सुधार का निर्णायक प्रमाण बताया है। उद्योग निकाय ने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती को कच्चे तेल की कीमतें स्थिर होने पर छह से नौ महीनों के दौरान धीरे-धीरे वापस लिया जाना चाहिए। सीआईआई के पांच सूत्रीय एजेंडा में एमएसएमई भुगतान के लिए 45 दिन की गारंटी, आयात विकल्पों के माध्यम से आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा और स्वैच्छिक मूल्य नियंत्रण तथा इंटर्नशिप की संख्या बढ़ाने जैसे प्रस्ताव भी शामिल हैं। निजी क्षेत्र का निवेश सितंबर, 2025 में बढ़कर 7.7 लाख करोड़ रुपये हो गया।

## कम दाम पर ईंधन बिक्री से पेट्रोलियम कंपनियों को रोजाना हो रहा 1700 करोड़ का नुकसान

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच वैश्विक ऊर्जा कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी का असर भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों पर भारी पड़ रहा है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (एचपीसीएल) जैसी सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां पिछले 10 सप्ताह से पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस एलपीजी की बिक्री पुराने दामों पर कर रही हैं, जिससे उन्हें प्रतिदिन 1,600-1,700 करोड़ रुपये का नुकसान (अंडर-रिकवरी) हो रहा है। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि 10 सप्ताह में इन कंपनियों की कुल अंडर-रिकवरी एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है।

अंडर-रिकवरी का अर्थ लागत से कम मूल्य पर बिक्री से है। कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दाम दो साल पुराने स्तर पर बने हुए हैं। दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर की दर से बिक रहा है। वहीं, मार्च में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 60 रुपये बढ़ाए गए थे, लेकिन इसके बावजूद इसकी कीमत वास्तविक लागत से कम बनी हुई है। सूत्रों के अनुसार, पेट्रोलियम कंपनियों को अब कच्चे तेल की खरीद और परिचालन जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक कार्यशील पूंजी जुटानी पड़ सकती है। यदि कच्चे तेल की ऊंची कीमतें लंबे समय तक बनी रहती हैं, तो कंपनियों को कुछ पूंजीगत व्यय योजनाओं की प्राथमिकताओं में बदलाव करना पड़ सकता है। पेट्रोलियम कंपनियों की वित्तीय स्थिति पर लगातार दबाव रहने से भविष्य में रिफाइनरी, पाइपलाइन, रणनीतिक भंडारण और स्वच्छ ईंधन परियोजनाओं में निवेश प्रभावित हो सकता है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का निर्णय अब सरकार के स्तर पर लिया जाना है। उनका कहना है कि ईंधन मूल्य वृद्धि लगभग अपरिहार्य हो गई है।

## अब खर्च को लेकर सतर्क और व्यावहारिक रुख अपना रहे हैं भारतीय उपभोक्ता

नयी दिल्ली। भारतीय उपभोक्ता बदलती आर्थिक परिस्थितियों के बीच अब खर्च को लेकर अधिक सतर्क और व्यावहारिक रुख अपना रहे हैं। वे अपनी आकांक्षाओं और वित्तीय अनुशासन के बीच संतुलन बनाकर चल रहे हैं। उपभोक्ताओं के खर्च का रुझान अब मुख्य रूप से जरूरी श्रेणियों तक सीमित हो रहा है, जबकि गैर-आवश्यक क्षेत्रों में खर्च केवल चुनिंदा क्षेत्रों में बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि यात्रा क्षेत्र में त्योहारों के बाद कुल मांग में कुछ नरमी आई है, लेकिन उपभोक्ताओं का झुकाव प्रीमियम सेवाओं की ओर बढ़ रहा है। ग्राहक अब बेहतर मूल्य, सुविधा और भरोसेमंद सेवाओं को प्राथमिकता दे रहे हैं। भारतीय उपभोक्ता अब संतुलित उपभोग के दौर में प्रवेश कर रहे हैं। वे अधिक परिपक्व और जुझारूपन के साथ सोच-समझकर खर्च कर रहे हैं।

परिवार अब आवश्यक वस्तुओं को प्राथमिकता दे रहे हैं, बेहतर अनुभवों पर सीमित लेकिन गुणवत्ता वाला खर्च कर रहे हैं और बड़े वित्तीय फैसलों को फिलहाल टाल रहे हैं। भोजन पर संयमित खर्च और स्थिर बचत का रुझान भी इस बदलाव को दर्शाता है। उद्देश्यपूर्ण उपभोग का यह रुझान भारतीय उपभोक्ता आधार की मजबूती को दर्शाता है, जो आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालते हुए भी गुणवत्ता और बेहतर अनुभव की तलाश जारी रखे हुए है।

# कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा




नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह अमेरिकी-ईरान तनाव और कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि रुपये-डॉलर की चाल और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार को प्रभावित करेंगी। बाजार इस सप्ताह भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के प्रति बेहद संवेदनशील रहेगा और निवेशकों का ध्यान अमेरिका-ईरान से संबंधित घटनाक्रमों पर रहेगा।

उन्होंने कहा कि ब्रेंट कच्चे तेल के दाम बाजार की दिशा तय करने वाला एक अहम कारक रहेगा। यदि कच्चे तेल की कीमतें 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे बनी रहती हैं या तनाव कम करने की दिशा में प्रगति होती है तो जोखिम वाले निवेश माध्यमों में राहत भरी तेजी देखी जा सकती है। वहीं तनाव बढ़ने की स्थिति में बाजार पर दबाव बना रह सकता है। एक विशेषज्ञ ने कहा कि इस सप्ताह महंगाई के आंकड़े भी आने हैं जो बाजार के लिए महत्वपूर्ण होंगे। इस बीच, केनरा बैंक, टाटा पावर, भारती एयरटेल, डीएलएफ, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और जेएसडब्ल्यू स्टील जैसी कंपनियां सप्ताह के दौरान अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। भारतीय शेयर बाजार निकट भविष्य में भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के प्रति बेहद संवेदनशील बने रहेंगे और बाजार व्यापक दायरे में कारोबार कर सकता है। भारत के अप्रैल महीने के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति (सीपीआई) के आंकड़े भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ब्याज दर नीति का संकेत देंगे, जबकि अमेरिका के सीपीआई और पीपीआई आंकड़े फेडरल रिजर्व की संभावित ब्याज दर कटौती, बॉन्ड प्रतिफल और वैश्विक जोखिम धारणा को प्रभावित कर सकते हैं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 414.69 अंक यानी 0.53 प्रतिशत मजबूत हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 178.6 अंक यानी 0.74 प्रतिशत के लाभ में रहा। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफआईआई) ने भी भारतीय बाजारों से निकासी जारी रखी है। इस महीने अबतक एफपीआई भारतीय शेयर बाजारों से 14,231 करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। आने वाले दिनों में बाजार की दिशा मुख्य रूप से भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों, रुपये की चाल और विदेशी निवेशकों के रुख पर निर्भर करेगी। साथ ही चौथी तिमाही के नतीजों का अंतिम चरण शेयर और क्षेत्र आधारित गतिविधियों को प्रभावित करेगा।

# एफटीए का अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए बेहतर उपयोग योजना पर काम कर रही है सरकार



नयी दिल्ली। विकसित देशों के साथ कई मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर के बाद सरकार इनका अधिकतम लाभ उठाने के लिए एफटीए इस्तेमाल योजना पर काम कर रही है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी के अनुसार, 2021 से अबतक भारत ने मॉरीशस, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ओमान, न्यूजीलैंड, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए), यूरोपीय संघ (ईयू), ब्रिटेन और अमेरिका के साथ एफटीए को अंतिम रूप दिया है। ये मुक्त व्यापार समझौते 38 देशों के साथ किए गए हैं, जिनका वैश्विक आयात मूल्य 12,000 अरब डॉलर बैठता है। इन समझौतों के तहत भारतीय कृषि, वस्त्र एवं परिधान, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स को शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच मिली है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग संगठनों, कारोबारियों और निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी) के साथ कई बैठकें कर एफटीए के बेहतर के उपायों पर चर्चा की है। उन्होंने उद्योग जगत से इन समझौतों का लाभ उठाकर निर्यात और घरेलू विनिर्माण को बढ़ाने का आह्वान किया है। मंत्री ने चार मई को प्रमुख अधिकारियों और मुख्य वार्ताकारों के साथ बैठक कर मुक्त व्यापार समझौतों की प्रगति की समीक्षा की। इसके बाद सात मई को भारतीय कृषि और मत्स्य उत्पादों के लिए वैश्विक बाजारों में स्वच्छता एवं पादप स्वच्छता (एसपीएस) संबंधी मंजूरियां हासिल करने के लिए रूपरेखा तैयार करने पर चर्चा की गई। इस प्रक्रिया में विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों और सभी संबंधित मंत्रालयों को भी शामिल किया गया है। भारतीय दूतावास आयातक देशों में एफटीए के प्रति जागरूकता बढ़ाने, नए अवसरों की जानकारी देने और गैर-शुल्क बाधाओं के समाधान में तेजी लाने का काम करेंगे।

पेज एक का शेष

## यूपी में

बिहारी लाल की जय और भारत माता के जयकारे लगाए। उन्होंने कहा कि यह अद्भुत संयोग है कि आज मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद शपथ ग्रहण करने वाले सभी मंत्री पूरे मंत्रिमंडल के साथ इस अद्भुत कार्यक्रम में सहभागी बने। करीब ढाई घंटे तक सभी एक साथ यहां बैठे रहे और हर एक चेहरे पर नई रौनक दिखाई दे रही थी। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरा और संस्कृति से जुड़ी भगवान श्री कृष्ण पर आधारित इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग के साथ हम सभी यहां जुड़े हैं। फिल्म के कलाकार भी यहां उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के रूप में सत्यभामा का किरदार निभाने वाली कलाकार का नाम भी संस्कृति है, जिन्होंने इस भूमिका को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है। सीएम योगी ने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार के बाद हम सभी ने एक साथ इस फिल्म को देखा। यह भारत की संस्कृति और परंपराओं से जुड़े इतिहास को समेटते हुए तथा पुरातन विरासत को मुख्य धारा में प्रस्तुत करने वाली फिल्म है। इस दौरान फिल्म की मुख्य अभिनेत्री संस्कृति ने सीएम योगी से आशीर्वाद लिया। सीएम योगी ने निमार्ता-निर्देशक और फिल्म से जुड़े सभी कलाकारों को धन्यवाद भी दिया। मुख्यमंत्री ने फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए पूरी टीम को हृदय से धन्यवाद दिया। इसी के साथ उन्होंने उत्तर प्रदेश में इस फिल्म को टैक्स फ्री करने की घोषणा भी की। उन्होंने सूचना विभाग को प्रत्येक जनपद में इस फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित कराने में सहयोग करने का निर्देश दिया, जिससे बच्चे और युवा इसे देखकर अपनी संस्कृति, परंपरा और सनातन विरासत के बारे में समझ सकें। उन्होंने कहा कि जब हम बरसाना, मथुरा और वृंदावन में जाते हैं तो वहां संबोधन राधे-राधे का ही होता है। उन्होंने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृष्णावतारम्की मुख्य पात्र संस्कृति राज्यपाल की नातिन हैं और किसी भी नानी के लिए इससे अद्भुत क्षण और कोई नहीं होगा कि पालन-पोषण कर जिस बच्ची को आगे बढ़ाया है, आज उसे इतना बेहतर काम करते हुए वे देख रहीं हैं। उन्होंने कहा कि कलाकार को सम्मान मिलना चाहिए। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति और परंपरा को लेकर ऐसी फिल्में बनानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने नए मंत्रियों को शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहित कई मंत्री और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। यह फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज की गई है। फिल्म के निर्देशक हार्दिक गज्जर हैं। फिल्म में सिद्धार्थ गुप्ता, संस्कृति, सुष्मिता भट्ट और निवासिनी कृष्णन मुख्य भूमिकाओं में हैं। वहीं, जैकी श्रॉफ और आशुतोष राणा समेत कई बड़े कलाकार अपने किरदारों के जरिये छाप छोड़ने में सफल रहे।

## मोदी ने

विश्वासघात की राजनीति और पार्टी शासित राज्यों में प्रशासनिक विफलता का प्रतीक बताया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा अनिश्चित वैश्विक माहौल में स्थिरता का प्रतिनिधित्व करती है तथा राज्यों में हाल के चुनाव परिणाम राजग के शासन मॉडल के लिए बढ़ते जन समर्थन को दर्शाते हैं। पुडुचेरी और असम में राजग के सत्ता में बने रहने, पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा के सरकार बनाने और गुजरात के स्थानीय निकाय चुनाव में पार्टी की व्यापक जीत का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि ये परिणाम एक निर्णायक राजनीतिक बदलाव का संकेत देते हैं। उन्होंने कहा, ये चुनाव परिणाम भारतीय राजनीति की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण हैं। ये भारत के युवाओं, महिलाओं, किसानों, गरीबों और मध्यम वर्ग के मिजाज को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत के लोग कह रहे हैं कि वे स्कैम (घोटाले) नहीं, स्पीड (तेजी) चाहते हैं, वे समाधान चाहते हैं। वे राष्ट्रीय नीति पर आधारित राजनीति चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा को मजबूत करने में कर्नाटक ने ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, यहां तक कि पार्टी के शुरुआती वर्षों में भी। उन्होंने कहा, मैं देख सकता हूं कि आज बेंगलुरु की धरती से भगवा सूर्य का उदय हुआ है। जब भाजपा इतनी बड़ी पार्टी नहीं थी, तब भी कर्नाटक ने इसे जबरदस्त ताकत दी। मोदी ने कहा कि लोकसभा प्रतिनिधित्व के मामले में भाजपा अब कर्नाटक में नंबर एक पार्टी है और पड़ोसी राज्य तेलंगाना में दूसरी सबसे बड़ी ताकत है। दक्षिण और पूर्वी भारत में भाजपा के विस्तार की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक दशक पहले पश्चिम बंगाल में मात्र तीन विधायकों से आगे बढ़कर पार्टी अब 200 से अधिक विधायकों के साथ सरकार बनाने में सफल हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि केरल में भाजपा विधायकों की संख्या में एक से बढ़कर तीन हो जाना इस बात का संकेत है कि राजग अंततः वहां भी एक प्रमुख शक्ति के रूप में उभरेगा और आने वाले वर्षों में सरकार बनाएगा। उन्होंने यह भी पूछा कि हाल के विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत मिलने के बावजूद कांग्रेस ने केरल में सरकार क्यों नहीं बनाई। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब कांग्रेस आलाकमान अभी तक केरल के मुख्यमंत्री पद के लिए तीन वरिष्ठ नेताओं की दावेदारी के चलते किसी भी नेता का चयन नहीं कर पाया है।

उन्होंने कहा, हम केंद्र में 12 वर्षों से सत्ता में हैं। भाजपा-राजग सरकारें 21 से अधिक राज्यों में सत्ता में हैं। हम इस सिद्धांत पर काम कर रहे हैं कि राज्यों का विकास राष्ट्र के विकास की ओर ले जाता है। कांग्रेस नेतृत्व पर हमला जारी रखते हुए मोदी ने कहा कि पार्टी एक समय में 400 से अधिक लोकसभा सीट जीतने के बावजूद पिछले तीन आम चुनावों में 100 सीटों का आंकड़ा पार करने में विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी चुनावी हार के लिए दूसरों को दोषी ठहराते हैं और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति भी अवमानना प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने कहा, अपने पूरे सार्वजनिक जीवन में मैंने किसी भी मुख्यधारा की राजनीतिक पार्टी को इस तरह व्यवहार करते नहीं देखा। वे (कांग्रेस के नेता) इतनी गहरी निराशा में डूब चुके हैं कि उनके पास अपशब्दों का प्रयोग करने के अलावा कोई एजेंडा नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि द्रमुक के समर्थन के कारण कांग्रेस वर्षों तक राजनीतिक रूप से टिकी रही लेकिन सत्ता समीकरण बदलने पर उसने क्षेत्रीय पार्टी की पीठ में छुरा घोंपा। उनका इशारा द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन से अलग होने के बाद अभिनेता-राजनेता विजय के नेतृत्व वाली टीवीके द्वारा तमिलनाडु में सरकार बनाने को कांग्रेस के समर्थन की ओर था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़, राजस्थान और कर्नाटक जैसे राज्यों में भी नेतृत्व व्यवस्था को लेकर वादे करके और बाद में उन्हें तोड़कर अपने ही नेताओं के साथ ऐसा ही विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा, कर्नाटक में अब भी वही खेल चल रहा है। अब केरल की बारी आ गई है। मोदी ने कहा, अब परजीवी कांग्रेस को एक और पार्टी की जरूरत है जिसके कंधों पर सवार होकर वह राजनीतिक रूप से प्रासंगिक बनी रह सके।

## रावत ने

बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। सरकार नई शिक्षा नीति के तहत कॉलेजों में स्मार्ट क्लास, ई-लर्निंग, आधुनिक पुस्तकालय और प्रयोगशालाओं को विकसित करने पर विशेष ध्यान दे रही है। साथ ही छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर सतपाल महाराज ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति का प्रमुख आधार है। उन्होंने कहा कि सतपुली में नए महाविद्यालय भवन के निर्माण से स्थानीय युवाओं को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे और क्षेत्र में शैक्षणिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम के बाद उच्च शिक्षा मंत्री ने सतपुली में निमार्णाधीन पॉलिटेक्निक कॉलेज भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## पाक में

कि इस हमले में 15 सुरक्षाकर्मी मारे गए और कई घायल हैं। हालांकि, हमले में कितने चरमपंथी मारे गए या कोई पकड़ा गया, इस बारे में अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री मोहम्मद सोहेल अफरीदी ने इस चरमपंथी हमले की कड़ी निंदा की और जान-माल के नुकसान पर गहरा दुख जताया। अफरीदी ने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध यह लड़ाई केवल खैबर पख्तूनख्वा की ही नहीं, बल्कि पूरे देश की है। उन्होंने यह भी कहा कि बंद कमरों में लिए गए फैसलों और थोपी गई नीतियों ने देश को असुरक्षा के दल-दल में धकेल दिया है। उन्होंने कहा, हम अपने शहीदों की कुर्बानी को व्यर्थ नहीं जाने देंगे और आतंकवाद के इस अभिशाप को जड़ से मिटाने तक प्रयास जारी रखेंगे। पिछले सप्ताह इसी तरह की एक घटना में, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा के दक्षिण वजीरिस्तान क्षेत्र में एक जांच चौकी की ओर विस्फोटक से भरे वाहन में आ रहे एक संदिग्ध चरमपंथी को मार गिराया था। हमले की जिम्मेदारी अभी तक किसी संगठन ने नहीं ली है। हालांकि, इससे पहले पाकिस्तान सरकार इस क्षेत्र में हिंसा के लिए प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराती रही है।

## विजय ने

लगातार गूंजती सीटियों के बीच विजय ने ईश्वर के नाम पर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके मंत्रियों ने भी ईश्वर के नाम पर शपथ ली जो पूर्ववर्ती द्रमुक सरकार के अधिकतर मंत्रियों के शपथ ग्रहण से अलग रहा। टीवीके नेता आधव अर्जुन, एन आनंद, आर निर्मल कुमार, के जी अरुणराज और सेंगोट्टैयन ने मंत्री पद की शपथ ली। इन सभी को विजय की करीबी टीम का सदस्य माना जाता है। आमतौर पर सफेद कमीज और खाकी पतलून में नजर आने वाले विजय रविवार को शपथ ग्रहण समारोह में अलग अंदाज में दिखे। उन्होंने सफेद कमीज और गहरे रंग की पतलून के साथ कोट पहना था। उनके अधिकतर मंत्रिमंडलीय सहयोगी भी कमीज और पतलून में नजर आए। इस तरह टीवीके मंत्रिमंडल की पोशाक भी सामान्य परंपरा से अलग दिखी। इससे पहले तमिलनाडु में पुरुष नेता ऐसे अवसरों पर आम तौर पर सफेद धोती और सफेद कमीज पहने नजर आते रहे हैं। विजय के माता-पिता उनके बेटे को पहले ही चुनाव में राजनीतिक शिखर पर पहुंचते देख बेहद खुश और भावुक नजर आए। विजय ने तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के गठन के दो साल बाद यह चुनाव जीता।

## योगी मंत्रिमंडल

विधायकों में मंत्री बनने का प्रतिशत करीब 20 प्रतिशत माना जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि भाजपा ने इस मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए महिला सशक्तिकरण, दलित प्रतिनिधित्व और सामाजिक समीकरणों को साधने का स्पष्ट संदेश देने की कोशिश की है, जिसका असर आगामी विधानसभा चुनावों में देखने को मिल सकता है। अभी तक मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक सहित कुल 54 मंत्री थे। छह नए मंत्री बनाए जाने पर अब कुल 60 मंत्री हो गए हैं जो राज्य मंत्रिमंडल की अधिकतम संख्या है।

## असम के

तिहाई बहुमत हासिल किया। भाजपा ने 82 सीट जीतीं, जबकि सहयोगी दल असम गण परिषद (एजीपी) और (बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट) ने 10-10 सीट पर जीत हासिल की।



# मुंबई ने बेंगलुरु को दिया 167 रन का लक्ष्य

## आईपीएलः तिलक का अर्धशतक, नमन ने 47 रन बनाये, भुवनेश्वर ने 4 विकेट लिए

एजेंसी



रायपुर। आईपीएल में मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 167 रन का टारगेट दिया है। बेंगलुरु ने रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया है। मुंबई ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 166 रन बनाए। भुवनेश्वर कुमार ने बेहद अहम मौके पर तिलक का विकेट लेकर बेंगलुरु को बड़ी सफलता दिलाई। तिलक स्कूप शॉट खेलने के लिए ऑफ स्टंप के बाहर गए, लेकिन गेंद बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर सीधे लेग स्टंप से जा टकराई। तिलक ने 42 गेंदों में 57 रन की शानदार पारी खेली, जिस पर दर्शकों ने भी तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। तिलक वर्मा ने दबाव के बीच शानदार बल्लेबाजी करते हुए 37 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।

रसिख सलाम की बैक ऑफ लेंथ गेंद को तिलक ने पॉइंट के गैप में चौके के लिए भेजा। लगातार विकेट गिरने के बावजूद तिलक एक छोर संभालकर खड़े रहे और एक बार फिर मुंबई की पारी को संभालने का काम किया। रोमारियो शेफर्ड ने विल जैक्स को आउट कर मुंबई को बड़ा झटका दिया। ऑफ स्टंप के बाहर लेंथ गेंद पर जैक्स बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन टाइमिंग सही नहीं हुई और गेंद डीप मिडविकेट की ओर हवा में चली गई। वहां जैकब बेथेल ने आसान कैच पकड़ लिया। जैक्स 10 रन बनाकर पवेलियन लौटे और मुंबई ने अपना पांचवां विकेट गंवा दिया। रसिक सलाम ने शानदार वापसी करते हुए नमन बोल्ड को बोल्ड कर दिया। बैक ऑफ लेंथ गेंद पिच से तेजी से स्किड हुई और नमन सही टाइमिंग नहीं कर सके। वे 32 गेंदों में 47 रन बनाकर आउट हुए। मुंबई ने 12 ओवर के बाद 3 विकेट पर 102 रन बना लिए हैं। नमन धीर 39 और तिलक वर्मा 34 रन बनाकर क्रीज पर टिके हुए हैं। इस ओवर में कृणाल पंड्या की गेंद पर एक छक्का समेत कुल 11 रन आए, जिससे मुंबई ने रनगति को फिर तेज करने की कोशिश की। छठे ओवर में तिलक वर्मा को जीवनदान मिला। रसिख सलाम की शानदार स्लोअर गेंद पर तिलक का टॉप एज मिडविकेट की ओर गया, लेकिन सुयश शर्मा आसान कैच नहीं पकड़ सके। गेंद उनके हाथों और पैरों के बीच से निकल गई। इससे पहले ओवर में एक मिसफील्ड भी हुई थी।

मुंबई ने 6 ओवर के बाद 3 विकेट के नुकसान पर 53 रन बनाए हैं। नमन धीर और तिलक वर्मा क्रीज पर हैं। तीसरे ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने एक ही ओवर में दो विकेट लिए। पांचवीं बॉल पर पहले उन्होंने शानदार नकल बॉल पर रोहित शर्मा को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। इसके बाद अगली ही गेंद पर सूर्यकुमार यादव को स्लिप में खड़े विराट कोहली ने शानदार लो कैच पकड़कर पवेलियन भेज दिया। भुवनेश्वर ने अपने अनुभव का शानदार नमूना पेश करते हुए रयान रिकल्टन को जल्दी पवेलियन भेज दिया। भुवनेश्वर ने लगातार विकेट-टू-विकेट गेंदबाजी की और पिच की अतिरिक्त उछाल का बेहतरीन इस्तेमाल किया। रिकल्टन बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में टाइमिंग नहीं कर सके और गेंद सीधा मिड-ऑफ पर खड़े रजत पाटीदार के हाथों में चली गई। मुंबई इंडियंस के रेगुलर कप्तान हार्दिक पंड्या आज बेंगलुरु के खिलाफ नहीं खेल रहे हैं। वे पिछले मैच में भी टीम का हिस्सा नहीं थे।

उनकी जगह सूर्यकुमार यादव टॉस के लिए मैदान पर आए। डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया है। मैच 7.30 बजे से खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच अब तक 35 मैच खेले गए हैं। फउइ ने 15 और टक ने 19 मैच जीते हैं। एक मैच टाई रहा, जिसे बेंगलुरु ने जीता था। पिछले सीजन दोनों के बीच एक मुकाबला हुआ था, जिसे फउइ ने जीता। इस सीजन के पहले मैच में भी बेंगलुरु ने वानखेड़े में मुंबई को 18 रन से हराया था। आरसीबी की सबसे बड़ी चिंता उसका टॉप ऑर्डर है। फिल साल्ट की जगह आए जैकब बेथेल अब तक उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं। उन्होंने चार पारियों में 14, 20, 5 और 4 रन बनाए हैं। इससे विराट कोहली पर रन बनाने का दबाव बढ़ गया है।

विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा भी इस सीजन में संघर्ष कर रहे हैं और उनका सर्वोच्च स्कोर 23 रन है। मिडिल ओवरों में रन न बनाना टीम की हार की बड़ी वजह रहा है। कोहली 10 मैचों में 164.06 की स्ट्राइक रेट से 379 रन बनाकर टीम के टॉप रन स्कोरर हैं। वहीं, भुवनेश्वर कुमार17 विकेट लेकर कढछ के टॉप विकेट टेकर बने हुए हैं। दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस ने पिछले मैच में लखनऊ के खिलाफ 228 रन का लक्ष्य हासिल कर दम दिखाया है। चोट के बाद लौटे रोहित शर्मा ने 44 गेंदों पर 84 रन की पारी खेलकर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए हैं। जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट मुंबई की गेंदबाजी को मजबूत बनाते हैं। रायन रिकलटन 8 मैचों में 380 रन बनाकर टीम के टॉप रन स्कोरर हैं। वहीं, अल्लाह गजनफर 12 विकेट के साथ टीम के टॉप विकेट टेकर हैं। रायपुर में आखिरी आईपीएल मैच 2016 में खेला गया था। यहां की पिच आमतौर पर धीमी रहती है, लेकिन इस बार बैटिंग के अनुकूल रहने की उम्मीद है। शनिवार को हुई बारिश के कारण पिच के व्यवहार में बदलाव आ सकता है। रविवार को तापमान 40 डिग्री तक रहने का अनुमान है, जबकि रात में यह गिरकर 24 डिग्री तक पहुंच सकता है।

# दिल्ली के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेंगे पंजाब किंग्स



धर्मशाला। पंजाब किंग्स की टीम सोमवार को धर्मशाला के खूबसूरत मैदान में जब खराब फॉर्म से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स की मेजबानी करेगी तो इंडियन प्रीमियर लीग के आखिरी चरण में अपने प्रदर्शन में आई चौंकाने वाली गिरावट को रोकने की कोशिश करेगी। एचपीसीए स्टेडियम में 17 मई तक तीन मैच के साथ ही टीम अपने घरेलू चरण को समाप्त करेगी। अपने पिछले तीन लीग मैच में मिली हार के बाद टीम खेल के सभी विभागों में सुधार की उम्मीद कर रही होगी। उस टीम के लिए हालांकि अभी घबराने की कोई जरूरत नहीं है जो कुछ समय पहले तक इस टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम थी लेकिन लीग चरण के बाकी मुकाबलों के लिए उसे अपनी बुनियादी चीजों को ठीक करने की जरूरत है। हैदराबाद में टीम की कैचिंग बहुत खराब थी इसके अलावा अर्शदीप सिंह की अगुआई वाला तेज गेंदबाजी आक्रमण काफी रन लुटा रहा है। प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी भी अच्छी शुरुआत के बाद अब नाकाम हो रही है। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाले पंजाब किंग्स को प्ले ऑफ में जगह बनाने के लिए अब भी कम से कम दो जीत की जरूरत है और ऐसे में टीम चाहती है कि उनके खिलाड़ी उन्हीं तरीकों पर कायम रहें जिनसे उन्हें टूर्नामेंट के पहले हाफ में सफलता मिली थी। टी20 जैसे अनिश्चित प्रारूप में लय बहुत अहम होती है और पंजाब किंग्स की टीम चाहेगी कि वे जल्द से जल्द फिर लय हासिल कर लें। दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स की नजरें पहले से ही अगले सत्र पर टिकी हैं क्योंकि वे अपने पिछले छह में से पांच मैच हारने के बाद अंक तालिका के निचले हिस्से में हैं। घरेलू मैदान पर दिल्ली का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है इसलिए वे पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के लिए स्थल में बदलाव का स्वागत करेंगे। उसके बल्लेबाज धीमी और टर्न लेने वाली पिचों पर खुद को ढालने में नाकाम रहे हैं जिससे उनकी कमजोरियां उजागर हुई हैं। प्रमुख स्पिनर कुलदीप यादव के साधारण प्रदर्शन ने टीम की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं जबकि मिचेल स्टार्क शायद बहुत देर से टीम से जुड़े। पंजाब किंग्स की तरह दिल्ली के क्षेत्ररक्षण ने भी उसे निराश किया है। आंकड़ों के लिहाज से दिल्ली की टीम अब भी प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर नहीं हुई है लेकिन इसकी बहुत कम संभावना है कि वे टूर्नामेंट में आगे बढ़ पाएंगे। समयः मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

पंजाब किंग्सः श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, निहाल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसेन, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्युसन, हरप्रीत बरार, विजयकुमार वैशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, प्रवीण दुबे, पायल अविनाश और विशाल निषाद।

दिल्ली कैपिटल्सः अभिषेक पोरेल, लोकेश राहुल, नितीश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा, दुष्मंता चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज



निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, आकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, पृथ्वी साव, काइल जेमिसन, अजय जाधव मंडल, माधव तिवारी, साहिल पारख, करुण नायर, टी नटराजन।

## संक्षेप

### संधू पार 72 का कार्ड खेलने के बाद शीर्ष 40 से बाहर

बार्सिलोना। युवराज संधू एस्ट्रेला डैम कैटालुन्या चैंपियनशिप के तीसरे दौर में ईवन पार 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 46वें स्थान पर खिसक गए। तीसरे दिन अच्छी शुरुआत के बाद आखिरी नौ होल में एक डबल बोगी और एक बोगी करने के कारण उनका स्कोर 72 रहा। उनका कुल स्कोर चार-अंडर (68-72-72) है। इससे पहले शुभंकर शर्मा और वीर अहलावत कट हासिल करने में असफल रहे थे। संधू ने टूर्नामेंट की शुरुआत शानदार अंदाज में चार-अंडर 68 के साथ की थी, लेकिन दूसरे दिन उन्हें संघर्ष करना पड़ा और उन्होंने ईवन पार 72 का स्कोर बनाया। संधू ने तीसरे दौर के पहले 10 होल में चार बर्डी और एक बोगी लगाई। वह शीर्ष-20 में जगह बनाने की ओर बढ़ते दिख रहे थे, लेकिन 15वें होल पर डबल बोगी और 18वें होल पर बोगी के कारण उन्होंने चार होल में तीन शॉट गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका के युराव प्रेमलाल ने तीसरे दौर में नौ-अंडर 63 का शानदार कार्ड खेलते हुए कुल 19-अंडर (70-64-63) के स्कोर के साथ बढ़त बना ली है।

### एशियाई चैंपियनशिप में लय हासिल करने की कोशिश करेंगे भारतीय

गांधीनगर। भारतीय भारोत्तोलक सोमवार से यहां शुरू हो रही एशियाई चैंपियनशिप में घरेलू समर्थन का फायदा उठाकर शानदार प्रदर्शन करने और राष्ट्रमंडल खेलों तथा एशियाई खेलों से पहले अपनी तैयारियों को मजबूत करने की कोशिश करेंगे। आगामी राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों को देखते हुए यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यहां के प्रदर्शन और इससे हासिल अंक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी दावेदारी मजबूत करेंगे। भारत ने इस प्रतियोगिता के लिए अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती प्रतिभाओं का मिश्रण उतारा है। ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू हालांकि इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेंगी, क्योंकि वह कंधे की चोट से उबर रही हैं। उनकी अनुपस्थिति में राष्ट्रमंडल पदक विजेता बिंद्यारानी देवी, हरजिंदर कौर और लवप्रीत सिंह पर निगाहें रहेंगी।

## जस्टिना ने तुमकुरु ओपन आईटीएफ का एकल खिताब जीता

तुमकुरु (कर्नाटक)। शीर्ष वरीयता प्राप्त जस्टिना मिकुल्सकाइट ने रविवार को यहां आईटीएफ डब्ल्यू35 तुमकुरु ओपन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग का खिताब जीता जब दूसरी वरीयता प्राप्त जुजाना पावलिकोवस्का को चोट के कारण मैच से हटना पड़ा।

कंधे की चोट के कारण शनिवार को युगल फाइनल से हटने वाली जुजाना ने तकलीफ में होने के बावजूद खिताबी मुकाबले के लिए तुमकुरु जिला टेनिस संघ स्टेडियम के कोर्ट पर उतरकर जबरदस्त हिम्मत दिखाई। हालांकि पहले गेम के बाद पोलैंड की खिलाड़ी मैच जारी नहीं रख सकीं जिससे जस्टिना ने जीत दर्ज की। इससे



दर्शकों को निराशा हाथ लगी जो शीर्ष दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों के बीच रोमांचक फाइनल की उम्मीद में आए थे। यह जस्टिना का आठवां आईटीएफ एकल खिताब था है। ट्रॉफी के साथ लिथुआनिया की इस खिलाड़ी को विजेता के तौर पर 4,860 डॉलर और 35 डब्ल्यूटीए रैंकिंग अंक भी मिले।

## बांग्लादेश की पाक पर 34 रन की बढ़त

ढाका। ऑफ स्पिनर मेहदी हसन के पांच विकेट से बांग्लादेश रविवार को यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में पाकिस्तान को पहली पारी में 386 रन पर आउट कर अपनी कुल बढ़त 34 रन की कर ली। मेहदी ने 102 रन देकर पांच विकेट हासिल किए जिससे बारिश से प्रभावित तीसरे दिन पाकिस्तान की टीम 386 रन पर ऑल आउट हो गई और बांग्लादेश ने 27 रन की बढ़त हासिल की। स्टंप तक बांग्लादेश ने बिना कोई विकेट खोए सात रन बना लिए जिससे उसकी कुल बढ़त बढ़कर 34 रन हो गई। खराब रोशनी के कारण दिन का खेल समय से पहले ही रोकना पड़ा। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज अजान अवैस (103 रन) ने अपने पदार्पण मैच में शतक जड़ा जबकि तीन अन्य बल्लेबाज अब्दुल्ला फजल, सलमान आगा और मोहम्मद रिजवान ने भी अर्धशतक बनाकर उनका बखूबी साथ दिया।

## विश्व कप : नीरू व विवान ने ट्रैप मिश्रित में जीता कांस्य

एजेंसी

नयी दिल्ली। नीरू ढांडा और विवान कपूर ने ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया जिससे भारत ने रविवार को कजाखस्तान के अल्माटी में आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में सकारात्मक तरीके से अपना अभियान समाप्त किया। यह पदक नीरू और विवान के लिए ओलंपिक स्पर्धा में आईएसएसएफ विश्व कप का पहला पोडियम स्थान था और पिछले साल ओलंपिक कार्यक्रम में मिश्रित टीम ट्रैप स्पर्धाको शामिल किए



जाने के बाद से भारत का दूसरा पदक था। नीरू और विवान ने फाइनल में पहले 30 में से 24 निशाने लगाए। इटली की शीर्ष जोड़ी सिल्वाना स्टांको और मौरो डी फिलिपिस के बराबर स्कोर करने के बावजूद उन्हें रजत पदक से चूकना पड़ा क्योंकि वे क्वालीफिकेशन में इतालवी जोड़ी के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। चीनी ताइपे के कुन-पी यांग और वान-यू लियू ने फाइनल में 36 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ अपना दूसरा विश्व कप स्वर्ण पदक जीता। विवान और नीरू ने क्वालीफिकेशन में 143 का स्कोर किया था जो पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता सिल्वाना और इस स्पर्धा के पूर्व विश्व चैंपियन मौरो के स्कोर से सिर्फ दो अंक कम था। अहवर रिजवी और प्रगति दुबे की दूसरी मिश्रित जोड़ी प्रतियोगिता में 23वें स्थान पर रही।

## टाइटंस के शीर्ष क्रम में बेहद शानदार बल्लेबाज : हेडन

जयपुर। गुजरात टाइटंस के बल्लेबाजी कोच मैथ्यू हेडन का मानना है कि उनके पास जबरदस्त गेंदबाजी आक्रमण है और बल्लेबाजी क्रम के शीर्ष पर शानदार बल्लेबाज मौजूद हैं और साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग में टीम सही समय पर अपनी बेहतरीन फॉर्म में आ रही है। टाइटन्स ने लगातार चार मैच जीते हैं जिसमें शनिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 77 रन की जीत भी शामिल है। इस जीत के साथ टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है ।

## गुकेश छठे स्थान पर रहे, नीमैन को खिताब

वारसॉ। विश्व चैंपियन डी गुकेश को छठे स्थान से संतोष करना पड़ा जबकि अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन ने अंत तक धैर्य बरकरार रखते हुए सुपर रेपिड एवं ब्लिट्ज का खिताब जीत लिया। यह टूर्नामेंट ग्रैंड चेस टूर का हिस्सा है। गुकेश ने 36 संभावित अंक में से 17 अंक हासिल करके अपना अभियान समाप्त किया। खिलाड़ियों ने नौ रेपिड और 18 ब्लिट्ज बाजियां खेलीं। हर रेपिड बाजी जीतने पर दो अंक और ब्लिट्ज बाजी जीतने पर एक अंक निर्धारित था।

## भारत ने तीरंदाजी विश्व कप में जीते स्वर्ण सहित दो पदक

एजेंसी

शंघाई। दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और कुमकुम मोहोद की भारतीय महिला रिकर्व टीम ने रविवार को यहां

**दीपिका की अगुआई में महिला रिकर्व टीम ने विश्व कप में जीते पदक**

तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में मेजबान और खिताब के प्रबल दावेदार चीन को शूट ऑफ में हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। रोमांचक फाइनल में भारत ने पहला सेट जीता लेकिन चीन ने



वापसी करते हुए मुकाबला बराबर कर दिया। निर्धारित चार सेट के बाद स्कोर बराबर रहने के कारण शूट ऑफ कराया गया। भारतीय तिकड़ी ने निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखते हुए 5-4 (28-26) से जीत दर्ज की।

अनुभवी दीपिका ने दबाव के बीच अंतिम शूट ऑफ तीर पर अहम नौ अंक जुटाकर भारत को 2021 के बाद पहला विश्व कप स्वर्ण पदक दिलाया। हालांकि सिमरनजीत कौर के लिए यह दिल तोड़ने वाला अनुभव रहा जब उन्हें सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी और बाद में चैंपियन बनीं दक्षिण कोरिया की कांग चेयांग के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा।

# सीएसके ने मजबूत की प्लेऑफ की उम्मीद

एजेंसी

चेन्नई। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को पांच विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। उर्विल पटेल ने 13 गेंद में अर्धशतक पूरा कर भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी





जायसवाल के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने 23 गेंद में आठ छक्कों और दो चौकों की मदद से 65 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। जोश इंग्लिस की 33 गेंद में 85 रन की आक्रामक पारी के बावजूद सुपरकिंग्स ने जैमी ओवरटन की शानदार गेंदबाजी के बूते सुपरजायंट्स को आठ विकेट पर 203 रन पर रोकने के बाद 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 208 रन बनाकर जीत दर्ज की।

टीम 11 मैचों में छठी जीत के बाद 12 अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई, जबकि अंतिम पायदान पर काबिज सुपरजायंट्स की आठवीं हार के बाद प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं। उर्विल के अलावा कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 28 गेंद में 42 रन का योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 34 गेंद में 81 रन जोड़े। गायकवाड़ ने इससे पहले संजू सैमसन (14 गेंद में 28 रन) के साथ 22 गेंद में 45 रन की साझेदारी कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। शिवम दुबे (नाबाद 15) ने एडेन मारक्रम के खिलाफ अंतिम ओवर में लगातार दो छक्के जड़े, जिससे सुपरकिंग्स ने पहली बार 200 से अधिक का लक्ष्य हासिल किया। प्रशांत वीर 17 रन पर नाबाद रहे।

इंग्लिस ने अपनी पारी में छह छक्के और 10 चौके जड़कर सुपरजायंट्स का स्कोर नौवें ओवर के बाद 112 रन तक पहुंचा दिया था। ओवरटन की अगुवाई में गेंदबाजों ने 10वें से 15वें ओवर के बीच 35 रन के अंदर चार विकेट झटककर रनगति पर अंकुश लगा दिया। ओवरटन ने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट लिए, जिसमें इंग्लिस का विकेट भी शामिल था। नूर अहमद ने चार ओवर में 24 रन देकर एक विकेट लिया, जबकि अंशुल कंबोज को दो विकेट मिले लेकिन उन्होंने 47 रन खर्च किए। आखिरी ओवरों में शाहबाज अहमद (नाबाद 43) और हिम्मत सिंह (17) ने सातवें विकेट के लिए 32 गेंद में 50 रन की साझेदारी कर बीच के ओवरों के नुकसान की भरपाई की।

# रोइंग महाकुंभ : रामगढ़ताल नेशनल टूर्नामेंट्स की करेगा मेजबानी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी विजन और खेलों को बढ़ावा देने की सोच के चलते गोरखपुर का रामगढ़ताल आज देश के बेहतरीन रोइंग वेन्यू में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है। आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध गोरखपुर अब जल क्रीड़ाओं के राष्ट्रीय केंद्र के रूप में भी तेजी से उभर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खेल विजन का ही परिणाम है कि रामगढ़ताल को लगातार बड़े राष्ट्रीय आयोजनों की

**योगी सरकार के विजन से वॉटर स्पोर्ट्स हब बना शहर, 'अस्मिता लीग' और 'जूनियर नेशनल' के लिए जुटेंगी देश भर की टीमें**

मेजबानी मिल रही है। इसी कड़ी में यहाँ 12 मई से अगले दस दिनों तक रामगढ़ताल की लहरों पर अस्मिता नेशनल महिला रोइंग लीग और 46वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में पदकों के लिए रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सहयोग से और रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित इन दो चैंपियनशिपों के सफल क्रियान्वयन के लिए उत्तर प्रदेश खेल विभाग हर संभव बुनियादी और प्रशासनिक सहयोग प्रदान कर रहा है। यह आयोजन न केवल उत्तर प्रदेश के खेल परिदृश्य को नई ऊंचाई देंगे, बल्कि गोरखपुर को राष्ट्रीय जल क्रीड़ा मानचित्र पर और अधिक मजबूत पहचान दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इससे



गोरखपुर में खेल पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी।

**अस्मिता नेशनल महिला रोइंग लीग 12 से 16 मई तक, खिलाड़ियों पर होगी लाखों के इनामों की बारिश**

रोइंग के महाकुंभ की शुरूआत अस्मिता नेशनल महिला रोइंग लीग से होगी। इस आयोजन में देश भर की उम्दा महिला खिलाड़ी भाग लेंगी। लीग का आयोजन 12 से 16 मई, 2026 तक किया जा रहा है। चैंपियनशिप में प्रतिभाग के लिए टीमें 12 मई तक पहुंचेंगी। वहीं 13 मई को चैंपियनशिप का उद्घाटन होगा। चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबलों का आयोजन 16 मई को होगा। चैंपियनशिप में अंडर-15 आयु वर्ग, अंडर-19 आयु वर्ग और ओपन वर्ग प्रत्येक में चार-चार इवेंट आयोजित होंगे। सभी इवेंट 1000 मीटर में होंगे। यह लीग न केवल खेल, बल्कि महिला सशक्तिकरण का भी एक बड़ा प्रतीक है। इसका मुख्य उद्देश्य रोइंग की महिला एथलीटों को एक पेशेवर मंच देना और उन्हें भविष्य के बड़े आयोजनों के लिए तैयार करना है।

**इनामी राशि से नया कीर्तिमान**

लीग के प्रत्येक वर्ग (ओपन, अंडर-19 और अंडर- 15) में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम के लिए 1,55,500 रुपये की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। खास बात यह है कि केवल टॉप-3 ही नहीं, बल्कि आठवें स्थान तक आने वाली सभी टीमों को नकद पुरस्कारों से नवाजा जाएगा, ताकि खेल में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बनी रहे। यह बड़ी पहल महिला रोइंग के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगी।

**46वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप 17 से 21 मई तक, भविष्य के सितारों की होगी खोज**

अस्मिता लीग के तुरंत बाद, 17 से 21 मई तक 46वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का आगाज होगा। यह टूर्नामेंट देश की युवा प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने का सबसे बड़ा जरिया है। उत्तर प्रदेश के लिए यह गर्व की बात है कि जूनियर स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने गोरखपुर को मौका दिया है। इस चैंपियनशिप में देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की टीमें भाग लेंगी। यह टूर्नामेंट भविष्य की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाओं को तराशने का बड़ा जरिया बनेगा। चैंपियनशिप में बालक व बालिका वर्ग में पांच इवेंट का आयोजन होगा। सभी इवेंट 2000 मीटर में होंगे।

# बंगाल: शुभेंदु का गृहनगर में जोरदार स्वागत

एजेंसी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को कहा कि राज्य में व्याप्त भय का माहौल समाप्त हो गया और लोगों में भरोसा कायम हुआ। मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने के एक दिन बाद शुभेंदु अपने गृह नगर पूर्वी मेदिनीपुर जिले के कांथी पहुंचे थे, जहां समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया था। शुभेंदु ने कोलकाता के लिए रवाना होते समय ये बातें कहीं। उन्होंने कोलकाता रवाना होने से पहले पत्रकारों से कहा, 'भय का माहौल समाप्त हुआ, भरोसा कायम हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने आश्वासन दिया है। पश्चिम बंगाल आशा और विश्वास के माहौल में सभी हितधारकों की भागीदारी से प्रगति करेगा।

शनिवार को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शपथ लेने और पूरे दिन सरकारी कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद अधिकारी देर रात कालीघाट काली मंदिर में पूजा-अर्चना कर कांथी के लिए रवाना हुए। उनका काफिला देर रात करीब दो बजे कांथी स्थित उनके आवास शांतिकुंज पहुंचा लेकिन देर रात होने के बावजूद शाम से ही इलाके में समर्थकों का जनसैलाब उमड़ा हुआ था। जैसे ही उनका वाहन इलाके में पहुंचा समर्थकों ने उनके स्वागत में नारे बुलंद किए और उन पर फूलों की बारिश की। भारी भीड़ के कारण काफिले की रफ्तार धीमी हो गई, जिसके बाद अधिकारी वाहन से बाहर आए और समर्थकों का अभिवादन स्वीकार किया। इस स्वागत से भावुक दिखे मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर लोगों से घर लौटने की अपील करते हुए कहा, अब बहुत देर हो चुकी है, कृपया अपने घर लौट जाएं। पूरा माहौल किसी उत्सव जैसा नजर आ रहा था। स्थानीय लोग अपने माटी के बेटे के राज्य के सर्वोच्च पद तक पहुंचने का जश्न मना रहे थे। घर पहुंचने के बाद अधिकारी ने अपने माता-पिता का आशीर्वाद भी लिया। उनके पिता शिशिर अधिकारी और मां गायत्री अधिकारी देर रात तक उनके स्वागत के लिए जागते रहे। स्थानीय निवासियों और बचपन के परिचितों ने अधिकारी को दृढ़ निश्चयी और संकल्पवान बताते हुए कहा कि उनकी राजनीतिक सफलता के पीछे उनकी मजबूत इच्छाशक्ति तथा निरंतर प्रयास रहे हैं। सुबह से ही पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर समेत राज्य के अन्य जिलों से लोगों की लंबी कतार उनके कांथी स्थित आवास के बाहर देखी गई। पुलिस और सुरक्षा बल भीड़ को नियंत्रित करने में लगे थे। अधिकतर लोग हाथों में फूल और गुलदस्ते लेकर पहुंचे थे।

राधारानी दास नामक महिला ने कहा, 'मैं नंदकुमार इलाके से आई हूं। दादा (शुभेंदु) के मुख्यमंत्री बनने से मैं बेहद खुश हूं। वह बहुत सरल स्वभाव के हैं। जब भी हमारे इलाके में आते थे, मुझसे बात जरूर करते थे। वह बहुत विनम्र इंसान हैं।' वहीं, दक्षिण 24 परगना के डायमंड हार्बर निवासी विजय नस्कर ने कहा कि वह सुबह से अधिकारी का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा मैं सीधे तौर पर किसी राजनीतिक दल से जुड़ा नहीं हूं, लेकिन भाजपा का समर्थक हूं। मैं दादा को बधाई देना चाहता हूं और यह भी बताना चाहता हूं कि भाजपा की जीत ने हम जैसे लाखों लोगों को अन्याय के खिलाफ बिना डर के अपनी आवाज उठाने और किसी भी अत्याचार तथा दबंगई के खिलाफ अपने अधिकारों का इस्तेमाल करने की प्रेरणा दी है।

# हंटावायरस प्रभावित क्रूज पोत स्पेन के टेनेरीफ पहुंचा



टेनेरीफ (स्पेन)। हंटावायरस संक्रमण से प्रभावित क्रूज पोत 140 से अधिक लोगों को लेकर स्पेन के कैनरी द्वीपसमूह के सबसे बड़े द्वीप टेनेरीफ पहुंच गया है। पश्चिम अफ्रीका के तट के पास स्थित इस द्वीप पर यात्रियों और चालक दल के कुछ सदस्यों को पोत से उतारा जाना है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), स्पेन के प्राधिकारियों और क्रूज कंपनी ओशनवाइड एक्सपेडिशंस ने कहा है कि एमवी होंडियस पर सवार किसी भी व्यक्ति में फिलहाल वायरस के लक्षण नहीं दिख रहे। इस वायरस के प्रकोप के बाद से तीन लोगों की मौत हो चुकी है और पोत से उतर चुके पांच यात्री हंटावायरस से संक्रमित हैं। यह वायरस जानलेवा बीमारी का कारण बन सकता है। पोत में सवार लोगों को छोटी नौकाओं के जरिये उतारा जाएगा। पोत से उतरने वाले सभी लोगों की जांच की जाएगी और उन्हें तभी उतारा जाएगा, जब निकासी उड़ानें उन्हें उनके गंतव्य तक ले जाने के लिए तैयार होंगी। पोत पर इस समय 20 से अधिक देशों के लोग सवार हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस, स्पेन के स्वास्थ्य और गृह मंत्रियों के साथ पोत से लोगों को निकालने की प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। अधिकारियों ने कहा है कि जिन यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को पोत से उतारा जाएगा, उनका स्थानीय आबादी से कोई संपर्क नहीं होगा। हंटावायरस आमतौर पर तब फैलता है, जब लोग चूहों या गिलहरी जैसे कुतरने वाले जीवों के मल के दूषित अवशेषों के संपर्क में आई हवा में सांस लेते हैं।

यह आम तौर पर एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में आसानी से नहीं फैलता लेकिन क्रूज पोत पर फैले संक्रमण में मिला एंडीज वायरस दुर्लभ मामलों में एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है। संक्रमण के संपर्क में आने के बाद आमतौर पर एक से आठ सप्ताह के बीच लक्षण दिखाई देते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महामारी एवं वैश्विक महामारी प्रबंधन विभाग की निदेशक मारिया वान केरखोव ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अधिकारी रविवार और सोमवार को निकासी उड़ान प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य रख रहे हैं।

## संक्षेप

### कतर के तट पर हमले के बाद जहाज में आग लगी : ब्रिटिश सेना

दुबई। कतर के तट पर रविवार को एक अज्ञात मिसाइल के हमले के बाद एक जहाज में आग लग गई। ब्रिटिश सेना ने यह जानकारी दी। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) केंद्र ने कहा कि हमले के कारण मालवाहक पोत पर मामूली आग लग गई, जिसे बुझा दिया गया। यूकेएमटीओ ने बताया कि यह हमला कतर की राजधानी दोहा से 43 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में हुआ। इसने कहा कि हमले में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। अमेरिका और ईरान के बीच नाजुक युद्धविराम के बाद फारस की खाड़ी में जहाजों पर यह नवीनतम हमला है। पिछले एक सप्ताह के दौरान फारस की खाड़ी में जहाजों पर कई हमले हुए हैं। अमेरिका ने शुक्रवार को ईरान के दो तेल टैंकरों पर हमला किया और कहा था कि ये टैंकर ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी नाकेबंदी को तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। ईरान की नौसेना ने चेतावनी दी है कि ईरानी तेल टैंकरों या वाणिज्यिक पोत पर कोई भी हमला होने पर इसका जवाब क्षेत्र स्थित किसी भी अमेरिकी सैन्य अड्डे और दुश्मन के पोत पर भीषण हमलों से दिया जाएगा।

# कांस्टेबल हत्या मामले में चार पुलिसकर्मी निलंबित

एजेंसी

भुवनेश्वर। भुवनेश्वर के बाहरी इलाके में सात मई को एक महिला से दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपी राजकीय रेलवे पुलिस कांस्टेबल की भीड़ द्वारा कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में कम से कम चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया और दो होम गार्ड को सेवा से हटा दिया गया। यह कार्वाई रविवार को ऐसे समय में हुई जब कुछ ही घंटे पहले ओडिशा पुलिस की अपराध शाखा ने इसको लेकर जांच शुरू की। मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी द्वारा ओडिशा पुलिस को यह आदेश जारी करने के एक दिन बाद अपराध शाखा ने मामले को अपने हाथ में ले लिया।

**अपराध शाखा ने शुरू की जांच**

इस घटनाक्रम में एक महिला के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है और मृतक (कांस्टेबल) के परिजन ने कथित महिला शिकायतकर्ता का पॉलीग्राफ परीक्षण कराने की मांग की है।

# नयी पीढ़ी, नयी आवाज, नयी कल्पना : राहुल गांधी

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को सी जोसेफ विजय के तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर उन्हें बधाई दी और कहा कि राज्य ने एक नयी पीढ़ी, एक नयी आवाज तथा एक नयी कल्पना को चुना है। गांधी ने चेन्नई में विजय के शपथग्रहण समारोह में भाग लिया और कार्यक्रम की तस्वीरें सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा कीं।

विजय ने रविवार को एक भव्य समारोह में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही राज्य में 60 वर्षों बाद पहली बार गैर-द्रमुक (द्रविड़ मुनेत्र कषगम) और गैर-अन्नाद्रमुक (ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम) सरकार बनी है। विपक्ष के नेता ने एक्स पर कहा, तमिलनाडु ने चुनाव कर लिया है। एक नयी पीढ़ी। एक नयी आवाज। एक नयी कल्पना। थिरु विजय को मेरी शुभकामनाएं - आशा है कि वह तमिलनाडु की जनता की आशाओं को पूरा करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी विजय को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई देते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि लंबे समय से राज्य की राजनीतिक और सामाजिक चेतना को परिभाषित करने वाले आदर्श टीवीके प्रमुख के नेतृत्व में सरकार को आगे भी दिशा देते रहेंगे। खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विजय के तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर मैं उन्हें, तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) पार्टी और पूरे गठबंधन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

उन्होंने कहा कि इस सरकार का गठन आत्मसम्मान, सामाजिक न्याय, सशक्तीकरण और तर्कसंगत सोच जैसे उन मूल्यों की स्थायी ताकत को दोहराता है, जिन्होंने तमिलनाडु की राजनीतिक और सामाजिक चेतना को लंबे समय से आकार दिया है। उन्होंने कहा कि यह विरासत पेरियार और कामराज द्वारा गढ़ी गई थी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, तमिलनाडु के लाखों लोगों, खासकर महत्वाकांक्षी युवाओं ने टीवीके पर भरोसा जताया है। मुझे विश्वास है कि उनके नेतृत्व में ये आदर्श शासन का मार्गदर्शन करते रहेंगे और देश को प्रेरित करेंगे।

### रेलवे स्टेशन से 21 बच्चों को बचाया, संदिग्ध गिरफ्तार

पटना। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के एक रेलवे स्टेशन से रविवार को 21 बच्चों को बचाया गया और एक संदिग्ध तस्कर को हिरासत में लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आरपीएफ ने एक गैर सरकारी संगठन की मदद से बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन से बच्चों को बचाया। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि बचाए गए बच्चों को चिकित्सकीय जांच के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा, मानव तस्करी के पीछे के मकसद की जांच जारी है। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है।

# उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा को सात दिन की ईडी हिरासत

एजेंसी



नयी दिल्ली/गुरुग्राम। गुरुग्राम की एक अदालत ने पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा को धन शोधन मामले में सात दिन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। ईडी ने अरोड़ा (62) को जीएसटी धोखाधड़ी के एक मामले में उनके खिलाफ छापेमारी के बाद चंडीगढ़ स्थित उनके सरकारी आवास से शनिवार शाम गिरफ्तार किया था। इसके साथ ही ईडी ने उनसे जुड़ी कंपनी हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड के गुरुग्राम स्थित परिसर पर छापेमारी की थी। कंपनी ने कहा है कि उसे कानूनी प्रक्रिया पर भरोसा है और वह सभी अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रही है। अरोड़ा को चंडीगढ़ से सड़क मार्ग द्वारा गुरुग्राम लाया गया, जहां धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत ने उन्हें सात दिन की ईडी की हिरासत में भेज दिया। हालांकि, ईडी ने 10 दिन की हिरासत का अनुरोध किया था। मंत्री के वकील ने बताया कि ईडी ने यह मामला पांच मई को दर्ज किया और नौ मई को गिरफ्तारी हुई।

उन्होंने इसे राजनीति से प्रेरित कार्वाई बताया। ईडी के अनुसार, धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ताजा जांच 100 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मोबाइल फोन की फर्जी जीएसटी (माल एवं सेवा कर) खरीद और उसके बाद निर्यात के जरिये कथित अवैध धन को दुबई से भारत वापस लाने से जुड़ी है।

### मां हमारी पहली शिक्षक, पहली मित्र

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मातृ दिवस (मदर्स डे) के अवसर पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मां हमारी पहली शिक्षक और हमारी पहली मित्र दोनों होती हैं और उन्होंने सभी माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया। गांधी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, मां हमारी पहली शिक्षक और पहली मित्र दोनों होती हैं। वह कोमलता, त्याग, करुणा और प्रेम का प्रतीक हैं और सिर पर मां का हाथ रखना दुनिया में सबसे बड़ी ताकत का स्रोत है। गांधी ने इंस्टाग्राम पर अपनी मां सोनिया गांधी को गले लगाते हुए एक तस्वीर भी साझा की।

# तमिलनाडु का कर्ज अनुमेय सीमा में : स्टालिन

एजेंसी



चेन्नई। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एमके स्टालिन ने रविवार को कहा कि तमिलनाडु का कर्ज अनुमेय सीमा के भीतर ही है। उनकी यह टिप्पणी मुख्यमंत्री चंद्रशेखर जोसेफ विजय के उस आरोप के कुछ घंटों बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि पिछली सरकार ने राज्य पर 10 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लाद दिया है और खजाने को खाली कर दिया है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, तमिलनाडु का ज ण स्तर अनुमेय सीमा के भीतर है। अभी से यह कहना शुरू न करें कि सरकार के पास पैसे नहीं हैं। उन्होंने कहा, हमने फरवरी के बजट में ही तमिलनाडु सरकार की वित्तीय स्थिति स्पष्ट रूप से बता दी थी। क्या आपको यह जानकारी नहीं थी? इसके बाद ही आपने जनता से इतने सारे वादे किए। जिन लोगों ने आपको वोट दिया है, उन्हें धोखा न दें और मुद्दे को भटकाने की कोशिश न करें।

स्टालिन ने कहा कि विजय ने हाल ही में प्रशासनिक जिम्मेदारियां संभाली हैं, इसलिए वह धीरे-धीरे शासन और चुनावी वादों को पूरा करने में आने वाली चुनौतियों को समझ जाएंगे। विजय को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई देते हुए द्रमुक प्रमुख ने कहा, विजयी टीवीके नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को इस जिम्मेदारी को संभालने पर मैं अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

## इंटरटेनमेंट...

# सलमान की फिल्म में दिखेंगे कई दमदार अवतार



**मुंबई।** सलमान खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर दमदार वापसी की तैयारी में हैं। इस बार चर्चा सिर्फ उनकी नई फिल्म की नहीं, बल्कि उनके जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन की भी हो रही है। खबर है कि सलमान के नए लुक के पीछे वही नाम है, जिसने हाल ही में धुरंधर में अपने मेकअप और प्रोस्थेटिक्स से लोगों को चौंका दिया था। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट्स के मुताबिक, निमार्ता दिल राजू और निर्देशक वामशी पेडिपल्ली की अपकमिंग एक्शन एंटरटेनर के लिए मेकर्स ने मशहूर मेकअप आर्टिस्ट प्रीतिशील सिंह को टीम में शामिल किया है। प्रीतिशील सिंह वही आर्टिस्ट हैं, जिनके काम की 'धुरंधर' में काफी तारीफ हुई थी। अब उन्होंने सलमान खान के लिए भी ऐसा लुक तैयार किया है, जिसे पहले कभी स्क्रीन पर नहीं देखा गया। सूत्रों की मानें तो फिल्म में सलमान खान कई अलग-अलग अवतारों में नजर आएंगे। इन लुक्स को बेहद डिटेलिंग के साथ डिजाइन किया गया है, ताकि हर किरदार और एक्शन सीक्वेंस में उनका स्क्रीन प्रेजेंस अलग दिखाई दे। सलमान खुद भी अपने इस मेकओवर से काफी खुश बताए जा रहे हैं और फिल्म को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं। फिल्म में सलमान के साथ साउथ स्टार नयनतारा नजर आएंगी। दोनों पहली बार स्क्रीन शेयर करेंगे।

**धुरंधर की मेकअप आर्टिस्ट ने बदला सलमान का लुक**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, शूटिंग के दौरान दोनों की केमिस्ट्री काफी अच्छी देखने को मिल रही है और मेकर्स को उम्मीद है कि यह फ्रेश जोड़ी दर्शकों को पसंद आएगी। फिल्म की शूटिंग फिलहाल मुंबई में चल रही है। हालांकि अभी तक फिल्म के टाइटल का ऑफिशियल ऐलान नहीं हुआ है। इस फिल्म को अस्थायी नाम एस३63 दिया गया है, लेकिन कहा जा रहा है कि अगले दो हफ्तों में इसका टाइटल लॉन्च वीडियो रिलीज किया जाएगा। मेकर्स को भरोसा है कि फिल्म का टाइटल और सलमान का नया लुक सोशल मीडिया पर बड़ा चर्चा का विषय बनेगा। दिल राजू के प्रोडक्शन में बन रही यह फिल्म ईद 2027 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# एल्विश यादव से 10 करोड़ की रंगदारी मांगी

**मुंबई।** यूट्यूबर एलविश यादव से लॉरेंस गैंग ने 10 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी है। विदेशी नंबर से उन्हें धमकी भरा मैसेज भेजा गया। एलविश अभी लाफ्टर सेफ नाम का शो कर रहे हैं। शो की शूटिंग के चलते अभी एलविश अभी गुरुग्राम से बाहर है। पारिवारिक सदस्यों का कहना है कि आरोपी ने धमकी में कहा- 2 दिन में पैसे नहीं दिए गए तो गोली मार देंगे। मामले की सूचना पर सेक्टर 56 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले उनके सेक्टर 56 स्थित घर पर 17 अगस्त की सुबह 6 बजे ताबड़तोड़ फायरिंग की गई थी। आरोपियों ने एल्विश के घर पर 24 गोलियां राउंड फायरिंग की थी। मामले में दिल्ली पुलिस ने 2 शूटरों को गिरफ्तार किया था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि एल्विश यादव ने अपनी शिकायत में बताया कि 5 मई को उनके पास विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई थी। वह उस समय कॉल रिसीव नहीं कर पाए। इसके कुछ देर बाद उन्हें विदेशी नंबर से ही एक व्हाट्सएप मैसेज आया। जिसमें धमकी भरी बातें लिखी थीं। मैसेज करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नजदीकी रणदीप मलिक बताया और 10 करोड़ रुपए की डिमांड की। यह राशि दो दिन के अंदर देने के लिए कहा गया है।

**लॉरेंस गैंग की 2 दिन में गोली मारने की धमकी गुरुग्राम घर पर 24 गोलियां चली थीं**

### आरती ने लंदन के मंच पर पैडिंगटन की करुणा को किया जीवंत

लंदन। पुरस्कार विजेता मंचीय प्रस्तुति पैडिंगटनः द म्यूजिकल के कार्टून किरदार पैडिंगटन (एक भालू) के किरदार को अपने अभिनय से जीवंत करने वाली अभिनेत्री आरती शाह का कहना है कि इस लोकप्रिय किरदार का मुख्य संदेश आज की दुनिया के लिए तात्कालिक आवश्यकता है। शाह ने दिए एक साक्षात्कार में कहा,"पैडिंगटन करुणा का प्रतीक है, और इस समय दुनिया को करुणा की ही जरूरत है। उन्होंने कहा इस समय दुनिया बहुत मुश्किल दौर से गुजर रही है। चारों ओर बहुत कुछ घट रहा है, हर तरफ नकारात्मकता की गूंज है, और इस समय महंगाई का बोलबाला है। लेकिन एक चीज जो मुफ्त है।

# 'पति पत्नी और वो 2' स्टार्स ने दिए रिलेशनशिप टिप्स

मुंबई। फिल्म 'पति पत्नी और वो 2' में आयुष्मान खुराना एक ऐसे पति प्रजापति पांडे के किरदार में नजर आएंगे, जिसे बेहद समझदार, भरोसेमंद और परिवार को महत्व देने वाला दिखाया गया है।

फिल्म के इसी रिश्तों वाले पहलू पर खास बातचीत में वामिका गब्बी, सारा अली खान और रकुल प्रीत सिंह ने खुलकर अपनी राय रखी। बातचीत के दौरान तीनों एक्ट्रेसेस ने लॉयल पार्टनर, रिश्तों में भरोसा, रेड फ्लैग-ग्रीन फ्लैग, रिलेशनशिप सलाह और अपनी निजी सोच से जुड़े कई दिलचस्प जवाब दिए। साथ ही उन्होंने बताया कि तनावभरी जिंदगी में खुद को शांत कैसे रखती हैं और क्यों फैमिली एंटरटेनर फिल्में हमेशा लोगों के दिल के करीब रहती हैं। सारा, अगर आपको ऐसा परफेक्ट लाइफ पार्टनर मिले तो सबसे पहले क्या सोचेंगी

**सारा परफेक्ट पति पर होगा शक, वामिका रकुल ने बताए रिश्तों के असली ग्रीन फ्लैग**




जवाब/ सारा अली खानः फिल्म में प्रजापति पांडे को बहुत ईमानदार और अच्छा इंसान दिखाया गया है। अगर असल जिंदगी में ऐसा कोई मिला, तो शायद मैं पहले यही सोचूंगी कि इतना परफेक्ट इंसान सच में हो सकता है या नहीं। आपके हिसाब से रिश्ते में सबसे बड़ा रेड फ्लैग और ग्रीन फ्लैग क्या होता है? जवाब/ वामिका गब्बीः जो इंसान जानवरों या किसी भी जीवित चीज के प्रति संवेदनशील नहीं है, वो मेरे लिए रेड फ्लैग है।

वहीं जो प्यार और सम्मान देना जानता हो, वो ग्रीन फ्लैग है। सारा, आपके लिए रिश्ते में सबसे जरूरी चीज क्या है? जवाब/ सारा अली खानः मेरे लिए झूठ बोलना सबसे बड़ा रेड फ्लैग है। वहीं ऐसा इंसान जो आपको खुश रख सके और हंसा सके, वो सबसे बड़ा ग्रीन फ्लैग है। रकुल, एक अच्छे पार्टनर में कौन-सी क्वालिटी सबसे खास लगती है? जवाब/ रकुल प्रीत सिंहः जो इंसान आपकी सफलता से खुश हो और हर कदम पर आपका सपोर्ट सिस्टम बने, वही सबसे अच्छा पार्टनर होता है। क्या रिलेशनशिप में दूसरों की सलाह जरूरी होती है?




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com